www.navpradesh.com
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
दैनिक नवप्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ◆◆ 2 | छत्तीसगढ़ 4 | अभिव्यक्ति 9 | कारोबार/खेल

रायपुर, मंगलवार, 18 अगस्त 2026 शुक्ल पक्ष-षष्ठी, विक्रम संवत -2083 / वर्ष-15 अंक- 189 पृष्ठ-12 मूल्य-5 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

नितिन नबीन की नई टीम का ऐलान, राम माधव, स्मृति ईरानी की एंट्री, वसुंधरा को अहम जिम्मेदारी

नई दिल्ली/ए.। भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन ने पद संभालने के 209 दिन बाद सोमवार को 65 सदस्यों की कार्यकारिणी का ऐलान कर दिया। राम माधव को उपाध्यक्ष और स्मृति ईरानी को महासचिव बनाकर वापस लाया गया है। भाजपा आईटी सेल के प्रभारी अमित मालवीय को हटा दिया गया है। दीपक म्हस्के उनकी जगह लेंगे। वहीं, राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे उपाध्यक्ष बनी रहेंगी। राष्ट्रीय संगठन मंत्री बीएल संतोष भी पद पर बने ■ शेष पृष्ठ 8 पर

नितिन 209 दिन पहले भाजपा अध्यक्ष बने

नितिन नवीन 209 दिन पहले भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बने थे। उन्होंने जेपी नड्डा की जगह संभाली थी। उन्हें निर्विरोध चुना गया था। नितिन नवीन 45 साल की उम्र में भाजपा के सबसे युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष बने।

नाम	पद	राज्य
बी.एल. संतोष	रा. संगठन महामंत्री	दिल्ली
शिवप्रकाश	रा. संयुक्त संगठन महामंत्री	मुंबई
सौदान सिंह	रा. संयुक्त संगठन महामंत्री	चंडीगढ़
पीयूष गोयल	रा. कोषाध्यक्ष	महाराष्ट्र
राजेश मंगल	रा. संयुक्त कोषाध्यक्ष	राजस्थान

■ भाजपा आईटी सेल के इंचार्ज अमित मालवीय हटाए गए

■ बीएल संतोष संगठन महामंत्री बने रहेंगे

भाजपा के 13 राष्ट्रीय उपाध्यक्ष

नाम	राज्य
वसुंधरा राजे सिंधिया	राजस्थान
तीरथ सिंह रावत	उत्तराखंड
राम माधव	दिल्ली
बैजयंत पांडा	ओडिशा
डी. पुरंदेश्वरी	आंध्र प्रदेश
रेखा वर्मा	उत्तर प्रदेश
वर्षाबेन नरेंद्रभाई दोशी	गुजरात
डॉ. भारती प्रवीण पवार	महाराष्ट्र
मनप्रीत सिंह बादल	पंजाब
लाल सिंह आर्य	मध्य प्रदेश
प्रो. एम. नागराजा	कर्नाटक
प्रो. तारिक मंसूर	उत्तर प्रदेश
मधुचंद्र कर	प. बंगाल

भाजपा के आठ राष्ट्रीय महासचिव

नाम	राज्य
विनोद तावड़े	महाराष्ट्र
सुनील बंसल	दिल्ली
बिप्लब कुमार देब	त्रिपुरा
स्मृति ईरानी	उत्तर प्रदेश
हरीश द्विवेदी	उत्तर प्रदेश
सतीश पूनिया	राजस्थान
गजेंद्र पटेल	मध्य प्रदेश
संजय भाटिया	हरियाणा

रूप कुमारी महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष दीपक महस्के को सोशल मीडिया की कमान

रायपुर/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी अध्यक्ष नितिन नबीन की चिर प्रतिक्षित नई टीम का आज ऐलान हो गया है। टीम में छत्तीसगढ़ को भी प्रतिनिधित्व दिया गया है, जिसमें महासमुंद सांसद रूप कुमारी चौधरी को महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष ■ शेष पृष्ठ 8 पर

शिक्षक बनने से लेकर सोशल मीडिया तक का सफर

नितिन नबीन की टीम में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करने वाले दूसरे शख्स दीपक महस्के वर्तमान में छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेज कॉर्पोरेशन लिमिटेड के अध्यक्ष हैं। इनकी पार्टी के भीतर पहचान संगठनात्मक रणनीतिकार, आईटी/सोशल मीडिया और मीडिया क्षेत्र में सक्रिय नेता के तौर पर है। दीपक महस्के की भाजपा में प्रमुख पहचान आईटी सेल और डिजिटल संगठन से बनी। वर्ष 2014 में वे छत्तीसगढ़ भाजपा के आईटी सेल के प्रदेश संयोजक के तौर पर पार्टी के चुनावी अभियान में सोशल मीडिया और तकनीक के इस्तेमाल को लेकर सक्रिय थे। उस समय भाजपा ने चुनावी समन्वय के लिए हाईटेक कॉल सेंटर और ■ शेष पृष्ठ 8 पर

आज बेबाक

ये तो वही बात हो गई कि वो करें तो रासलीला और मैं करूं तो साला कैरेक्टर ढीला है...। तिलचट्टे पीएम को गंदी- गंदी गालियां देकर उसे मजाक बताएं और पीएम लालकिले की प्राचीर से दिमागी नक्सली की बात करें तो बुरा मान जाएं। उन्होंने किसी का नाम नहीं लिया लेकिन नाली के कीड़े कुलबुलाने लगे। दर्द से बिलबिलाते हुए गाने लगे - हम पे ये किसने लाल हिट डाला... हाय मार डाला...। काकरोच के साथ ही कुछ विपक्षी नेता भी तमतमाने लगे मानो किसी ने उनकी दुखती रग पर हाथ रख दिया हो। लगता है नक्सली उनके सगे वाले हैं।

रूस का यूक्रेन पर मिसाइल हमला, मित्तल के स्टील प्लांट को बनाया निशाना, दो की मौत

नई दिल्ली /ए. रूस ने यूक्रेन के क्रिवी रिह शहर में भारतीय अरबपति लक्ष्मी मित्तल की कंपनी आर्सेलरमित्तल के स्टील प्लांट पर मिसाइल हमला किया। हमले में दो लोगों की मौत हो गई और 13 कर्मचारी व ठेकेदार घायल हुए हैं। यह यूक्रेन का सबसे बड़ा स्टील प्लांट है। हमले के बाद प्लांट में प्रोडक्शन का कुछ काम रोकना पड़ा। प्लांट की ऊर्जा व्यवस्था और ब्लास्ट फर्नेस से जुड़े अहम हिस्सों को नुकसान पहुंचा है। हमले के बाद दमकलकर्मी, बचाव दल और मेडिकल टीमें मौके पर पहुंचीं। राहत और बचाव का काम जारी है। इस प्लांट पर रूस पहले भी हमला कर चुका है। 2022 में हुए रूसी मिसाइल हमले में प्लांट की एक रोलिंग मिल नष्ट हो गई थी।

गरमा-गरम

बिहार-उज्जैन में हादसे : सावन सोमवार और नागपंचमी पर शिव मंदिरों में उमड़ी भारी भीड़

लखीसराय के मंदिर में करंट की अफवाह से भगदड़, 7 महिलाओं की मौत, 24 घायल

लखीसराय/ए.। सावन की तीसरी सोमवारी की सुबह इंद्रदमनेश्वर महादेव मंदिर अशोकधाम में आस्था का सैलाब अचानक मातम में बदल गया। मंदिर के दक्षिणी द्वार से अशोकधाम स्टेशन मार्ग के बीच भीड़ बेकाबू होने के बाद मची भगदड़ में सात महिला श्रद्धालुओं की मौत हो गई, जबकि 24 श्रद्धालु घायल हो गए। घायलों में 19 का इलाज सदर अस्पताल और पांच का शहर के निजी अस्पतालों में चल रहा है। मृतकों में लखीसराय, मुंगेर और पटना जिले की महिलाएं शामिल हैं।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सोमवार की सुबह मंदिर गेट से लेकर दृष्टिकिरण के आसपास तक श्रद्धालुओं की भारी भीड़ थी। इसी बीच सुबह 5:42 बजे अशोकधाम स्टेशन पर मोकामा-बैद्यनाथधाम मेला स्पेशल ट्रेन रुकी। ट्रेन से सैकड़ों श्रद्धालु उतरकर बोलबम का जयघोष करते हुए मंदिर की ओर बढ़ने लगे। पहले से मौजूद भीड़ के साथ इनके जुड़ने से मार्ग पर दबाव काफी बढ़ गया। इसी दौरान दृष्टिकिरण के आसपास लगा एक जर्जर विद्युत ■ शेष पृष्ठ 8 पर

लखीसराय हादसे में मृतकों के नाम

1. मनमाला देवी (44), पति निरंजन कुमार, बड़हिया वार्ड 12, लखीसराय, 2. रिंकू देवी (50), पति नीरज यादव, बऊटोला फरदा, मुंगेर, 3. हेमलता देवी (55), पति सुरेंद्र यादव, प्रतापपुर, हलसी, लखीसराय, 4. ललिता देवी (50), पति गोरेलाल यादव, प्रतापपुर, हलसी, लखीसराय, 5. सविता कुमारी (35), पति रणवीर यादव, प्रतापपुर, हलसी, लखीसराय, 6. सरोज देवी (65), पति जनार्दन सिंह, बकांवा भदौर, पटना, 7. सावित्री देवी (49), पति मोहन यादव, चननिया, लखीसराय।

सीएम चौधरी ने किया मुआवजे का एलान

लखीसराय के अशोकधाम की घटना पर सीएम सम्राट चौधरी ने दुख जताया है और मृतकों के लिए 4-4 लाख रुपये के मुआवजे का एलान किया है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि यह घटना अत्यंत दु:खद एवं हृदयविदारक है। उन्होंने कहा कि हादसे में श्रद्धालुओं की मृत्यु की खबर से मन व्यथित है। शोक संतप्त परिवारों के प्रति गहरी संवेदनाएं हैं। सीएम ने बताया कि घायलों के समुचित एवं त्वरित इलाज के लिए प्रशासन को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं।

पश्चिम बंगाल में बीरभूम के होटल में आग, 8 की मौत, 9 झुलसे

बीरभूम/ए.। पश्चिम बंगाल के बीरभूम जिले में तारापीठ मंदिर के पास एक होटल में आग लगने से 8 लोगों की मौत हो गई, जबकि 9 लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। शुरुआती जानकारी के मुताबिक, आग शॉर्ट सर्किट की वजह से लगने की आशंका है। घायलों को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल भेजा गया है। बीरभूम के एसपी विदित राज भुंडेश के मुताबिक, होटल के बाहर से धुआं या आग की लपटें दिखाई नहीं दे रही थीं। पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीमों ने सीढ़ियों की मदद से 22 लोगों को बाहर निकाला, जबकि 11 लोगों को अस्पताल भेजा गया। होटल संचालकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर उन्हें हिरासत में लिया गया है। मामले की जांच के लिए एफएसएल टीम भी मौके पर पहुंचेगी।

उज्जैन महाकाल परिसर के नागचंद्रेश्वर मंदिर में भगदड़ जैसे हालात, 13 घायल

उज्जैन/नवप्रदेश। उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर परिसर में सोमवार को भगदड़ जैसे हालात बन गए। बताया जा रहा है कि यहां करंट फैलने की अफवाह फैली थी। लोग-एक दूसरे के ऊपर गिर गए। दबाव बढ़ने से 13 लोगों को चोट आई है। प्राथमिक इलाज के बाद 3 को छोड़कर सभी को डिस्चार्ज कर दिया गया है। पुलिस के मुताबिक, यहां नागचंद्रेश्वर भगवान के दर्शन के लिए करीब 40 हजार श्रद्धालु लाइन में लगे हैं। अब तक करीब 5.50 लाख श्रद्धालु नागचंद्रेश्वर के दर्शन कर चुके हैं। यह मंदिर महाकाल मंदिर की तीसरी मंजिल पर है। यह नागपंचमी के दिन ही खोला जाता है। जिन श्रद्धालुओं की तबीयत बिगड़ी उन्हें उज्जैन जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है। पुलिस और प्रशासन ने मौके पर पहुंचकर स्थिति संभाल ली है। फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है। हालांकि घायलों ने भीड़ प्रबंधन में लापरवाही और मदद मिलने में देरी का आरोप लगाया।

राम मंदिर दान का होगा हिसाब एसआईटी को सुको की फटकार

■ रिपोर्ट सीलबंद लिफाफे में दाखिल करने के निर्देश

नई दिल्ली/ए.। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को अयोध्या में राम मंदिर के लिए मिले दान में कथित हेराफेरी की जांच कर रही कोर्ट द्वारा गठित विशेष जांच टीम एसआईटी से अपनी जांच में तेजी लाने और दो सप्ताह में सीलबंद स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया है। चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्य बागची तथा वी. मोहना की पीठ ने एसआईटी को दान में कथित चोरी के मामले में अब तक हुई जांच की प्रगति की स्टेटस रिपोर्ट सीलबंद ■ शेष पृष्ठ 8 पर

चार सदस्यीय एसआईटी गठन पर लिया था संज्ञान

इससे पहले 27 जुलाई को सुप्रीम कोर्ट ने राम मंदिर में दान की कथित हेराफेरी की जांच के लिए आईजीपी किरण एस. की अध्यक्षता में गठित चार सदस्यीय एसआईटी का संज्ञान लिया था। कोर्ट ने उत्तर प्रदेश सरकार से जांच टीम में एक फॉरेंसिक ऑडिटर को शामिल करने के लिए भी कहा था।

7 दिन में फाइनल करें हवाई किराया नियम : सुप्रीम कोर्ट

■ अगर एयरलाइंस न माने तो प्लेन खड़ा कर दें, सरकार ने 3 हफ्ते मांगे थे

नई दिल्ली/ए.। हवाई किराए में मनमानी बढ़ोतरी और यात्रियों से लिए जाने वाले अतिरिक्त चार्ज पर सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को सख्त रुख अपनाया है। सुनवाई के दौरान केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि विमानन क्षेत्र के लिए नए नियमों को अंतिम रूप देने का काम तेज कर दिया गया है।

सरकार ने इसके लिए तीन हफ्ते का समय मांगा, लेकिन कोर्ट ने कहा 'इसे सात दिन के भीतर प्रकाशित कीजिए। अगर एयरलाइंस पालन नहीं कर रही हैं तो उन्हें जमीन पर खड़ा कर दीजिए।' मामले की अगली सुनवाई अब 7 सितंबर को होगी। मामला पिछले साल नवंबर 2025 में सुप्रीम कोर्ट पहुंचा था, जब किराए में बढ़ोतरी, हिडन चार्ज जैसे ■ शेष पृष्ठ 8 पर

जेएसएससी दफ्तर पर सीआईडी का छापा, सचिव गुप्ता से पूछताछ

रांची/नवप्रदेश। सीआईडी ने सोमवार 17 अगस्त को झारखंड की राजधानी रांची में झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) के दफ्तर पर छापा मारा। सीआईडी की टीम आयोग के दफ्तर पहुंची और जेएसएससी के सचिव सुधीर गुप्ता से पूछताछ की।

बता दें कि झारखंड में प्रतियोगी परीक्षाओं में गड़बड़ी के मामले में विशेषतौर पर झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) में गड़बड़ी के खिलाफछात्र पिछले 24 दिनों से आंदोलन कर रहे हैं। अब झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) की सीजीएल परीक्षा में अनियमितता और पेपर लीक के मामले में आज सीआईडी ने यह कार्रवाई की।

जेएसएससी सीजीएल परीक्षा मामले में सीआईडी की टीम सुबूत जुटाने के लिए लगातार एक्टिव है। इसी कड़ी में आज सीआईटी की टीम ने रांची में नामकुम ■ शेष पृष्ठ 8 पर

राहुल-सोनिया गांधी पर वंदे मातरम के अपमान का आरोप, जांच शुरू

नई दिल्ली/ए.। दिल्ली पुलिस ने राहुल और सोनिया गांधी के खिलाफ वंदे मातरम के अपमान से जुड़े मामले की जांच शुरू कर दी है। शिकायत 16 अगस्त को आईपी एस्टेट थाने में एक वकील ने दी थी। इसमें दोनों नेताओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की गई है।

शिकायतकर्ता का आरोप है कि वंदे मातरम के शुरुआती हिस्से के बाद सोनिया गांधी ने कुछ इशारे किए, जिन्हें गाना जारी रखने पर आपत्ति के तौर पर देखा गया। शिकायत में एक वीडियो का भी जिक्र है।

सीएम साय ने पहले की खेत में बियासी फिर पूजा-अर्चना

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सोमवार की सुबह जशपुर जिले के अपने गृहग्राम बगिया में खेत पहुंचे और पारंपरिक रूप से बैलों की जोड़ी के साथ हल चलाकर बियासी की। खेत में उतरकर हल की मूठ थामे मुख्यमंत्री श्री साय सहज ही एक किसान की भूमिका में नजर आए। बाद में मुख्यमंत्री अपनी धर्मपत्नी कौशल्या साय के साथ गृहग्राम बगिया स्थित फलेश्वरनाथ महादेव मंदिर में भगवान शिव का अभिषेक कर प्रदेशवासियों की सुख,शांति, समृद्धि और खुशहाली के साथ छत्तीगसढ़ की निरंतर प्रगति की मंगलकामना की । मंदिर में 1 लाख 11 हजार 111 पार्थिव शिवलिंग के निर्माण एवं पूजन का तीन दिवसीय विशेष अनुष्ठान किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने श्रद्धालुओं के साथ अपने हाथ से पार्थिव शिवलिंग का निर्माण भी किया।

चिदंबरम, महबूबा और केजरीवाल ने खुद को बताया 'दिमागी नक्सली'

■ पीएम मोदी की टिप्पणी पर देश में सियासी घमासान

नई दिल्ली/ए.। पीएम मोदी ने स्वतंत्रता दिवस पर दिए भाषण में 'दिमागी नक्सली' वाली टिप्पणी की थी। जिसके बाद इस मुद्दे पर देश में सियासी घमासान दिख रहा है। पूर्व केंद्रीय मंत्री पी.चिदंबरम, पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल और पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती जैसे सीनियर नेताओं ने खुद को 'दिमागी नक्सली' बताया है, जबकि किरेन रिजिजू ने कहा था कि दिमागी नक्सली वही है जो संविधान को ■ शेष पृष्ठ 8 पर

हर बुद्धिजीवी को बदनाम करने की नीयत: चिदंबरम

पूर्व केंद्रीय मंत्री पी चिदंबरम ने 16 अगस्त को कहा था 'विपक्ष का मानना है कि सरकार अपनी नीतियों पर सवाल उठाने वाले हर बुद्धिजीवी, पत्रकार और नेता को 'अर्बन नक्सल' या 'दिमागी नक्सल' कहकर बदनाम करना चाहती है।

मैं दिमागी नक्सली हूं, क्योंकि देशभक्त हूं: केजरीवाल

दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आप संयोजक अरविंद केजरीवाल ने सोशल मीडिया पर वर्टिकल फॉर्म वीडियो जारी करते हुए कहा कि मैं दिमागी नक्सली हूं, क्योंकि मैं देशभक्त हूं और मुझे इस पर गर्व है। केजरीवाल ने ■ शेष पृष्ठ 8 पर

चिंता : लालकिले से प्रधानमंत्री का संदेश, नक्सल समस्या खत्म, लेकिन इसे जन्म देने वाली सोच को पहचानना जरूरी

नक्सलवाद की विदाई के बाद अब 'विचारधारा' पर वार की चुनौती

■ बस्तर के अनुभवों से उठे सवाल दूरस्थ गांवों में सरकारी तंत्र का भरोसा कायम करना भी जरूरी

अनिल सामंत/नव प्रदेश

देश के सबसे लंबे और सबसे कठिन नक्सल संघर्ष का केंद्र रहे बस्तर में आज परिस्थितियां तेजी से बदल रही हैं। कभी नक्सल हिंसा के साये में रहने वाले दक्षिण बस्तर के अनेक इलाकों में अब राष्ट्रीय पर्व खुले माहौल में मनाया गया। इसी बदले हुए बस्तर की पृष्ठभूमि को ■ शेष पृष्ठ 8 पर

नव प्रदेश विशेष

विचारधारा के मोर्चे पर भी चुनौती

नक्सल मामलों के जानकारों का मानना है कि सुरक्षा अभियान की सफलता के साथ वैचारिक स्तर पर भी हिंसक उग्रवाद के समर्थन को चुनौती देना जरूरी है। महानगरों में सक्रिय ऐसे तत्वों की भूमिका, जिन पर हिंसक नक्सल विचारधारा के समर्थन या उसके प्रचार-प्रसार के आरोप लगते रहे हैं, की निष्पक्ष जांच और कानून के दायरे में कार्रवाई को इस चुनौती का हिस्सा माना जा रहा है। हालांकि किसी व्यक्ति या समूह को केवल विचारधारा के आधार पर अपराधी ठहराने के बजाय ठोस साक्ष्यों और कानून सम्मत प्रक्रिया के आधार पर कार्रवाई किए जाने की आवश्यकता भी उतनी ही महत्वपूर्ण है।

विकास, न्याय और प्रशासनिक संवेदनशीलता जरूरी

बस्तर का सबक यही है कि बंदूक के बाद भरोसा सबसे बड़ा हथियार है। नक्सलवाद के खिलाफ निर्णायक सफलता तभी स्थायी मानी जाएगी, जब सुरक्षा के साथ विकास, न्याय, प्रशासनिक संवेदनशीलता और ग्रामीणों के विश्वास की मजबूत नींव भी कायम हो। प्रधानमंत्री के संदेश ने जहां वैचारिक चुनौती की ओर ध्यान खींचा है,वहीं बस्तर का अनुभव यह बताता है कि शांति को स्थायी बनाने के लिए शासन और जनता के बीच भरोसे की दूरी खत्म करना भी उतना ही जरूरी है।

कभी तिरंगा फहराना भी चुनौती माना जाता था

सुकमा जैसे संवेदनशील क्षेत्र में लंबे समय से नक्सल विरोधी सामाजिक गतिविधियों से जुड़े युवा फारूक अली का कहना है कि दक्षिण बस्तर के उन अंदरूनी क्षेत्रों में स्वतंत्रता दिवस का निर्भय और गरिमापूर्ण आयोजन, जहां कभी तिरंगा फहराना भी चुनौती माना जाता था, बदलाव का बड़ा संकेत है। उनका कहना है कि नक्सल हिंसा में बड़ी संख्या में सुरक्षा जवानों और अधिकारियों ने अपने प्राण गंवाए हैं। अब बस्तर में शांति के साथ देश के अन्य हिस्सों में मौजूद हिंसक नक्सली विचारधारा के नेटवर्क और उसके समर्थक ढांचे की भी कानून के अनुसार पहचान जरूरी है।

समस्त क्षेत्रवासियों को
15 अगस्त
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं...
आइए, इस स्वतंत्रता दिवस पर हम सब मिलकर देश की एकता, अखंडता और समृद्धि के लिए नए संकल्प लें और अपने कर्तव्यों का निष्ठा से पालन करें।
जय हिन्द! जय भारत!
राधेश्याम फ्यूल्स
लिंक रोड, जनपद ऑफिस के सामने भाटापारा मो.93004-35666
IndianOil
- राधेश्याम फ्यूल
- राधेश्याम बस सर्विस
- सिटी Plex सिनेमा भाटापारा
एसी बस उपलब्ध
दीपक शुक्ला
सुदीप शुक्ला
एकता हमारी पहचान, स्वतंत्रता हमारी शान, विकसित भारत हमारा अभियान

oppo
Reno16 Series 5G
Happy Raksha Bandhan
DOUBLE Bonanza
Offer Period: 5th Aug'26 to 15th Aug'26
Happy Independence Day
Lavie Sports Duffel Bag Worth Rs 11990/- Free*
FREE
Bubble
Enco Buds3 Pro+
RENO16 5G
₹ 61,999/-
₹ 67,999/-
₹ 46,999/-
RENO16c 5G
₹ 49,999/-
₹ 55,999/-
Celebrate Freedom. Celebrate Bond.
Unity in Independence. Strength in Relationship.
ColorOS

15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की बधाई
जनपद पंचायत भाटापारा
ग्राम पंचायत पासिद
श्री नोहर सिंग बया
सरपंच
श्री संतोष कुमार ध्रुव
सचिव

15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस
की बधाई एवं शुभकामनाएं..
सुनिल (गोलू) यदु
जिला उपाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी
बलौदाबाजार भाटापारा

स्वतंत्रता दिवस हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में
डॉ. अरुण छाबड़ा (बंटी)

15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की बधाई
जनपद पंचायत भाटापारा
ग्राम पंचायत खैरा
श्रीमती छुन्नी साहू
सरपंच
श्री बद्री प्रसाद निषाद
सचिव

15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की बधाई
MODERN ENGLISH SCHOOL BHATAPARA
(Run Under The Shri Sai Samiti)
AN ENGLISH MEDIUM SCHOOL
FOR CLASSES NURSERY TO VIII
"Enriching Minds, Changing Lives"
ज्ञानवर्धक उत्तम सुविधाएँ :-
पूर्ण हरियाली, फूल-पौधे युक्त स्वच्छ वातावरण।
सी.सी.टी.वी. कैमरों से युक्त विद्यालय परिसर।
शैक्षणिक, खेल एवं सहभागी गतिविधियों के पुरस्कार समारोहों का आयोजन
प्रशिक्षित एवं योग्य शिक्षक-शिक्षिकाएँ।
नवीन साफ्टवेयर युक्त कम्प्युटर प्रयोगशाला।
सर्वसुविधा युक्त स्मार्ट क्लास।
विद्यार्थियों के लिए झूले, फिसलपट्टी व अन्य शैक्षणिक खेल सामग्री।
खेल-खेल में शैक्षणिक गतिविधियाँ।
शिक्षा में कमजोर विद्यार्थियों के लिए विशेष कक्षाएँ।
TARENGA ROAD, NAKA NO. 1 BHATAPARA MOB: 9329129242,9827963700

प्रवेश प्रारंभ 2026-27
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएँ
प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना का कोर्स प्रारंभ
बलौदाबाजार जिले का एक मात्र शिक्षा कालेज
जिले का पहला मॉडल आई.टी.आई.
कमलाकांत शुक्ला इंस्टीट्यूट
कमलाकांत शुक्ला प्राईवेट आई.टी.आई. (कोपा)
बीएड. 2 वर्ष (सेमेस्टर प्रणाली)
बी.ए.3 वर्ष (सेमेस्टर प्रणाली)
बी. काम.
कम्प्यूटर एप्लीकेशन 3 वर्ष (सेमेस्टर प्रणाली)
बी.एस.सी. 3 वर्ष (सेमेस्टर प्रणाली)
डी.सी.ए. 1 वर्ष
पी.जी.डी.सी.ए.
बी.सी.ए.3 वर्ष-(सेमेस्टर प्रणाली)
विगत 14 वर्षों से निरंतर उच्च शिक्षा के साथ करें सपनों को साकार
कमलाकांत शुक्ला इंस्टीट्यूट
डी फार्मा पाठ्यक्रम
Affiliated by:
Affiliation
Chhattisgarh Swami Vivekanand Technical University (CSVTU), Durg (C.G.)
Approved by:
Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi, DTE.Govt.Raipur
नई शिक्षा नीति 2020 के तहत पाठ्यक्रम लागू
प्रवेश हेतु महाविद्यालय में संपर्क करें
देवरी रोड, भाटापारा, 96307-36193,70009-65887
लिटिल स्कालर्स-हथनीपारा, भाटापारा,
मिसेस अंजलि मनीष शुक्ला 98261-19418
E-Mail-kksipharma@gmail.com
Website-wwwkksipharma.in
7000966744, 7566182662

15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
शिवरतन शर्मा
लक्ष्मीनारायण शर्मा
वरिष्ठ कार्यकर्ता
विनोद देवांगन
सरपंच, बिटकुली
लक्ष्मी दुकालू ध्रुव
सभापति ज.पं. भाटापारा
सुंदर पाल
सचिव, बिटकुली
आकाशदीप धृतलहरे
उपसरपंच बिटकुली
रामप्रसाद ध्रुव
रमाशंकर जगत
राजकुमार देवांगन
श्रीमती सुखनिया धनीराम ध्रुव
श्रीमती रानी ध्रुव
श्रीमती गायत्री महिलांग
श्रीमती सुल्तान मिर्जा
श्रीमती रंजन फागूराम ध्रुव
श्रीमती अंजू महेश ध्रुव
सौजन्य : सचिव ग्राम पंचायत बिटकुली भाटापारा

औद्योगिक निवेश से रोजगार का नया आधार बन रहा नवा रायपुर अटल नगर

टेक्सटाइल से फार्मा और इलेक्ट्रॉनिक्स से एमएसएमई तक, भविष्य के उद्योगों की मजबूत होती नींव, हजारों युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर

रायपुर/नवप्रदेश। नवा रायपुर अटल नगर अब केवल आधुनिक प्रशासनिक राजधानी के रूप में नहीं, बल्कि निवेश, उद्योग और रोजगार के नए केंद्र के रूप में भी अपनी पहचान मजबूत कर रहा है। सुनियोजित शहरी विकास, बेहतर कनेक्टिविटी और आधुनिक अधोसंरचना के साथ शहर में ऐसे उद्योगों को आकर्षित किया जा रहा है, जो आने वाले वर्षों में प्रदेश की अर्थव्यवस्था और रोजगार के नए अवसरों का आधार बन सकें।

नवा रायपुर में टेक्सटाइल, फार्मा, इलेक्ट्रॉनिक्स, सेमीकंडक्टर और आईटी जैसे भविष्य के उद्योगों को बढ़ावा दिया जा रहा है। औद्योगिक निवेश के इन प्रयासों का उद्देश्य केवल नई औद्योगिक इकाइयां स्थापित करना नहीं, बल्कि विनिर्माण आधारित अर्थव्यवस्था को गति देना और बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर तैयार करना भी है।

टेक्सटाइल पार्कः हजारों रोजगार का नया केंद्रः नवा रायपुर के लेयर-2 स्थित ग्राम कुर्रू में टेक्सटाइल पार्क विकसित किया जा रहा है। विनिर्माण क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए इस परियोजना के लिए सीएसआईडीसी को 100 एकड़ भूमि आवंटित की गई है।टेक्सटाइल क्षेत्र में निवेश की शुरुआत अब जमीन पर भी दिखाई देने लगी है। स्विफ्ट टेक्सटाइल प्राइवेट लिमिटेड ने जून 2026 में 235 करोड़ रुपए के निवेश से गारमेंट मैन्युफैक्चरिंग यूनिट का भूमिपूजन किया है। इस इकाई से करीब 4,650 लोगों को रोजगार मिलने की उम्मीद है। वहीं पुनीत क्रिएशन के साथ 175 करोड़ रुपए के निवेश का समझौता किया गया है। इन परियोजनाओं को मिलाकर टेक्सटाइल पार्क में लगभग 10,000 युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने का लक्ष्य है। इस तरह टेक्सटाइल पार्क नवा रायपुर में विनिर्माण गतिविधियों के विस्तार के साथ रोजगार के नए अवसरों का महत्वपूर्ण केंद्र बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है।

132 एकड़ में बन रहा फार्मा पार्कः स्वास्थ्य और औषधि निर्माण के क्षेत्र में भी नवा रायपुर एक महत्वपूर्ण औद्योगिक केंद्र के रूप में विकसित होने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। सेक्टर-22 में 132 एकड़ भूमि सीएसआईडीसी को आवंटित की गई है, जहां फार्मा पार्क विकसित किया जा रहा है। इस परियोजना में लगभग 2,000 करोड़ रुपए के निवेश और करीब 1,400 रोजगार सृजन का लक्ष्य रखा गया है। फार्मा क्षेत्र की प्रमुख कंपनियों टोरेंट फार्मा, एविला फार्मास्युटिकल्स और विटालिस हेल्थ के साथ कुल 735 करोड़ रुपए के एमओयू किए जा चुके हैं।फार्मा पार्क के विकसित होने से दवा निर्माण के साथ इससे जुड़ी विभिन्न औद्योगिक और सहायक गतिविधियों के विस्तार की संभावनाएं भी बढ़ेंगी।

23 हजार से ज्यादा को रोजगार

टेक्सटाइल पार्क में लगभग 10,000 रोजगार, फार्मा पार्क में करीब 1,400 रोजगार और स्र्स्स्क्ष क्षेत्र में भविष्य में 12,000 से अधिक रोजगार की संभावनाएं—ये सभी मिलकर नवा रायपुर की अर्थव्यवस्था को अधिक विविध और रोजगारोन्मुख बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। इसके साथ ही इलेक्ट्रॉनिक्स, सेमीकंडक्टर और आईटी क्षेत्र में विकसित हो रहा इकोसिस्टम नवा रायपुर की औद्योगिक संभावनाओं को और व्यापक बना रहा है। ई है। औद्योगिक निवेश को शहर की विकास रणनीति से जोड़कर रोजगार आधारित अर्थव्यवस्था तैयार करने की दिशा में कदम बढ़ाए जा रहे हैं।

इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण में भी बढ़ते कदम

भविष्य की अर्थव्यवस्था में इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण की भूमिका लगातार बढ़ रही है। नवा रायपुर ने इस क्षेत्र में भी अपनी मौजूदगी दर्ज कराई है।यश फैंस ने 110 करोड़ रुपए के निवेश से होम अप्लायंसेज निर्माण इकाई शुरू की है। यह निवेश नवा रायपुर में इलेक्ट्रॉनिक्स और घरेलू उपकरण निर्माण के क्षेत्र में औद्योगिक गतिविधियों के विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इसके साथ ही इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र के लिए इलेक्ट्रॉनिक कॉमन फैसिलिटी सेंटर को भारत सरकार से स्वीकृति मिल चुकी है। यहां पीसीबी प्रोटोटाइपिंग, 3डी प्रिंटिंग और ईएमसी टेस्टिंग जैसी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

एमएसएमई बनेंगे औद्योगिक विकास की रीढ़

नवा रायपुर के औद्योगिक विकास की कहानी केवल बड़े निवेशों तक सीमित नहीं है। बड़े उद्योगों के साथ-साथ एमएसएमई क्षेत्र को भी मजबूत आधार दिया जा रहा है।सेक्टर-05 में विनिर्माण उद्योगों के लिए भूमि आवंटित की गई है। यहां वर्तमान में 1,000 से अधिक लोगों को रोजगार मिल रहा है, जबकि भविष्य में 12,000 से अधिक रोजगार सृजित होने की संभावना है।

पहले धरसींवा विधायक अनुज शर्मा व सांसद बृजमोहन के बंगले का होगा घेराव

नकटी प्रभावितों के न्याय के लिए कांग्रेस करेगी आंदोलन

रायपुर/नवप्रदेश। नकटी प्रकरण को लेकर छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा गठित जांच समिति की महत्वपूर्ण बैठक आज राजीव भवन, शंकर नगर, रायपुर में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज जी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में नकटी प्रकरण की अब तक की जांच, प्रभावित परिवारों की समस्याओं, प्रशासनिक कार्रवाई तथा उन्हें न्याय दिलाने के लिए आगामी आंदोलन की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में निर्णय लिया गया कि नकटी के प्रभावित गरीब परिवारों को जब तक न्याय नहीं मिलता, कांग्रेस उनके साथ मिलकर चरणबद्ध एवं निर्णायक आंदोलन जारी रखेगी। सरकार को हठधर्मिता छोड़कर प्रभावित परिवारों का उचित व्यवस्थापन करना होगा तथा जिन गरीबों के मकान तोड़े गए हैं, उन्हें उचित मुआवजा देना होगा। कांग्रेस ने आगामी चरणबद्ध आंदोलन की घोषणा करते हुए तय किया कि पहले चरण में धरसींवा विधायक अनुज शर्मा के बंगले का घेराव किया जाएगा। दूसरे चरण में रायपुर लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल के बंगले का घेराव किया जाएगा। इसके बाद प्रभावित परिवारों के साथ मिलकर एयरपोर्ट मार्ग पर चक्काजाम किया जाएगा।

कांग्रेस नेताओं ने कहा कि नकटी के प्रभावित परिवारों के न्याय के लिए कांग्रेस पहले ही कई स्तरों पर संघर्ष कर चुकी है। प्रभावित परिवारों के साथ कलेक्टर से मुलाकात कर मांग रखी गई, लगातार ज्ञापन सौंपे गए, जनप्रतिनिधियों के आवास एवं मुख्यमंत्री निवास का घेराव किया गया तथा राज्यपाल को भी ज्ञापन एवं स्मरण पत्र सौंपे गए।

बैठक में छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी महामंत्री संगठन मलकीत सिंह गेंदू, पूर्व मंत्री शिवकुमार डहरिया, कांग्रेस संचार विभाग के प्रदेश अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला रायपुर शहर कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष कुमार शंकर मेनन, रायपुर ग्रामीण जिला कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष राजेन्द्र 'पप्पू' बंजारे, पूर्व विधायक श्रीमती अनीता शर्मा, रायपुर ग्रामीण के छाया विधायक पंकज शर्मा, प्रदेश कांग्रेस महामंत्री सकलेन कामदार भावेश बघेल, आशीष वर्मा सहित जांच समिति के सदस्य एवं नकटी प्रकरण के प्रभावित परिवार उपस्थित रहे।

महिलाओं के स्नान स्थल पर कैमरे लगाने का मामला गंभीर

बैठक में नकटी के प्रभावित परिवारों ने अपनी पीड़ा रखते हुए बताया कि महिलाओं के नहाने के तालाब के पास शासन-प्रशासन द्वारा कैमरे लगाए गए हैं और कैमरों के माध्यम से निगरानी रखी जा रही है। इस पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज जी ने कड़ी आपत्ति एवं निंदा व्यक्त करते हुए कहा कि माताओं-बहनों के स्नान करने के स्थान पर कैमरे लगाना बेहद गंभीर और आपत्तिजनक मामला है। महिलाओं की निजता और गरिमा का सम्मान करना शासन-प्रशासन की जिम्मेदारी है। ऐसी कार्रवाई सरकार की ओछी मानसिकता और संवेदनशीलता के अभाव को दर्शाती है। कांग्रेस इस मामले को भी मजबूती से उठाएगी। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्री बैज ने कहा कि नकटी के गरीब प्रभावित परिवार अकेले नहीं हैं। कांग्रेस उनके साथ खड़ी है और जब तक उन्हें न्याय नहीं मिलता, तब तक संघर्ष जारी रहेगा। सरकार को गरीबों की पीड़ा समझनी होगी और तत्काल न्यायपूर्ण समाधान करना होगा।

कांग्रेस नेत्री सुप्रिया श्रीनेत और इन्फ्लुएंसर नेहा पर एफआईआर

सोशल मीडिया पर भ्रामक वीडियो वायरल करने का आरोप

रायपुर/नवप्रदेश। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता और सोशल मीडिया एवं डिजिटल प्लेटफॉर्म्स की चेयरपर्सन सुप्रिया श्रीनेत और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर नेहा राठौर के खिलाफ रायपुर कमिश्नरेट के सिविल लाइन थाने में एफआईआर दर्ज की गई है। दोनों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 336(4), 353(2) और 196 के तहत मामला दर्ज किया गया है। मामले की शिकायत भाजपा प्रवक्ता उज्जवल दीपक की ओर से दर्ज कराई गई है।

पुलिस के अनुसार, शिकायत में सोशल मीडिया के माध्यम से किए गए कथित आपत्तिजनक एवं विवादित प्रचार-प्रसार को लेकर आपत्ति जताई गई है। शिकायतकर्ता की ओर से आरोप लगाया गया है कि संबंधित पोस्ट और बयानों के जरिए ऐसी सामग्री प्रसारित की गई, जिससे सामाजिक स्तर पर भ्रम और विवाद की स्थिति उत्पन्न हो सकती है।

मामले में पुलिस ने शिकायत के आधार पर भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस अब शिकायत में लगाए गए आरोपों, सोशल मीडिया पोस्ट और उनसे जुड़े अन्य तथ्यों की जांच करेगी। जांच के दौरान संबंधित डिजिटल सामग्री और उसके प्रसारण से जुड़े पहलुओं को भी देखा जा सकता है।

क्या है मामलाः गौरतलब है कि स्वतंत्रता दिवस के मौके पर पूर्व मंत्री एवं भाजपा विधायक अजय चंद्राकर का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ था, जिसमें अजय चंद्राकर भाजपा का झंडा फहराते नजर आ रहे थे। वीडियो को इस दावे के साथ शेयर किया गया था कि चंद्राकर ने 15 अगस्त को राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे की जगह भाजपा का झंडा फहराया है। सोशल मीडिया पर कई लोगों ने इसे राष्ट्रीय ध्वज का अपमान बताया। हालांकि, पड़ताल में पता चला कि वायरल वीडियो 15 अगस्त 2026 का नहीं, बल्कि पुराना था। इसे स्वतंत्रता दिवस के दिन वायरल किया गया था।

रायपुर के नाले में गिरने से मासूम की मौत

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर के राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक हादसे में 4 साल के मासूम बच्चे की मौत हो गई। महात्मा गांधी नगर वार्ड नंबर-4 में खेलते समय काव्यांश साहू नाम का बच्चा नाले में गिर गया। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

जानकारी के मुताबिक, बच्चे के नाले में गिरने की सूचना मिलते ही नगर निगम और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। स्थानीय लोगों की मदद से बच्चे की तलाश शुरू की गई। काफी मशक्कत के बाद बच्चे को नाले से बाहर निकाला गया और तत्काल इलाज के लिए मेडिशाइन अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने जांच के बाद बच्चे को मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में लोग मौके पर जुट गए। वहीं, परिजनों का कहना है कि हादसा अचानक हुआ, जिससे किसी को संभलने का मौका नहीं मिला।

पुलिस ने बच्चे के शव का पंचनामा तैयार कर लिया है। इसके बाद आगे की कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। फिलहाल, पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है और यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि बच्चा किन परिस्थितियों में नाले में गिरा। इस घटना ने एक बार फिर खुले नालों और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में कई जगह सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम नहीं हैं, जिससे इस तरह के हादसों का खतरा बना रहता है। फिलहाल, पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

डूमरतराई बाजार से मिठाइयों के 3 और हाईवे किंग रेस्टोरेंट से पनीर-ग्रेवी के नमूने लिए

'बने खाबो-बने रहिबो 2.0' अभियान के तहत खाद्य प्रतिष्ठानों पर कार्रवाई

रायपुर/नवप्रदेश। नियंत्रक खाद्य एवं औषधि प्रशासन दीपक कुमार अग्रवाल के निर्देशानुसार 'बने खाबो-बने रहिबो 2.0' प्रवर्तन कार्रवाई एवं जागरूकता अभियान के तहत खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए लगातार जांच एवं नमूना संकलन किया जा रहा है।

अभियान के अंतर्गत सोमवार को सरदार वल्लभभाई पटेल थोक मार्केट, डूमरतराई, रायपुर में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता जांच के लिए पैक्ड मिठाइयों के रसगुल्ला, गुलाब जामुन एवं सोन केक के तीन लीगल सैंपल लिए गए। इन नमूनों को गुणवत्ता परीक्षण के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है।

खाद्य सामग्रियों का रखरखाव व्यवस्थित नहीं

इसी क्रम में हाईवे किंग रेस्टोरेंट से पनीर एवं वेज ग्रेवी के नमूने भी जांच के लिए लिए गए। निरीक्षण के दौरान रेस्टोरेंट के किचन में वेज एवं नॉन-वेज सेक्शन अलग-अलग पाए गए। हालांकि, खाद्य सामग्रियों का रख-रखाव उचित एवं व्यवस्थित नहीं पाया गया। इस पर खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा तत्काल किचन को बंद कर खाद्य सामग्रियों को निर्धारित मानकों के अनुरूप व्यवस्थित तरीके से रखने के निर्देश दिए गए।

जांच के बाद आगे की कार्रवाईः खाद्य प्रतिष्ठानों में स्वच्छता, सुरक्षित खाद्य भंडारण एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य पदार्थों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए विभाग द्वारा नियमित रूप से निरीक्षण एवं प्रवर्तन कार्रवाई की जा रही है। लिए गए सभी नमूनों की जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद रिपोर्ट के आधार पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के प्रावधानों के तहत नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

सांसद के आवास पर महिला कांग्रेस ने मनाया हरेली, तीज एवं सावन उत्सव

रायपुर/नवप्रदेश। राज्यसभा सांसद एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती फूलो देवी नेताम के आवास 'महतारी अँगना' में सोमवार को सावन उत्सव की धूम रही। सावन के रंग में रंगी महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने हर्षोल्लास के साथ कई तरह के खेल और नृत्य का आनंद लिया।

श्रीमती नेताम ने बताया कि हरेली, तीज एवं सावन महोत्सव का उद्देश्य महिलाओं को एक मंच पर लाकर आपसी मेल-जोल बढ़ाने के साथ उनकी प्रतिभाओं को सामने लाना है। आयोजन में महिलाओं की बड़ी संख्या में भागीदारी ने कार्यक्रम को खास बना दिया। महिला कांग्रेस की नेशनल कॉर्डिनेटर प्रीति उपाध्याय शुक्ला ने बताया कि पारंपरिक रंग और उत्साह के साथ आयोजित कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ प्रदेश महिला कांग्रेस की कार्यकारी अध्यक्ष एवं बालोद विधायक श्रीमती संगीता सिन्हा, डोंगरगढ़ विधायक श्रीमती हर्षिता बघेल, सरायपाली विधायक श्रीमती चातुरी लाल नंद, भानुप्रतापपुर विधायक सावित्री मंडावी, पूर्व विधायक ममता चंद्राकर, छन्नी साहू एवं अनीता शर्मा सहित कई वरिष्ठ कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

सरगुजा-बस्तर संभाग में डेयरी विकास को मिलेगी नई गति

मुख्य सचिव विकासशील की अध्यक्षता में हुई बैठक

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन के मुख्य सचिव विकासशील की अध्यक्षता में सोमवार को मंत्रालय महानदी भवन में राज्य सहकारी डेयरी फेडरेशन लिमिटेड (सीजीसीडीएफ) की राज्य स्तरीय संचालन समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक का मुख्य उद्देश्य प्रदेश में डेयरी क्षेत्र का समग्र विकास, दुग्ध उत्पादकों की आय में वृद्धि, महिला दुग्ध उत्पादकों की भागीदारी बढ़ाना और दुग्ध संग्रहण व विपणन अधोसंरचना को मजबूती प्रदान करना रहा। बस्तर संभाग के सात जिलों में बड़ी संख्या में ग्रामीण व अनुसूचित जनजाति परिवार पशुपालन से जुड़े हैं। क्षेत्र में लगभग 88ः गायें स्थानीय नस्ल की हैं। दुग्ध उत्पादकता बढ़ाने के लिए पशु पोषण, पशु स्वास्थ्य, नस्ल सुधार और वैज्ञानिक प्रबंधन पर जोर दिया जा रहा है। एनडीडीबी के सहयोग से जून 2025 से सरगुजा संभाग के जशपुर (2 हजार लीटर क्षमता) और बलरामपुर (5 हजार लीटर क्षमता) में चिलिंग सेंटर शुरू किए गए हैं। वर्तमान में 45 मिल्क कलेक्शन सेंटर्स के माध्यम से रोजाना लगभग 3,500 लीटर दूध एकत्र किया जा रहा है, जिससे 1500 से अधिक महिला उत्पादक जुड़ी हैं।

सीधा भुगतान और पारदर्शी व्यवस्था

परियोजना के तहत दुग्ध उत्पादकों के बिल का भुगतान सीधे उनके बैंक खातों में किया जा रहा है, जिससे महिलाओं को नियमित आय मिल रही है और ग्रामीण अर्थव्यवस्था सुदृढ़ हो रही है बैठक में पिछली बैठकों की कार्रवाई रिपोर्ट, मानव संसाधन चुनौतियों, भौतिक-वित्तीय प्रगति और डेयरी समग्र विकास योजना की समीक्षा की गई। इस अवसर पर अनुसूचित जनजाति विकास विभाग के प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी, वित्त एवं जनसम्पर्क विभाग के सचिव डॉ. रोहित यादव सहित आयुक्त सहकारिता रमेश कुमार शर्मा सहित राज्य सहकारी दुग्ध महासंघ के अधिकारी एवं सहकारी विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी और फेडरेशन के अन्य सदस्य शामिल हुए।

सम्मान : छत्तीसगढ़ स्टेट पावर कंपनीज में राज्य स्तरीय पुरस्कार वितरण, डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी को ई-आफिस के क्रियान्वयन के लिए मिला रनिंग शील्ड

आंधी-बारिश और बाढ़ में बिजली बहाल करने वाले अधिकारी-कर्मचारी हुए पुरस्कृत

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज़ के चेयरमेन सुबोध कुमार सिंह ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले बिजलीकर्मियों को मैडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इसमें आंधी-बारिश, बाढ़ एवं अन्य आपात परिस्थितियों में विद्युत आपूर्ति बहाल करने वाले कर्मियों को सम्मानित किया गया, वहीं कंपनी को संभावित क्षतिपूर्ति एवं आर्थिक पेनल्टी से बचाने की पहल करने वालों से लेकर विद्युत उपकेंद्रों में महत्वपूर्ण तकनीकी कार्य समय पर पूर्ण करने वाले तक को पुरस्कार प्रदान किया गया। साथ ही ई-आफिस के क्रियान्वयन के लिए डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के मुख्य अभियंता (मानव संसाधन) राजेंद्र प्रसाद को टीम अवार्ड के रूप में रनिंग ट्रॉफी प्रदान किया गया।

पावर कंपनीज के मुख्यालय डंगनिया में आयोजित राज्य स्तरीय पुरस्कार वितरण समारोह में उत्कृष्ट योगदान देने वाले राज्य एवं केंद्रीय कार्यालय स्तर के 12 अधिकारी-कर्मचारियों को अध्यक्ष श्री सिंह (आईएएस) ने नगद पुरस्कार, पदक एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। राज्य कार्यालय स्तर पर जनरेशन कंपनी से मड़वा के अधीक्षण अभियंता चिंतामणि तिवारी को कंपनी को राखड़ निष्पादन का लक्ष्य 13 प्रतिशत अधिक करने पूरा करने के लिये सम्मानित किया गया। कोरबा पश्चिम के सहायक अभियंता अंकित कुमार जैन को पावर प्लांट के टरबाइन की बेयरिंग स्पीड शून्य होने की गंभीर तकनीकी समस्या का दो घंटे के भीतर त्वरित समाधान करने के लिए मेडल दिया गया।

इसी तरह ट्रांसमिशन कंपनी से भिलाई के परिचारक श्रेणी-दो (लाइन) उनकेश्वर प्रसाद साहू को भीषण आंधी-तूफान से 220 केवी खेदामारा-ठेलकाडीह सर्किट के टावरों में फेल सस्पेंशन हार्डवेयर तथा कंडक्टर के सुधार कार्य करने के लिए पदक देकर सम्मानित किया गया। साथ ही भिलाई के ही वरिष्ठ पर्यवेक्षक श्री गणेश राम गजेन्द्र को 220/132/33 केवी उपकेंद्रों में ट्रांसफार्मर, फीडर कंट्रोल एवं रिले पैनलों के परीक्षण एवं स्थापना कार्य निर्धारित समय में पूर्ण करने के लिए पुरस्कृत किया गया।डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी से रायपुर के कनिष्ठ अभियंता अनिल कुमार वर्मा को राजस्व वसूली एवं विद्युत विच्छेदन कार्यों के प्रभावी प्रबंधन तथा जगदलपुर के लाइन सहायक श्रेणी-दो देवेन्द्र भण्डारी को बाढ़, आगजनी एवं आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित कार्यवाही कर विद्युत आपूर्ति बहाल करने के लिए पुरस्कृत किया गया।

इसी तरह केंद्रीय कार्यालय स्तर पर छह कर्मियों को सम्मानित किया गया। इसमें जनरेशन कंपनी की स्टाफ ऑफिसर श्रीमती वंदना शिलारे, सहायक अभियंता श्रीमती ज्योति माला साहू, ट्रांसमिशन कंपनी के अधीक्षण अभियंता करूणेश कुमार यादव, कार्यालय सहायक श्रेणी-एक श्रीमती टी. अनिता, डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी से अधीक्षण अभियंता एन बिम्बिसार तथा प्रबंधक (वित्त एवं लेखा) नवीन खंडेलवाल को उत्कृष्ट कार्यों के लिए पुरस्कृत किया गया। साथ ही गोपनीय चरित्रावली के ऑनलाइन क्रियान्वयन के लिए डीजीएम पंकज सिंह परमार, श्रीमती मल्लिका बेक, अधीक्षण अभियंता पंकज चौधरी, कार्यपालन अभियंता श्रीमती प्राची अग्रवाल सिन्हा, कार्यपालन अभियंता श्रीमती कृतिमा पांडेय मिश्रा, सहायक प्रबंधक मीनल पांडेय, सहायक अभियंता ओमकार चंद्राकर एवं सहायक अभियंता रजनीश चौबे को प्रबंध निदेशकों ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। संचालन उपमहाप्रबंधक (जनसंपर्क) गोविंद पटेल ने किया।

सुविचार

बुद्धिमता और मूर्खता में बस इतना सा अंतर होता है कि बुद्धिमता की एक सीमा होती है लेकिन मूर्खता की कोई सीमा नहीं होती।

भगदड़ से मौत हृदय विदारक घटना

विशेष पर्वों के दौरान हर साल धार्मिक स्थलों पर श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ता है। नतीजतन अव्यवस्थता की स्थिति बन जाती है और ऐसे में वहां कोई अफवाह फैल जाये तो भगदड़ मच जाती है। ऐसी ही हृदय विदारक घटना बिहार के लखीसराय के एक शिव मंदिर में हुई जहां इस बार सावन के तीसरे सोमवार और नागपंचमी के कारण हर साल की अपेक्षा कुछ ज्यादा ही श्रद्धालु एकत्रित हो गये थे। इसी बीच एक केबल का बोल गिर गया जिसे लेकर किसी ने अफवाह उड़ा दी कि बिजली का खंभा गिर गया है। इस अफवाह के कारण लोग बिजली के करंट से बजने के लिए एक दूसरे को धकियाते हुए भागने लगे इस भगदड़ के कारण 7 महिलाओं की मौत हो गई और कई श्रद्धालु घायल हो गये। घायलों का उपचार कराया जा रहा है और सरकार ने मृतकों के परिजनों के लिए चार चार लाख रूपये की सहायता राशि स्वीकृत की है। इस हृदय विदारक घटना से एक बार फिर धार्मिक स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था की पोल खुल गई है। जब प्रशासन को मालूम था कि एक ही दिन में नागपंचमी और सावन सोमवार का अद्भुत संयोग 14 सालों बाद बना है तो इस दिन वहां अपेक्षा से ज्यादा श्रद्धालु जुटेंगे इसलिए वहां एहतियाती कदम उठाये जाने चाहिए थे। यदि शासन प्रशासन और मंदरि के समीति के लोग एहतियात बरतते तो संभवतः ऐसी दुखद घटना नहीं हो पाती। इसी तरह महाकाल की नगरी उज्जैन में भी महाकालेश्वर मंदिर तथा नाग चंद्रेश्वर मंदिर में भी इस बार तृतीय सावन सोमवार और नागपंचमी के कारण श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। जिससे दोनों ही जगह भगदड़ की स्थिति बन गई। यह गनीमत रही की वहां कोई हताहत नहीं हुआ फिर भी भीड़ में दबने के कारण कुछ लोगों का दम घुटने लगा जिन्हें बड़ी मुश्किल से निकार कर स्वास्थ विभाग ले जाया गया। उत्तरप्रदेश में भी कावड़ यात्रियों की सुरक्षा के तमाम इंतेजामों के बावजूद तीन कावड़ियों की हादसे में मौत हो गई है। इस तरह की हृदय विरादक घटनायें निश्चित रूप से पीड़ा पहुंचाती हैं और ऐसी घटनायें शासन प्रशासन के लिए सबक होती है। इस तरह के हादसे कोई पहली बार नहीं हुए हैं। पूर्व में भी कई बार श्रद्धालुओं की अत्यधिक भीड़ हो जाने की वजह से ऐसी दुखद घटनायें होती रही हैं लेकिन उससे शासन प्रशासन या संबंधित धर्मस्थलों के प्रमुखों ने शायद कोई सबक नहीं सिखा है। ऐसी घटनाओं के बाद सरकार मृत को और घायलों के लिए सहायता राशि स्वीकृत कर अपने कत्वर्य की इतिश्री कर लेती है। उम्मीद की जानी चाहिए कि इन हालिया घटनाओं से सरकार सबक लेगी और भविष्य में ऐसी दुखद घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो इसके लिए कारगर कदम उठाएगी।

पहली बार नक्सलियों के गढ़ में लहराया तिरंगा

80वां स्वतंत्रता दिवस देश और प्रदेश में धूमधाम से मनाया गय। छत्तीसगढ़ के बस्तर में आजादी के बाद पहली बार नक्सलियों के गढ़ में तिरंगा लहराया। छत्तीसगढ़ के धूर नक्सल प्रभावित बस्तर में दशकों तक लोग नक्सलियों के भय से स्वतंत्रता दिवस और गणतंत्र दिवस जैसे राष्ट्रीय पर्वों पर अपना राष्ट्रीय ध्वज नहीं लहरा पाते थे और न ही आजादी की खुशी मना पाते थे अब चूंकि बस्तर से नक्सली हिंसा का खात्मा हो गया है तो इस बार बस्तर में आजादी का जश्न पूरे जोशो- खरोश से मनाया गया। बस्तर में जगह जगह तिरंगा यात्राएं निकाली गईं जिसमें बढ़-चढ़ कर लोगों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। प्रदेश के गृहमंत्री विजय शर्मा भी तिरंगा रैली में शामिल हुए। स्वतंत्रता दिवस के दिन गृहमंत्री विजय शर्मा ने कभी नक्सलियों का अभेद किला कहे जाने वाले करेंघुटा पहाड़ी पर झंडा रोहण किया। यह पहाड़ी छत्तीसगढ़ तेलंगाना और आंध्रप्रदेश को जोड़ती है। यहां घने जंगल भी हैं। इसीलिए नक्सलियों ने इस पहाड़ी को अपना हेड क्वॉटर बना रखा था। यह पहाड़ी नक्सली हिड़मा देवा और दामोदर जैसे माओवादियों का सबसे सुरक्षित ठिकाना कहलाती थी। यहीं से सारी नक्सली गतिविधियां संचालित की जाती थीं और यहां नक्सलियों ने अपने हथियारों की फैक्ट्री भी लगा रखी थी। जब बस्तर में नक्सलियों के उन्मूलन के लिए अभियान छेड़ा गया था तो सबसे पहले केन्द्रीय सुरक्षाबलों ने इस नक्सलियों के किले पर ही धावा बोला था और इसे अपने कब्जे में ले लिया था। इसके बाद भी बस्तर में नक्सलियों का पूरी तरह से सफाया करने का बड़ा आपरेशन शुरू किया गया था। बस्तर के नक्सली हिंसा के अभिशाप से मुक्त होने के बाद पहली बार बस्तर में लोगों ने पूरे उत्साह और उमंग के साथ स्वतंत्रता दिवस पर्व मनाया। इसके लिए केद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय साधुवाद के पात्र हैं जिन्होंने बस्तर सहित पूरे छत्तीसगढ़ को दशकों पुरानी नक्सली समस्या से मुक्त करने का न सिर्फ संकल्प लिया था बल्कि दृढ़ इच्छा शक्ति का परिचय देते हुए निधारित समय सीमा के भीतर अपने उस संकल्प को मूर्तरूप देकर दिखाया। नक्सलियों से लोहा लेने वाले केन्द्रीय सुरक्षाबल और पुलिस के जवान भी बधाई के पात्र हैं जिनके अदम्य साहस के सामने नक्सली घुटने टेकने पर विवश हुए। सही मायनों में बस्तर के बाशिंदों को अब खुली हवा में सांस लेने का अवसर मिला है। दूसरे शब्दों में कहें तो पहली बार उन्हें स्वतंत्रता मिली है।

आज का इतिहास

नई दिल्ली(वार्ता)। 1800 - लार्ड वेलेजली के द्वारा कलकत्ता में फोर्ट विलियम कॉलेज की स्थापना। 1826 - अलेक्जेंडर गॉर्डन लैंड टिम्बकटू में प्रवेश करने वाले पहले गैर मुस्लिम बने। 1868 - फ्रांस के खगोलविद पियरे जेनसीन ने हिलियम की खोज की। 1891 - कैरेबियाई द्वीप मार्टिनीक्यु में चक्रवाती तूफान से 700 की मौत। 1923 - लंदन में महिलाओं के लिए पहली ब्रिटिश ट्रैक एंड फील्ड चैंपियनशिप । 1924 - फ्रांस ने जर्मनी से अपनी सेनाएं वापस बुलानी शुरू की। 1940 - पहली बार मौसम मानचित्र का टेलिविजन पर प्रसारण हुआ। 1945 - सुकर्णो ने इंडोनेशिया के प्रथम राष्ट्रपति के तौर कामकाज शुरू की। 1949 - हंगरी ने संविधान अंगीकार किया। 1951 - पश्चिम बंगाल के खड़गपुर में भारतीय प्रोद्योगिकी संस्थान की स्थापना। 1963 - अमेरिका में जेम्स मेरीडिथ मिसिसीपी विश्वविद्यालय से स्नातक करने वाला पहला अश्वेत व्यक्ति। 1973 - अमेरिका के बोस्टन में पहले एफएम. रेडियो स्टेशन के निर्माण को मंजूरी। 1982 - सोवियत संघ द्वारा एक महिला अंतरिक्ष यात्री अंतरिक्ष स्टेशन सेल्युत-7 के लिए भेजी गई।

तिरंगे की छांव में बदलता बस्तर : भय से विश्वास और हिंसा से विकास की ओर

अशोक कुमार साहू

बस्तर की धरती ने लंबे समय तक हिंसा, भय और असुरक्षा का वह दौर देखा है, जिसकी पीड़ा को केवल आंकड़ों में नहीं समझा जा सकता। यहां बंदूकों की आवाज ने कई परिवारों से उनके अपने छीन लिए, विकास की राह को बाधित किया और लोकतांत्रिक व्यवस्था के प्रति लोगों के विश्वास को चोट पहुंचाई। लेकिन समय हमेशा एक जैसा नहीं रहता। आज उसी बस्तर की तस्वीर बदलती दिखाई दे रही है। कभी जहां राष्ट्रीय पर्वों पर तिरंगा फहराना भी चुनौती माना जाता था, वहां अब गांव-गांव राष्ट्रीय ध्वज शान से लहरा रहा है। इसी बदलते बस्तर की तस्वीर को सामने लाने वाली 'बस्तर तिरंगा यात्रा-2026' केवल एक राजनीतिक या प्रशासनिक आयोजन नहीं, बल्कि भय से विश्वास और हिंसा से विकास की ओर बढ़ते एक बड़े सामाजिक परिवर्तन का संदेश बनकर सामने आई है।

12 अगस्त को नारायणपुर से शुरू हुई यह यात्रा तीन दिनों में करीब 600 किलोमीटर का सफर तय करते हुए बस्तर के पांच जिलों..नारायणपुर, कोंडागांव, दंतेवाड़ा, सुकमा और बीजापुर..से होकर गुजरी और कर्रेगुट्टा की पहाड़ी पर तिरंगा फहराने के साथ पूरी हुई। उपमुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री विजय शर्मा और वन मंत्री केदार कश्यप ने बाइक से यात्रा का नेतृत्व किया। यात्रा का मार्ग केवल भौगोलिक दूरी तय करने वाला रास्ता नहीं था; यह उन इलाकों से होकर गुजरा जिन्हें कभी नक्सल हिंसा के सबसे संवेदनशील क्षेत्रों के रूप में जाना जाता था। इस यात्रा का सबसे महत्वपूर्ण संदेश शायद यही है कि बस्तर में बदलाव को केवल सुरक्षा अभियान की सफलता के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए। किसी भी क्षेत्र से हिंसा का अंत तभी स्थायी हो सकता है, जब वहां रहने वाले लोगों के मन से भय समाप्त हो, उन्हें अपने भविष्य पर भरोसा हो और उन्हें यह महसूस हो कि शासन उनके साथ खड़ा है। तिरंगा इसी विश्वास का प्रतीक बनकर उभरा है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि पहले राष्ट्रीय पर्वों पर माओवादियों के फरमान के कारण लोग अपने घरों पर काला झंडा लगाने के लिए मजबूर होते थे, जबकि आज अनेक घरों पर तिरंगा लहरा रहा है। उनके अनुसार बस्तरवासियों के मनोबल और सुरक्षा बलों के अदम्य साहस ने इस परिवर्तन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

तिरंगा यात्रा की सार्थकता इस बात में भी है कि उसने शहीदों की स्मृति को विकास के संकल्प के साथ जोड़ा। दंतेवाड़ा के श्यामगिरी में शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई, शहीद परिवारों से मुलाकात की गई और उनकी स्मृति में पौधरोपण किया गया। एर्राबोर में नक्सल हिंसा में शहीद हुए 33 जवानों को श्रद्धांजलि दी गई। यात्रा के दौरान विभिन्न घटनास्थलों से शहादत की मिट्टी एकत्र करने की पहल भी की गई, जिसका उपयोग भविष्य में बनने वाले स्मारक में किए जाने की बात कही गई। यह जरूरी है, क्योंकि विकास का कोई भी नया अध्याय उन लोगों की स्मृति को भुलाकर नहीं लिखा जा सकता, जिन्होंने शांति की कीमत अपने जीवन से चुकाई है।

बस्तर के बदलाव की दूसरी महत्वपूर्ण तस्वीर स्थानीय लोगों की भागीदारी में दिखाई देती है। कभी जिन क्षेत्रों में दिन के समय भी जाना कठिन माना जाता था, वहां तिरंगा यात्रा के स्वागत के लिए बच्चे, महिलाएं और ग्रामीण बड़ी संख्या में सामने आए। टेकलगुड़ेम, सिलगेर, ताड़मेटला, तर्रेम और जगरगुंडा जैसे दूरस्थ इलाकों में बारिश के बावजूद ग्रामीणों का यात्रा का स्वागत करने पहुंचना बताता है कि लोगों के भीतर परिस्थितियों के बदलने का विश्वास पैदा हुआ है। यह बदलाव किसी सरकारी घोषणा से अधिक महत्वपूर्ण है, क्योंकि किसी क्षेत्र में स्थायी शांति की असली कसौटी वहां के नागरिकों का भयमुक्त होकर सार्वजनिक जीवन में लौटना ही है।

बस्तर में लोकतंत्र की जड़ें मजबूत होने का अर्थ केवल मतदान तक सीमित नहीं है। लोकतंत्र का वास्तविक अर्थ तब है, जब नागरिक बिना भय के अपने अधिकारों का इस्तेमाल कर सकें, अपनी बात कह सकें और अपने क्षेत्र के विकास की दिशा तय करने में भागीदार बनें। उपमुख्यमंत्री ने भी इसी संदर्भ में कहा कि बंदूक के बल पर कायम व्यवस्था जनता के अधिकारों की रक्षा नहीं कर सकती और लोकतंत्र में वही व्यवस्था मान्य है जो जनता द्वारा चुनी गई और जनता के प्रति जवाबदेह हो। यह संदेश बस्तर के संदर्भ में इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि यहां लंबे समय तक हिंसा ने लोकतांत्रिक संस्थाओं और सामान्य नागरिक जीवन को प्रभावित किया। लेकिन नक्सलवाद के कमजोर पड़ने को ही अंतिम उपलब्धि मान लेना पर्याप्त नहीं होगा। असली चुनौती अब शुरू होती है। जिस बस्तर ने हिंसा की लंबी रात देखी है, उसे विकास की सुबह में स्थायी रूप से बदलना होगा। सड़क, बिजली, पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य, इंटरनेट, रोजगार और कौशल विकास जैसी बुनियादी सुविधाओं को उन अंतिम गांवों तक पहुंचाना होगा जहां अब तक शासन की उपस्थिति सीमित रही है। गृह मंत्री ने बस्तर में सड़क, शिक्षा, कौशल विकास, लघु वनोपज के प्रसंस्करण और रोजगार के क्षेत्र में योजनाबद्ध काम करने की बात कही है। यह दिशा तभी सफल होगी जब योजनाएं कागज से निकलकर स्थानीय जरूरतों के अनुरूप जमीन पर दिखाई दें।

बस्तर के विकास का मॉडल बाहर से थोपा हुआ नहीं होना चाहिए। यह बस्तर की प्रकृति, संस्कृति, परंपरा और स्थानीय अर्थव्यवस्था को केंद्र में रखकर तैयार होना चाहिए। बस्तर के पास जल, जंगल, जमीन, लघु वनोपज और प्राकृतिक सौंदर्य की बड़ी संपदा है। आवश्यकता इस बात की है कि इन संसाधनों का संरक्षण करते हुए स्थानीय समुदायों को उनके आर्थिक लाभ में वास्तविक भागीदारी मिले। लघु वनोपज का स्थानीय स्तर पर प्रसंस्करण, वन आधारित रोजगार, पर्यटन, हस्तशिल्प और कौशल विकास जैसे क्षेत्र बस्तर के युवाओं के लिए नए अवसर पैदा कर सकते हैं।

शिक्षा इस परिवर्तन की सबसे मजबूत नींव हो सकती है। जिस पीढ़ी ने हिंसा और भय देखा है, अगली पीढ़ी को आधुनिक शिक्षा, तकनीक और रोजगार के अवसर देने होंगे। सरकार की ओर से दूरस्थ क्षेत्रों में सुरक्षा कैंपों को 'शहीद वीर गुंडाधूर सेवा डेरा' के रूप में विकसित कर वहां स्कूल, अस्पताल, आंगनबाड़ी और कौशल विकास केंद्र जैसी सुविधाएं विकसित करने की बात इसी दिशा में एक प्रयास है। यदि ऐसे केंद्र स्थानीय संस्कृति और जरूरतों के अनुरूप विकसित किए जाते हैं, तो सुरक्षा की मौजूदगी धीरे-धीरे विकास और जनसेवा की स्थायी व्यवस्था में बदल सकती है।

बस्तर की कहानी में सुरक्षा बलों के योगदान को भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। कठिन भौगोलिक परिस्थितियों, आईईडी जैसे खतरों और लगातार जोखिम के बीच जवानों ने अपनी जिम्मेदारी निभाई है। राज्य गठन के 25 वर्षों में छत्तीसगढ़ पुलिस के 141 जवानों को वीरता एवं विशिष्ट सेवा से जुड़े पदक मिलना उनके साहस और कर्तव्यनिष्ठा का उल्लेखनीय प्रमाण बताया गया है।

श्रावण मास में नागपंचमी नाग देवता के पूजन का पर्व

मुकेश ऋषि

देवसंस्कृति के अंतर्गत देवत्व के गुणों की प्रधानता की मूल खासियत है; क्योंकि यहाँ ईश्वर की पूजा के साथ-साथ नदी, पर्वत, वृक्ष, गौ, सर्प सबकी पूजा बड़ी ही आस्था से की जाती रही है। श्रावन मास में प्रकृति का सौंदर्य काफी हरा-भरा रहता है और भक्तगण पूरा महीना ही भगवान शिव की पूजा, जलाभिषेक करने में मगन रहते हैं। पूजा-पाठ की इसी श्रृंखला के अंतर्गत श्रावण पावन मास में शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को नाग पंचमी का पावन पर्व मनाया जाता है। सौभाग्य की बात है कि भगवान शिव की पूजा के साथ-साथ उनके गले व जटाजूट् में हर पल आश्रय लेने वाला सर्प देवता की पूजा 17 अगस्त को पंचमी तिथि शुक्रवार के दिन ही इस वर्ष धूमधाम से मनायी जा रही है। श्री विष्णु भगवान की शैय्या भी शेष नागशैय्या है। शास्त्र में वर्णन मिलता है कि शेषनाग के फन पर ही धरती टिकी हुई है। श्रावण मास की पंचमी तिथि को नागों की पूजा के लिए दूध, लावा चढाने का विधि-विधान होता हैं। प्रातःकाल ही सभी ग्रामवासी सिद्ध आचार्य से श्वेत बालू को अभिमंत्रित कराकर अपने घरों में सर्वत्र सर्प से सुरक्षा हेतु बालू छींट देते हैं। घरों के दरवाजे पर नाग देवता का चित्र गोबर से बनाकर दूर्वा, बड़े का बीज और लावा उस पर चिपका दिया जाता है। प्रत्येक पर्व-त्योहार के पीछे

कुछ गूढ रहस्य छुपा होता है। नाग पंचमी पर्व मनाने के बारे में गरूड़ पुराण में ऐसा सुझाव दिया गया है कि नागपंचमी के दिन घर के दोनों बगल में नाग की मूर्ति खींचकर अनन्तर प्रमुख महानागों का पूजन किया जाय। पंचमी नागों की तिथि है। नागों की उत्पति इसी दिन को माना जाता है। ज्योतिष के अनुसार पंचमी तिथि के स्वामी नाग हैं, अर्थात् शेष आदि सर्पराजों का पूजन पंचमी को होना चाहिए। सुगंधित पुष्प तथा दूध सर्पों को अति प्रिय हैं। गॉवों में इसे 'नागचैया' भी कहते हैं। प्राचीन दन्त-कथाओं से ज्ञात होता है कि किसी ब्रात्मण को सात पुत्र वधुएँ थीं। सावन मास लगते ही छह बहुएँ तो भाई के साथ मायके चली गयी। परन्तु सातवीं को कोई भाई न था, कौन बुलाने आता? बेचारी ने अति दुखित होकर पृथ्वी को धारण करने वाले शेषनाग को भाई रूप में याद किया। करूणायुक्त, दीन वाणी को सुनकर शेष जी वृद्ध ब्राह्मण के रूप में आये, और उसे लिवाकर चल दिये। थोड़ी दूर रास्ता तय करने पर उन्होंने अपना असली रूप धारण कर लिया। तब फन पर बैठाकर नाग-लोक ले गये। वहॉ वह निष्चिन्त होकर रहने लगी। पाताल लोक में जब वह निवास कर रही थी, उसी समय शेष जी की कुल-परम्परा में नागों के बहुत से बच्चों ने जन्म लिया। उन नाग बच्चों को सर्वत्र विचरण करते देख शेष-नागरानी ने उस वधु को पीतल का एक दीपक दिया तथा बताया कि इसके प्रकाश से तुम ॲधेरे में भी सब कुछ देख सकोगी। एक दिन अकस्मात् उसके हाथ से दीपक टहलते हुए नाग बच्चों पर गिरा। परिणामस्वरूप उन सबकी थोड़ी पूॅछें कट गईं। यह घटना घटित होते ही कुछ समय बाद वह ससुराल भेज दी गई। जब अगला सावन आया तो वह वधू दीवाल पर नागदेवता को उरेह कर उनकी विधिवत् पूजा तथा मंगलकामना करने लगी। इधर क्रोधित नाग बालक माताओं से अपनी पूंछ कटने का आदिकारण जानकर उस वधू से मार का बदला चुकाने के लिए आये, लेकिन अपनी ही पूजा में श्रद्धावनत देखकर वे सब प्रसन्न हुए और उनका क्रोध समाप्त हो गया। बहन स्वरूपा उस वधू के हाथ से प्रसाद रूप में उन लोगों ने दूध तथा चावल भी खाया। नागों ने उसे सर्पकुल से निर्भय होने का वरदान तथा उपहार में मणियों की माला दी। उन्होंने यह भी बताया कि श्रावण मास के शुक्ल पक्ष की पंचमी को हमें भाई रूप में जो पूजेगा उसकी हम रक्षा करते रहेंगे।

नागपंचमी मनाने हेतु एक मत यह भी है कि अभिमन्यु के बेटे राजा परीक्षित ने तपस्या में लीन मैन ऋषि के गले में मृत सर्प डाल दिया था। इस पर ऋषि के शिष्य श्रृंगी ऋषि ने क्रोधित होकर शाप दिया कि यही सर्प सात दिनों के पष्चात तुम्हें जीवित होकर डस लेगा। ठीक सात दिनों के पष्चात उसी तक्षक सर्प ने जीवित होकर राजा को डसा। तब क्रोधित होकर राजा परीक्षित के बेटे जन्मेजय ने विशाल 'सर्प यज्ञ' किया, जिसमें सर्पों की आहुतियां दी। इस यज्ञ को रूकवाने हेतु महर्षि आस्तिक आगे आए। उनका आगे आने का कारण यह था कि महर्षि आस्तिक के पिता आर्य और माता नागवंशी थी। इसी नाते से वे यज्ञ होते देख न देख सके। सर्प यज्ञ रूकवाने, लड़ाई को खत्म करके पुनः अच्छे सबंधों को बनाने हेतु आर्यों ने स्मृति स्वरूप अपने त्योहारों में 'सर्प पूजा' को एक त्यौहार के रूप में मनाने की शुरूआत की। नागवंश से ताल्लुक रखने पर उसे नागपंचमी कहा जाने लगा होगा। इसके अलावा एक ज्योतिशीय मान्यता है कि नाग पंचमी को पूजन से कालसर्प दोष से जातक को मुक्ति मिलती है। चूंकि नागदेव पाताल लोक के स्वामी माने जाते हैं। अतः इस दिन भूमि की खुदाई नहीं करनी चाहिए। नागपंचमी पूजा के आठ नाग देव माने गये हैं-अनंत, वासुकि, पद्म, महापद्म, तक्षक, कुलीर, कर्कट और शंख। इस दिन दूध, दही, कुशा, गंध, पंचामृत, धान, लावा, गाय का गोबर, पुष्प, घी, खीर और फल आदि से विधिपूर्वक पूजन करें और कथा भी सुनें।

पाठकों की बात — पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

आज मस्ती में बैठे हनुमान जी, जपे राम राम राम जी। करें सांसो की माला से ध्यान जी , जपे राम राम राम जी ।। ऐसे निराले है इनके कारनामें जी , तीनो युगों में ,लोहा इनका सभी माने जी। कोई दूजा ना इनके समान जी, जपे राम राम राम जी।। बाल ब्रह्मचारी को ,माया का जल क्या , इनके सामने आए ,लोभ काल की मजाल क्या। इनकी सेवा ही सबसे महान है , जपे राम राम राम जी।। लाडले है राम के, ज्ञान का भंडार जी , शिव के अवतारी है ,महिमा अपरंपार जी।। इनकी भक्ति में इष्ट है श्री राम जी, जपे राम राम राम जी।। - **शोभा त्रिपाठी**

जब जवानी में ताब आता है, तब मुसलसल अज़ाब आता है। देखा हूं उनका गुस्सा जब से मैं, बारहा उनका ख़ूवाब आता है। दोस्ती होती जब अंधेरों से, मेरे घर आफ़्ताब आता है। अर्श जब बादलों को तंग करे, धरती पे इन्क़लाब आता है। अब निगम भ्रष्ट हाथों में जा चुका, घर में पानी ख़राब आता है। इश्क़ में कितना खर्च हो गया है, हमको ना ये हिसाब आता है। अंटी में पैसा आता जब दानी, चेहरे पे रुआब आता है। - **डॉ संजय दानी**

कुछ लोग ऐसे भी होते हैं जिनकी मंजिल उनका घर नही होता।वो रास्ते में ही रहना चाहते हैं। वो लौटे थे घर बड़े मायुस से दिखे कहता था तन बदन अब थक गए हो तो घर लौट जाओ दिल कह रहा था अब भी कि आसमा में रहते थोड़ी देर और उड़ते जमी पर तब आते जब उपर जाने का वक्त होता। - **प्रीति श्रीवास्तव**

अपने अपने देवता चलो चलें बनाते हैं हम सभी मिल अपने अपने देवता और बनाते हैं अपना अपना धर्म और फिर बनाते हैं उसपर चलने के नियम और फिर नियम विरुद्ध चलने वालों के लिए बन जाते हैं शैतान - अपने अपने देवता और अपने अपने धर्म के लिए - चलो चलें लड़ते हैं , करते हैं इंसानियत का खून... और फिर ऐसे सिद्ध करते हैं खुद का समनुष्य होना हाँ हम मनुष्य हैं... समझदारी लेकर पैदा हुए हैं ... तभी तो कर सकते हैं फैसला हमारे देवता का और तुम्हारे देवता का। - **सीमा राय**

राष्ट्र-उत्सव की बेला है, अमृत-महोत्सव का मान, नभ में लहराता तिरंगा, भारत की है शान। वीरों के बलिदानों से महका अपना हिंदुस्तान- जन-जन के हृदय में गूँजे, जय हिन्द का जयगान। - **चिन्मय शुक्ल**

आजादी हमको मिली, बिना खड़ग बिन ढाल। सुनकर मन में उठ रहा,मेरे एक सवाल। मेरे एक सवाल, बुद्धि की खिड़की खोलो। लाखों हुए शहीद ,कहें क्या उन पर बोलो। बनें नहीं सब काम, पहन कर केवल खादी। सूली चढ़े अनेक, मिली थी तब आजादी।। - **रमेश शर्मा वशिष्ठ**

खुद का खुद से जवाब होता है हाल तब भी खराब होता है कौन बचता है फ़ानी दुनिया में वक़्त का जब हिसाब होता है तुम समझते हो दुनिया को अपना कौन किसका जनाब होता हे चार दिन की चमक है चेहरों पै चार दिन का शबाब होता है लोग जो दिल के सच्चे होते हैं उनका चेहरा किताब होता है। - **मित्र ग़ाज़ियाबादी**

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेषः आज का दिन आपकी समझदारी और संयम की परीक्षा ले सकता है। खर्चों पर नियंत्रण रखें और किसी भी बड़े फैसले से पहले अच्छी तरह विचार कर लें।

वृषः आज किस्मत आपका साथ देती नजर आएगी। जिस काम में हाथ डालेंगे, उसमें सफलता मिलने की अच्छी संभावना है। निवेश से लाभ मिल सकता है और कारोबार में भी तेजी आएगी।

मिथुन : आज आपकी बुद्धिमानी और सही निर्णय लेने की क्षमता आपकी सबसे बड़ी ताकत बनेगी। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा और लंबे समय से अटका पैसा भी वापस मिल सकता है।

कर्क : आज अधूरे कामों को पूरा करने पर विशेष ध्यान दें, क्योंकि इन्हें टालना आगे चलकर परेशानी बढ़ा सकता है। वाहन चलाते समय अतिरिक्त सावधानी रखें और जल्दबाजी से बचें।

सिंह : आज आपकी पहचान और प्रभाव में बढ़ोतरी होगी। आपकी मीठी वाणी लोगों को प्रभावित करेगी और कार्यस्थल पर सहयोगियों का पूरा समर्थन मिलेगा।

कन्याः आज का दिन भागदौड़ और व्यस्तता से भरा रहेगा। काम के सिलसिले में यात्रा करनी पड़ सकती है, जिससे थकान भी महसूस होगी।

तुला : आज आपके घर-परिवार में खुशियों का माहौल बन सकता है। परिवार में किसी नए सदस्य के आने की खबर मिल सकती है या शादी-विवाह की तैयारियों से घर में रौनक बढ़ेगी।

वृश्चिक : आज खुशी और व्यस्तता दोनों साथ-साथ चलेंगी। काम का दबाव आपको थोड़ा परेशान कर सकता है, लेकिन छोटे-छोटे आर्थिक लाभ मन को संतुष्ट रखेंगे।

धनु : आज आपके सामने कई नए अवसर आ सकते हैं। आय बढ़ाने के नए रास्ते खुलेंगे और आर्थिक स्थिति बेहतर होने के संकेत हैं।

मकर : आज आपको थोड़ा संभलकर कदम बढ़ाने की जरूरत है। जल्दबाजी में लिया गया फैसला आर्थिक या व्यक्तिगत नुकसान करा सकता है, इसलिए महत्वपूर्ण मामलों में पूरी जानकारी लेने के बाद ही निर्णय करें।

कुंभः आज कारोबार में लाभ मिलने के संकेत हैं, हालांकि बीच-बीच में तकनीकी समस्याएं या छोटी अड़चनें परेशान कर सकती हैं। अपने अनुभव और व्यावहारिक समझ का इस्तेमाल करेंगे तो स्थिति जल्दी संभल जाएगी।

मीन : आज आपकी मेहनत ही आपकी सबसे बड़ी पहचान बनेगी। किसी पुराने दोस्त से मुलाकात हो सकती है।

QUIZ TIME

1. पंचायती राज को संवैधानिक स्थिति प्रदान करने की संस्तुति किस कमेटी द्वारा की गई थी?
2. नमक सत्याग्रह में महात्मा गाँधी की टोली कितने दिनों तक पैदल चली थी?
3. अमेजन ने क्षेत्र (9 एकड़) के संदर्भ में दुनिया में अपने सबसे बड़े परिसर का उद्घाटन कहाँ किया?
4. कौन-सा राज्य देश में 'जल-नीति' पेश करने वाला पहला राज्य बन गया है?
5. स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय में सैद्दांतिक संगणक विज्ञान के क्षेत्र में अनुसंधान करने वाले प्रोफेसर का नाम बताए?

उत्तरमाला- (2) 24

RamaQuiz

कार्टून

बोलबम के जयघोष से गूंजा भिलाई-चरोदा, कांवड़ियों ने देवबलोदा में किया जलाभिषेक

■ पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने झंडा दिखाकर कांवड़ियों को किया रवाना

भिलाई/नवप्रदेश। सावन मास के पावन अवसर पर भिलाई-चरोदा क्षेत्र भक्ति और आस्था से सराबोर हो उठा। बोलबम के जयघोष के साथ हजारों कांवड़िए प्राचीन कुएं से पवित्र जल लेकर देवबलोदा स्थित ऐतिहासिक शिव मंदिर पहुंचे और भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया।

नगर निगम भिलाई-चरोदा के वार्ड क्रमांक 21, चरोदा बस्ती स्थित प्राचीन कुएं में पूजा-अर्चना के बाद पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कांवड़ियों को झंडा दिखाकर यात्रा के लिए रवाना किया। श्रद्धालुओं ने नंगे पांव करीब 16 किलोमीटर की दूरी तय की।

विशाल कांवड़ यात्रा का नेतृत्व नगर निगम महापौर निर्मल कोसरे ने किया। पूर्व मुख्यमंत्री के सुपुत्र चैतन्य बघेल भी कांवड़ लेकर यात्रा में शामिल हुए। पूरे मार्ग में 'बम भोले' और 'बोलबम' के जयघोष, घंटे-घड़ियालों की ध्वनि और शिव भजनों से वातावरण भक्तिमय बना रहा। भगवान शिव की आकर्षक झांकियां यात्रा का विशेष आकर्षण रहीं। युवाओं से लेकर बुजुर्गों तक श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाई।

यात्रा के दौरान विभिन्न स्थानों पर कांवड़ियों का स्वागत किया गया। पंचशील नगर चरोदा में आशीष बंजारी द्वारा कांवड़ियों पर पुष्पवर्षा कर फलाहार वितरित किया गया। इसके अलावा अन्य स्थानों पर भी श्रद्धालुओं के लिए फल एवं प्रसाद की व्यवस्था की गई।

इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग ग्रामीण अध्यक्ष राकेश ठाकुर, सभापति कृष्णा चंद्राकर, ब्लॉक अध्यक्ष श्रीकांत वर्मा, मनोज मढ़रिया, मोहन साहू, पप्पू चंद्राकर, युवराज कश्यप, टेनेन्द्र ठाकरे, अशफाक अहमद, टिपेश साहू, मोहम्मद आमिर, डामेंद्र परगनिया, बीएन राजू, डी. वेंकट, संजय यादव, संतोष तिवारी, शरद डोरा, भागी निर्मलकर, गिरजा शंकर, संदीप सिंह, हरमीक सिंह, ललित साहू, विजय राठौर, हेमंत वर्मा, राकेश वर्मा, विकास कुर्रे, लक्ष्मी बंछोर, मंजू साहू, गायत्री साहू, संतोषी निषाद, दीप्ति वर्मा, मनोज डहरिया, देवकुमारी, एम. जॉनी, मनीष वर्मा, अभिषेक वर्मा, शरद यादव, बहल साहू, विनोद निषाद, आशीष वर्मा, भूपेंद्र वर्मा, नरेंद्र वर्मा, ईश्वर साहू, धर्मेन्द्र कोसरे, डे साहब वर्मा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं श्रद्धालु मौजूद रहे। देवबलोदा महादेव मंदिर में कांवड़ियों द्वारा जलाभिषेक के साथ यात्रा का समापन हुआ। आयोजन ने क्षेत्र में धार्मिक आस्था के साथ सामाजिक एकता, अनुशासन और सांस्कृतिक परंपराओं का संदेश दिया।

न्यूज गैलरी

प्रीतपाल देवघर यात्रा पर हुए रवाना

दुर्ग/नवप्रदेश। प्रीतपाल बेलचंदन अध्यक्ष जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्या. दुर्ग भिलाई कांवड़ियों के साथ कांवड़ यात्रा पर रवाना हुए। जहां से वे सुल्तानगंज के उत्तरवाहिनी गंगा तट से जल लेकर 105 से 110 किलोमीटर की कठिन पदयात्रा पूरी कर भक्त बाबा धाम पहुंचेंगे। इस यात्रा पर उनकी धर्मपत्नी श्रीमती मोक्ष बेलचंदन भी साथ में गये है।

नवविवाहिता ने फांसी लगाकर दी जान

उतई/नवप्रदेश। थाना क्षेत्र के उमरपोटी में 14 अगस्त की रात एक नवविवाहिता ने घर के कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका की पहचान उत्तर प्रदेश के जौनपुर निवासी रवीना यादव के रूप में हुई है। रवीना की शादी करीब डेढ़ साल पहले विपुल यादव से हुई थी। मायके वालों ने उसकी मौत की वजह पति के कथित एक्स्ट्रा मैरिटल अफेयर और दोनों के बीच हुए विवाद को बताया है। हालांकि, इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि अभी नहीं हुई है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। परिजनों के मुताबिक, 14 अगस्त की रात रवीना और उसका पति घर पर मौजूद थे। इसी दौरान पति की कथित प्रेमिका के घर पहुंचने की बात सामने आई। रवीना को इसकी जानकारी होने पर पति से विवाद हुआ। मृतका के मामा साहब लाल यादव का आरोप है कि विवाद के बाद पति ने रवीना को एक कमरे में बंद कर दिया और कथित प्रेमिका के साथ घर से बाहर चला गया। कमरे में बंद होने के बाद रवीना ने पति से संपर्क करने की कई कोशिशें कीं। रात करीब 12 बजे से 2 बजे के बीच उसने पति को लगभग 17 बार फोन किया, लेकिन किसी कॉल का जवाब नहीं मिला।

बुद्धभूमि परिसर में मनाया स्वतंत्रता दिवस

भिलाई/नवप्रदेश। बुद्धभूमि परिसर, कोसानगर भिलाई में स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में ध्वजारोहण भीमाई महिला मंडल की अध्यक्षा दानशीला रामटेके ने किया। इस अवसर पर महिला मंडल एवं युवा संगठन के सदस्य उपस्थित रहे। अपने उद्बोधन में दानशीला ने कहा कि बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर ने गोलमेज सम्मेलन के माध्यम से महिलाओं के अधिकारों के लिए महत्वपूर्ण पहल की थी। अध्यक्ष नेकराम रामटेके ने बाबा साहब के विचारों को स्मरण करते हुए कहा कि सामाजिक स्वतंत्रता के बिना राजनीतिक स्वतंत्रता का कोई अर्थ नहीं है। उन्होंने मन की स्वतंत्रता को ही सच्ची स्वतंत्रता बताया। कार्यक्रम में महिला मंडल से आशा सुखदेव, अश्विनी कोल्हाटकर, मंगला रामटेके, मिनाक्षी मून, कोमलताई चन्द्रिकापुरे, रानी श्रीरंगे, अनीता गुड़दे, पल्लवी चन्द्रिकापुरे, विनीता भालेकर, मंजूषा मेश्राम, पूर्णिमा मेश्राम, संगीता रामटेके, लक्ष्मी मेश्राम, विजीता मेश्राम, सरिता चन्द्रिकापुरे, गीतेश्वरी रामटेके, नीतू मेश्राम एवं विनीता रंगारी सहित अन्य सदस्य उपस्थित थीं।

बीएमएस ने श्रमिकों की मांगों को लेकर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

भिलाई/नवप्रदेश। भारतीय मजदूर संघ (बीएमएस) जिला दुर्ग ने प्रधानमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। अखिल भारतीय मजदूर संघ के निर्देश पर जिला बीएमएस ने विभिन्न अनुषांगिक संगठनों के साथ राजेंद्र पार्क के सामने एकजुट होकर प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में राजेंद्र कुमार श्रीवास्तव, दिनेश पाण्डेय, हरिशंकर चतुर्वेदी, शरद दुबे, संजय मिश्रा, अनिल सिंह, शशिभूषण मोहंती, उमेश मिश्रा, शिवेद दुबे और प्रदीप पाल ने श्रमिक हितों से जुड़े मुद्दों पर विचार रखे। इसके बाद रैली के रूप में सभी कलेक्ट्रेट पहुंचे। रैली में स्वायत्तशासी कर्मचारी महासंघ, इस्पात मजदूर कर्मचारी संघ, बिजली कर्मचारी संघ, निर्माणी मजदूरी संघ, खदान मजदूर संघ, मध्यान्ह भोजन रसोईया संघ, पोस्टल कर्मचारी संघ और राज्य कर्मचारी संघ के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल हुए। कलेक्टर कार्यालय के सामने पुलिस व्यवस्था के बीच एसडीएम को ज्ञापन सौंपा गया। कार्यक्रम के समापन की घोषणा जिला भारतीय मजदूर संघ अध्यक्ष मिथलेश विश्वकर्मा ने की।

21-22 को विवेकानंद भवन में होगा आयोजन, महिलाओं के लिए गेम्स और 30 स्टॉल लगेगा

रिमझिम सावन मेला को लेकर नगर निगम की व्यापक तैयारियां

दुर्ग/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम दुर्ग द्वारा प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी रिमझिम सावन मेला का आयोजन 21 एवं 22 अगस्त को विवेकानंद भवन सभागार में किया जाएगा। सुबह 11 बजे से शाम 7 बजे तक चलने वाले इस दो दिवसीय मेले को लेकर निगम ने तैयारियां तेज कर दी हैं।

महापौर अलका बाघमार एवं आयुक्त मोहेंद्र साहू ने तैयारियों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों-कर्मचारियों को आवश्यक जिम्मेदारियां सौंपी हैं। मेले में महिलाओं के लिए विभिन्न मनोरंजक गेम्स, सांस्कृतिक गतिविधियां तथा अन्य कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

मेले में स्व-सहायता समूहों एवं महिलाओं द्वारा तैयार उत्पादों की प्रदर्शनी और बिक्री के लिए कुल 30 स्टॉल लगाए जाएंगे। इनमें 20 स्टॉल नागरिकों के लिए होंगे, जिनका शुल्क 1,000 रुपये निर्धारित किया गया है, जबकि 10 स्टॉल स्व-सहायता समूहों के लिए आरक्षित रहेंगे, जिनका शुल्क 500 रुपये होगा। इच्छुक स्टॉल के लिए चित्रलेखा चन्द्राकर से पर संपर्क कर पंजीयन करा सकते हैं।

कार्यक्रम स्थल निरीक्षण के दौरान सांस्कृतिक प्रभारी हर्षिका संभव जैन, महिला एवं बाल विकास प्रभारी शशि साहू, एमआईसी सदस्य लीना दिनेश देवांगन, पार्षद रंजीता पाटिल, लोकेश्वरी ठाकुर, सावित्री दमाहे, सुरूचि उमरे, सरिता चन्द्राकर एवं जलकार्य निरीक्षक नारायण ठाकुर मौजूद रहे। आयोजन के सफल संचालन के लिए सांस्कृतिक विभाग प्रभारी हर्षिका संभव जैन एवं महिला एवं बाल विकास विभाग प्रभारी शशि द्वारिका साहू के समन्वय में तैयारियां की जा रही हैं। आयुक्त मोहेंद्र साहू ने कार्यपालन अभियंता को नोडल अधिकारी नियुक्त करते हुए स्टॉल, मंच, शामियाना, बैठक, पेयजल, विद्युत, माइक, साफ-सफाई, अतिथि सत्कार एवं मंच संचालन सहित विभिन्न व्यवस्थाओं के लिए अधिकारियों-कर्मचारियों को जिम्मेदारियां सौंपी हैं। सभी संबंधित अधिकारियों को सौंपे गए दायित्वों का गंभीरता से निर्वहन करने तथा आयोजन से जुड़ी व्यवस्थाओं के लिए आवश्यक स्वीकृति प्राप्त कर कार्य करने के निर्देश दिए हैं। निगम का उद्देश्य रिमझिम सावन मेला को व्यवस्थित एवं आकर्षक रूप से आयोजित कर महिलाओं और स्व-सहायता समूहों को अपने उत्पादों के प्रदर्शन एवं बिक्री का अवसर उपलब्ध कराना है।

नागपंचमी पर महाभिषेक पूजा में शामिल हुए अरुण वोरा

दुर्ग/नवप्रदेश। पावन श्रावण मास में नागपंचमी के अवसर पर सतरूपा शीतला मंदिर, समृद्धि मार्केट पद्मनाभपुर में भव्य द्वादश ज्योतिर्लिंग महाभिषेक एवं कालसर्प दोष निवारण पूजा का आयोजन किया गया। धार्मिक आयोजन में वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं पूर्व विधायक अरुण वोरा शामिल हुए। वोरा ने भगवान भोलेनाथ का विधिवत पूजन-अर्चन कर प्रदेश एवं शहरवासियों की सुख-समृद्धि, खुशहाली और शांति की कामना की। डॉ. भावना दिवाकर के संयोजन में आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। महाभिषेक के साथ कालसर्प दोष निवारण पूजा भी संपन्न हुई।

शतरंज स्पर्धा 23 को

दुर्ग/नवप्रदेश। जिला शतरंज संघ दुर्ग द्वारा जीएच रायसोनी की स्मृति में दुर्ग संभाग स्तरीय स्कूल शतरंज स्पर्धा का आयोजन 23 अगस्त को खालसा पब्लिक स्कूल दुर्ग में किया जाएगा। इसमें अंडर-7 से अंडर-19 तक के खिलाड़ी भाग ले सकेंगे। स्पर्धा में दुर्ग संभाग के दुर्ग, राजनांदगांव, बेमेतरा, बालोद, कबीरधाम, मानपुर-मोहला एवं खैरागढ़ जिलों के खिलाड़ी शामिल होंगे। प्रतियोगिता में 50 हजार की पुरस्कार राशि, ट्रॉफी, मेडल और ई-सर्टिफिकेट दिए जाएंगे।

रस्साकशी का महा मुकाबला महिला और पुरुष टीमों ने दिखाया दमखम

अहिवारा/नवप्रदेश। रुखड़नाथ बोल बम सेवा समिति के तत्वावधान में लाल मैदान रेलवे क्रॉसिंग अहिवारा में महिला एवं पुरुष वर्ग की रस्साकशी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल रहे। अध्यक्षता पूर्व संघ संचालक एवं छत्तीसगढ़ बिसरा राम यादव ने की। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष सरस्वती बंजारे, चंचल बाफना, विजेन्द्र जिंदल, नपा आयुक्त प्रवीण कुमार गहलोत, समिति अध्यक्ष रितेश अग्रवाल, पूर्व एल्डरमैन अभिषेक सिंह एवं क्रीड़ा भारती के उपाध्यक्ष रोहित द्विवेदी सहित अन्य अतिथि उपस्थित रहे। आयोजन समिति द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया। प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग के विजेता को 21,001 रुपये और उपविजेता को 11,001 रुपये, जबकि महिला वर्ग के विजेता को 15,001 रुपये और उपविजेता को 7,501 रुपये का पुरस्कार दिया गया। महिला वर्ग में वार्ड क्रमांक 7 की पूजा यादव की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, वहीं पुरुष वर्ग में विजय गिरी की टीम विजेता रही। समिति के संयोजक एवं अध्यक्ष विधानंद कुशवाहा ने बताया कि समिति द्वारा लगातार खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती रही हैं। इस बार कुछ नया करने के उद्देश्य से रस्साकशी प्रतियोगिता आयोजित की गई, ताकि खेलों के प्रति लोगों की रुचि बढ़े। मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल ने विजेता एवं प्रतिभागी टीमों को बधाई देते हुए कहा कि खेलों से उमंग और उत्साह बढ़ता है। जीत-हार खेल का हिस्सा है, लेकिन हार से सीख लेकर खिलाड़ी अगली प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रयास करता है। बिसरा राम यादव ने खिलाड़ियों से खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में भाग लेने का आह्वान किया।

एसएमएस-3 में इन-हाउस तकनीकी विशेषज्ञता से विकसित लांस जाम कटिंग कॉम्प्लेक्स का लोकार्पण

भिलाई/नवप्रदेश। भिलाई इस्पात संयंत्र के स्टील मेल्टिंग शॉप-3 (एसएमएस-3) में कार्यस्थल सुरक्षा और परिचालन विश्वसनीयता बढ़ाने के उद्देश्य से नवीन इन-हाउस लांस जाम कटिंग कॉम्प्लेक्स का लोकार्पण 14 अगस्त 2026 को कार्यकारी कार्यपालक निदेशक (वर्क्स) बीके बेहरा ने किया। सुविधा बीओएफ कॉम्प्लेक्स में बीओएफ-3 के बाद पुराने लांस कटिंग स्टैंड के समीप विकसित की गई है। बेहरा ने एसएमएस-3 की टीम को बधाई देते हुए इन-हाउस तकनीकी विशेषज्ञता के उपयोग की सराहना की। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रयास सुरक्षित एवं विश्वसनीय परिचालन के साथ लागत अनुकूलन और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देते हैं। नवीन कॉम्प्लेक्स को ऊंचाई पर लांस जाम कटिंग कार्य की सुरक्षा आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए बेहतर कार्य प्लेटफॉर्म, सुगम पहुंच और आवश्यक सुरक्षा प्रावधानों के साथ विकसित किया गया है। इससे लांस जाम कटिंग जैसी महत्वपूर्ण गतिविधियों को अधिक सुरक्षित और नियंत्रित तरीके से करने में मदद मिलेगी तथा संभावित असुरक्षित परिस्थितियों को कम किया जा सकेगा। इस परियोजना की खास बात यह रही कि इसकी संकल्पना, डिजाइन और निष्पादन भिलाई इस्पात संयंत्र की इन-हाउस तकनीकी विशेषज्ञता एवं उपलब्ध संसाधनों से किया गया। कॉम्प्लेक्स का डिजाइन उप महाप्रबंधक (मैकेनिकल) राकेश वृष्णवंशी ने सेवानिवृत्त महाप्रबंधक संजीबा मिश्रा एवं महाप्रबंधक अजीत नारायण के मार्गदर्शन में तैयार किया। इसके निष्पादन में वरिष्ठ प्रबंधक चंदन चतुर्वेदी, वरिष्ठ प्रबंधक अमृत अशुग पाल एवं उप प्रबंधक एन.जे. राव की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

बिरेभाट और अछोटी में हर्षोल्लास से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

नंदिनी अहिवारा/नवप्रदेश। ग्राम बिरेभाट के जोशी पारा में 80वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास एवं उमंग के साथ मनाया गया। समाजसेवी गैंदलाल जोशी ने ध्वजारोहण किया।

इस अवसर पर सरपंच ज्ञानदास नारंगे, उपसरपंच माया जोशी, पूर्व सरपंच भूपेंद्र वर्मा, सचिव गोपाल यादव, रोजगार सहायक देवेंद्र ठाकुर सहित विद्यालय के शिक्षक, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

वहीं ग्राम अछोटी के शासकीय प्राथमिक शाला में भी स्वतंत्रता दिवस समारोह गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। पूर्व जनपद सदस्य त्रिवेणी बघेल एवं सरपंच ने ध्वजारोहण किया। इसके बाद विद्यार्थियों एवं ग्रामीणों ने राष्ट्रगान के साथ तिरंगे को सलामी दी।

कार्यक्रम में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों एवं अमर शहीदों के त्याग और बलिदान को याद करते हुए विद्यार्थियों को देश की एकता, अखंडता, अनुशासन और राष्ट्रप्रेम के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर चल रहे हर घर तिरंगा अभियान की जानकारी देते हुए ग्रामीणों से अपने घरों पर सम्मानपूर्वक तिरंगा फहराने का आह्वान किया गया।

पूर्व जनपद सदस्य त्रिवेणी बघेल ने कहा कि विद्यार्थी देश का भविष्य हैं। उन्हें बेहतर शिक्षा और संस्कार देकर जिम्मेदार नागरिक बनाना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में चेतन श्रीवास्तव, विद्यालय के शिक्षक, विद्यार्थी, ग्रामीणजन एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। समारोह का समापन राष्ट्र की एकता एवं अखंडता बनाए रखने और तिरंगे का सम्मान करने के संकल्प के साथ हुआ।

आज राष्ट्रीय नशा विरोधी शपथ कार्यक्रम

दुर्ग/नवप्रदेश। नशा मुक्त भारत अभियान के छठवें वर्ष में प्रवेश होने के अवसर पर भारत सरकार द्वारा 18 अगस्त को देशभर में 'राष्ट्रीय नशा विरोधी' शपथ कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिले में भी अधिकतम जनसहभागिता सुनिश्चित करते हुए जिले की कुल जनसंख्या के कम से कम 10 प्रतिशत लोगों को इस अभियान से जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। जिले के सभी स्कूलों, महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों, निजी एवं सार्वजनिक संस्थानों तथा शासकीय कार्यालयों में राष्ट्रीय नशा विरोधी शपथ दिलाई जाएगी। विद्यार्थियों, युवाओं, महिलाओं, शासकीय अधिकारियों-कर्मचारियों एवं आम नागरिकों को नशा मुक्त भारत अभियान की वेबसाइट पर तथा सहभागिता प्रमाण-पत्र डाउनलोड करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। कार्यक्रम के ब्रांडिंग के लिए नशा मुक्त भारत अभियान का लोगो, शुभंकर, हेल्पलाइन नंबर 14446 सहित अन्य आईईसी सामग्री का उपयोग किया जाएगा। सभी विभागों प्रमुखों को कार्यक्रम आयोजित कर संक्षिप्त प्रतिवेदन एवं फोटोग्राफ कार्यालय उपसंचालक समाज कल्याण विभाग के ई-मेल पर भेजना है।

मैराथन दौड़ से दिया 'फिट इंडिया, हिट इंडिया' का संदेश, उत्कृष्ट कर्मचारियों और 'स्वच्छता वीरों' का सम्मान

एसआर हॉस्पिटल में धूमधाम से मनाया गया 80वां स्वतंत्रता दिवस

दुर्ग/नवप्रदेश। एसआर हॉस्पिटल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर में 80वां स्वतंत्रता दिवस देशभक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा के वरिष्ठ नेता राम उपकार तिवारी रहे। समारोह में ध्वजारोहण, राष्ट्रगान, वंदे मातरम, मैराथन दौड़ एवं सम्मान समारोह आयोजित किए गए। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के चेयरमैन एवं लोकतंत्र प्रहरी मीडिया ग्रुप प्रधान संपादक संजय तिवारी द्वारा ध्वजारोहण के साथ हुआ। तिरंगा फहराते ही परिसर राष्ट्रभक्ति के भाव से भर गया। उपस्थित लोगों ने राष्ट्रगान एवं वंदे मातरम् का सामूहिक गायन किया। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 'फिट इंडिया, हिट इंडिया' का संदेश देते हुए 4 किलोमीटर मैराथन दौड़ आयोजित की गई। दौड़ एसआर हॉस्पिटल परिसर से शुरू होकर करहीडीह चौक तक गई और वापस अस्पताल परिसर में समाप्त हुई। इसमें डॉक्टरों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों एवं अन्य प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। समारोह में वर्षभर उत्कृष्ट कार्य और सेवा भावना के लिए प्रेमलाल चंद्राकर, डॉ. अश्वनी शुक्ला, सिस्टर सीमा बरहरे, तनुजा, जाकिर हुसैन, राजेश त्रिपाठी, रामचंद्र देशमुख, आशीष गिरी, अभिषेक रिछारिया, सीमा शर्मा, यमुना पटेल, भूमिका ठाकुर, नेहा ठाकुर, प्रियेश मिश्रा, रुपेश, अरविंद खैरवार, अफसार निशा, चेतन, संतोष देवांगन, छोटू तिवारी, लक्की शर्मा सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। अस्पताल को स्वच्छ एवं व्यवस्थित बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले सफाईकर्मियों को 'स्वच्छता वीर' के रूप में सम्मानित किया गया। अतिथियों ने उनके योगदान की सराहना करते हुए कहा कि स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण बनाने में उनकी भूमिका महत्वपूर्ण है। मुख्य अतिथि राम उपकार तिवारी एवं चेयरमैन संजय तिवारी ने सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए डॉक्टरों, नर्सिंग स्टाफ, विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों की सेवा भावना की सराहना की। इस अवसर पर डॉ. रंजन सेन गुप्ता, के.के. जैन, वाईके शर्मा, विश्वामित्र दयाल, विष्णु मिश्रा, लोकतंत्र प्रहरी के संपादक संतोष कुमार दुबे, अमित मिश्रा, शंकर सहानी सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के अंत में वरिष्ठ समाजसेवी अखिलेश सिंह विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुए। वहीं संस्था की कर्मी कु. रेखा पारकर का जन्मदिन भी केक काटकर मनाया गया। बड़ी संख्या में डॉक्टर, नर्सिंग स्टाफ कर्मचारी, छात्र-छात्राएं एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

सहकारी बैंक में अध्यक्ष प्रीतपाल ने किया ध्वजारोहण

दुर्ग/नवप्रदेश। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित दुर्ग परिसर में 80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर बैंक अध्यक्ष प्रीतपाल बेलचंदन ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति में ध्वजारोहण किया। उन्होंने स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को स्मरण करते हुए सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं। अपने उद्बोधन में बेलचंदन ने कहा कि पूर्वजों द्वारा सौंपी गई विरासत को सहेजते हुए देश की प्रगति में योगदान देना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने संविधान का पालन करते हुए बैंक की तरक्की के लिए समर्पित भाव से कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान में बैंकिंग क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा बढ़ी है, ऐसे में सहकारिता के माध्यम से किसानों एवं अमानतदारों को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराना जरूरी है। बैंक मुख्य कार्यपालन अधिकारी एस.के. वर्मा ने कहा कि संविधान के नियमों के दायरे में सभी मिल-जुलकर जिम्मेदारी से कार्य करते हुए बैंक को आगे बढ़ाएंगे। उन्होंने आधुनिक तकनीक को बैंकिंग व्यवस्था में लागू करने तथा अमानतदारों को बेहतर सुविधाएं देने को बैंक का प्रमुख ध्येय बताया। पूर्व संचालक रमाकांत द्विवेदी ने वीर शहीदों को नमन करते हुए देशहित में कार्य करने का संकल्प दोहराया। शिव चंद्राकर ने कहा कि सहकारिता के क्षेत्र में सबसे कमजोर एवं अंतिम पंक्ति के व्यक्ति का समग्र विकास प्राथमिकता होनी चाहिए। एस.के. निवसरकर, हृदेश शर्मा, कुसुम ठाकुर, रोहित वर्मा, कर्मचारी संघ अध्यक्ष एस.पी. अग्रवाल एवं विधि सलाहकार सुधीर तिवारी ने भी अपने विचार रखे। संचालन धीरेन्द्र देवांगन ने किया। इस अवसर पर केके नायक, एसपी वाहने, एएस खान, रामकुमार वर्मा, आरके मोहनमाला, चंद्रशेखर मानिकपुरी सहित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

संक्षिप्त खबरें

पानी टैंकर का शुभारंभ, ग्रामीणों को मिलेगी पेयजल सुविधा

नगरी/नवप्रदेश। ग्रामीणों को पेयजल एवं अन्य आवश्यक कार्यों के लिए सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पानी टैंकर का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने पानी टैंकर का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि पानी टैंकर की सुविधा से गर्मी के दिनों सहित आवश्यकता के समय ग्रामीणों को पेयजल उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी। साथ ही सामाजिक एवं सार्वजनिक आयोजनों में भी इसका उपयोग किया जा सकेगा। जिसमें जनपद उपाध्यक्ष हृदय साहू सरपंच हिरोदी बाई धुव उपसरपंच जीत बाई भारद्वाज ,ग्राम समिति अध्यक्ष धन सिंह साहू, पूर्व सचिव दीन दयाल भारद्वाज, वरिष्ठ नागरिक बिसाहू राम ध्रुव ,महिला मंडल अध्यक्ष रोहणी सेन कोषाध्यक्ष कन्हैया देवांगन, सचिव नागेंद्र मरकाम, पूर्व सरपंच जगन्नाथ कश्यप, बाल मंडली अध्यक्ष रज्जू ध्रुव, वरिष्ठ नागरिक जयचंद कुआंम, किरसा धुराम ध्रुव, सदस्य हरिशा साहू, मरकाम, पंच देवकुमार कश्यप सहित अन्य पंच एवं ग्रामीणजन मौजूद रहे। महिला मंडल अध्यक्ष शोभनी सेन सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने कार्यक्रम में सहभागिता की।जिसमें ग्रामीणों ने पानी टैंकर की सुविधा शुरू होने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे जनहित में महत्वपूर्ण पहल बताया।

जीवन यादव गांव –गोरेगांव को जिला युवा प्रकोष्ठ का अध्यक्ष बनाया गया

नगरी/नवप्रदेश। यादव समाज जिला धमतरी का कार्यकारिणी बैठक दिनांक 16 अगस्त 2026 को ग्राम बनरौद में रखा गया जिसमें समाज के विकास तथा सामाजिक गतिविधियों पर विचार विमर्श किया गया। जिसमें युवा प्रकोष्ठ के वर्तमान जिला अध्यक्ष दिनेश यादव (डी के यादव)को सामाजिक अनुशासनहीनता पाए जाने के कारण जिला धमतरी युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष पद को समाप्त कर

दिया जो सामाजिक प्रतिष्ठा के लिए अनुशासनहीनता की बात है, जिससे हमारे यादव समाज के अध्यक्ष पद के लिए अपमान की बात थी। साथ ही युवा प्रकोष्ठ के नए जिला अध्यक्ष का चुनाव सर्वसम्मति से किया गया जिसमें जीवन यादव गोरेगांव सिहावा क्षेत्र को जिला युवा प्रकोष्ठ का अध्यक्ष बनाया गया। जिसमें जिला अध्यक्ष मनराखान यादव चिखली उपाध्यक्ष गनेश यादव गड्डोंगरी अंकालू यादव गोबरा गोवर्धन यादव पांडरवही चिरंजीव यादव योगेश यादव मन्नू यादव जसवंत यादव पतिराम यादव अनिल यादव महिला प्रकोष्ठ खेमिन यादव एवं जिला कार्यकारिणी सभी सदस्य उपस्थित थे।

बोल बम समिति देउरपारा में हजारों शिव भक्तों को दिलाई नशामुक्ति की प्रतिज्ञा

नगरी/ नवप्रदेश। नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सेवाकेंद्र नगरी द्वारा बोल बम समिति देउरपारा में विशेष नशामुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में हजारों की संख्या में पहुंचे शिव भक्तों एवं कांवरियों को नशे से होने वाले शारीरिक, मानसिक और सामाजिक दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करते हुए नशे से दूर रहने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के दौरान बोल बम समिति देउरपारा के पदाधिकारियों द्वारा राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी भावना बहन का आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। समिति की ओर से उन्हें शिव प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इसके पश्चात ब्रह्माकुमारीज नगरी की राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी भावना बहन ने उपस्थित शिव भक्तों को संबोधित करते हुए कहा कि नशा व्यक्ति के स्वास्थ्य के साथ-साथ उसके परिवार और समाज को भी प्रभावित करता है।

जीनियस पब्लिक स्कूल में देशभक्ति के रंग में रंगा स्वतंत्रता दिवस समारोह

छोटे छोटे बच्चे देश भक्ति गीत शानदार प्रस्तुत दी

नगरी/नवप्रदेश। जीनियस पब्लिक स्कूल, नगरी में 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस का राष्ट्रीय पर्व हर्षोल्लास, उमंग और देशभक्ति की भावना के साथ गरिमामय वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम की विशेष परंपरा के तहत क्षेत्र के पत्रकार बंधुओं के कर-कमलों से ध्वजारोहण किया गया। इसके पश्चात विद्यालय परिवार ने सभी पत्रकारों का आत्मीय स्वागत एवं सम्मान किया।

ध्वजारोहण के बाद विद्यार्थियों ने देशभक्ति और भारतीय संस्कृति पर आधारित मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। बच्चों की शानदार प्रस्तुतियों

ने अतिथियों, अभिभावकों एवं दर्शकों को भाव-विभोर कर दिया। सांस्कृतिक प्रतियोगिता में विद्यालय के चारों समूहों ने पूरे उत्साह और आत्मविश्वास के साथ अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। निर्णायक की भूमिका सु एकता पचौरी एवं सु नारंग मैडम ने निभाई और प्रस्तुतियों का निष्पक्ष मूल्यांकन किया।

प्रतियोगिता में पृथ्वीराज ग्रुप ने प्रथम, अशोका ग्रुप ने द्वितीय तथा महाराणा ग्रुप ने तृतीय स्थान प्राप्त किया, जबकि शिवाजी ग्रुप चौथे स्थान पर रहा। सभी समूहों के विद्यार्थियों के प्रदर्शन की अतिथियों एवं विद्यालय प्रबंधन ने सराहना की।

कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था के प्राचार्य सूरज सिंह नाग एवं समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही। शिक्षकों ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करने के साथ आयोजन को व्यवस्थित बनाने में सक्रिय सहभागिता निभाई।

संस्था के मैनेजिंग डायरेक्टर मोहन सोनी, संतोष अगलावे एवं सु ऐश्वर्या ने विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि बच्चों की प्रतिभा को मंच प्रदान करना विद्यालय की प्राथमिकता है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी।विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि पत्रकारों के माध्यम से ध्वजारोहण की यह परंपरा कई वर्षों से जारी है। यह पत्रकारिता जगत के प्रति सम्मान तथा समाज निर्माण में पत्रकारों की भूमिका के प्रति विद्यालय परिवार की कृतज्ञता का प्रतीक है। कार्यक्रम का समापन आभार प्रदर्शन के साथ हुआ। पूरा आयोजन राष्ट्रप्रेम, अनुशासन और उत्साह से ओत-प्रोत रहा।

उमरगांव में स्वतंत्रता धूम धाम से मनाया गया

नगरी। ग्राम पंचायत उमरगांव में 15 अगस्त, स्वतंत्रता दिवस का पर्व बड़े हर्षोल्लास से मनाया गया। ग्राम पंचायत भवन परिसर में मुख्य अतिथि सरपंच अंजना ध्रुव ने ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी और स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई दी। ग्राम के सरस्वती शिशु मंदिर और चौक चौराहों एवं शासकीय भवनों पर तिरंगा झंडा फहराया गया और स्कूली छात्र छात्राओं द्वारा प्रभात फेरी निकाली गई। बच्चे देशभक्ति नारों के साथ गांव की गलियों और चौराहों से होते हुए शाला परिसर पहुँचे, जहां मुख्य कार्यक्रम आयोजित था।स्कूली छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति गीत, कविताएं, भाषण और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। उमरगांव के स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को याद कर परिवार वालों को सम्मान किया। इस कार्यक्रम पंचायत प्रतिनिधि एवं बुजुर्ग एवं शाला परिवार सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।

करीब 300 किलो तैयार पनीर जब्त कर सैंपल जांच के लिए रायपुर भेजा गया

वैद्य फूड में देर रात प्रशासन का छापा

■ **एनालॉग पनीर बनाने और बेचने की शिकायत, तीन घंटे चली संस्थान की जांच**

महासमुंद/नवप्रदेश। एनालॉग (कृत्रिम) पनीर के निर्माण एवं विक्रय पर प्रतिबंध के उल्लंघन की आशंका के बीच जिला प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। राजस्व, खाद्य एवं औषधि प्रशासन तथा पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने जिला मुख्यालय से करीब तीन किलोमीटर दूर भलेसर रोड स्थित वैद्य फूड में बीती देर रात छापेमारी की। एसडीएम अक्षा गुप्ता के नेतृत्व में हुई इस कार्रवाई में अधिकारियों ने करीब तीन घंटे तक संस्थान की जांच की।

जानकारी के अनुसार, रात्रि करीब 12 बजे तहसीलदार जुगल किशोर, नायब तहसीलदार हरीश ध्रुव तथा खाद्य एवं औषधि प्रशासन के खाद्य सुरक्षा अधिकारी शंखनाद भोई सहित अधिकारियों और पुलिस की संयुक्त टीम वैद्य फूड पहुंची। जांच के दौरान संस्थान में देर रात पनीर का निर्माण किए जाने की स्थिति सामने आई। मौके पर उपलब्ध पनीर तथा उसके निर्माण में उपयोग की जाने वाली सामग्री की गुणवत्ता को लेकर संदेह उत्पन्न होने पर अधिकारियों ने तैयार पनीर को अपने कब्जे में लेकर कार्रवाई की।

करीब 300 किलो पनीर जब्त, आगे रिपोर्ट पर नजर

प्रशासन की ओर से उपलब्ध जानकारी के अनुसार जांच के दौरान लगभग 300 किलोग्राम तैयार पनीर जब्त किया गया है। हालांकि कार्रवाई के दौरान तैयार पनीर की मात्रा को लेकर मौके से प्राप्त जानकारी में करीब 300 किलोग्राम का भी उल्लेख किया गया है। अंतिम मात्रा विभागीय अभिलेख एवं जांच कार्रवाई के आधार पर स्पष्ट होगी। अधिकारियों ने संस्थान में उपलब्ध खाद्य सामग्री, पनीर निर्माण की प्रक्रिया और उसमें उपयोग होने वाली सामग्री से संबंधित आवश्यक जानकारी भी जुटाई है।

रिपोर्ट आने के बाद होगी कार्रवाई

अभिहित अधिकारी उमेश कुमार वर्मा ने बताया कि जब्त पनीर का सैंपल राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला, रायपुर भेजा जा रहा है। प्रयोगशाला से जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद खाद्य सुरक्षा अधिनियम एवं संबंधित प्रावधानों के तहत आगे की कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन का कहना है कि खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करना और प्रतिबंधित अथवा मिलावटी खाद्य पदार्थों के निर्माण एवं विक्रय पर प्रभावी नियंत्रण रखना प्राथमिकता है। आयुक्त खाद्य एवं औषधि प्रशासन तथा जिला प्रशासन के निर्देशानुसार खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता और उपभोक्ताओं की सुरक्षा से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। खाद्य प्रतिष्ठानों की जांच और कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। कार्रवाई के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी शंखनाद भोई, तहसीलदार जुगल किशोर, नायब तहसीलदार हरीश ध्रुव सहित पुलिस विभाग की टीम मौजूद रही।

वैध फूड के संचालक शोभित सिंह का कहना है नियमित रूप से जांच होती रहती है। कल रात भी जांच टीम आई, और उन्होंने प्रोडक्शन देखा। दुध से बना पनीर देखा। प्लांट अभी सील नही किया गया है। सैंपल सेफ रखा गया। पनीर गर्म होने के कारण सैंपल पंचनामा नही हो सकता था।

कोल्ड स्टोरेज खोलकर लिया गया सैंपल

कार्रवाई के दौरान सील किए गए कोल्ड स्टोरेज में रखे पनीर को अगले दिन सुबह नियमानुसार खोलकर उसकी जांच की गई। अधिकारियों ने खाद्य सामग्री की वास्तविक स्थिति और गुणवत्ता की पुष्टि के लिए पनीर का नमूना लिया। जब्त पनीर का सैंपल अब राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला, रायपुर भेजा जा रहा है। जांच रिपोर्ट के आधार पर ही यह स्पष्ट होगा कि पनीर निर्धारित खाद्य गुणवत्ता मानकों पर खरा उतरता है या नहीं।

स्वतंत्रता दिवस पर राष्ट्रभक्ति से गूंजा नगर, अजय कोचर ने किया ध्वजारोहण

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। देश की आन, बान

और शान का प्रतीक स्वतंत्रता दिवस इस वर्ष पूरे अंचल सहित वार्ड क्रमांक 10 में भी पूरे उत्साह और राष्ट्रभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। आजादी के पावन पर्व 15 अगस्त 2026 के अवसर पर छत्तीसगढ़ महतारी चौक, वार्ड क्रमांक 10 में भव्य ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष एवं पूर्व पार्षद अजय कोचर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उनके द्वारा सुबह ठीक 8 बजे राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। इस अवसर पर वार्डवासी एवं क्षेत्र के नागरिक राष्ट्रध्वज को सलामी देकर स्वतंत्रता संग्राम के अमर वीरों और देश के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले शहीदों को नमन किया। वार्डवासियों ने इस गौरवमयी राष्ट्रीय पर्व में बड़ी संख्या में शामिल होकर राष्ट्रीय एकता, अखंडता और देशभक्ति की भावना को मजबूत किया।

सरस्वती शिशु मंदिर में स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया

डोंगरगढ़/नवप्रदेश। सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डोंगरगढ़ में स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया इस अवसर पर उपस्थित थे पूर्व विधायक राम जी भारती विद्यालय के अध्यक्ष नारायण लाल अग्रवाल कोषाध्यक्ष नीलम चोपड़ा सह सचिव प्रकाश गिरधर पूर्व अध्यक्ष सुनील जैन प्रभाकर राव गिरधर लक्ष्मी नारायण अग्रवाल केशव अग्रवाल प्राचार्य प्रकाश यादव प्रधानाचार्य जागेश्वर लाल निषाद विद्यालय के अध्यक्ष महोदय द्वारा ध्वजारोहण किया गया फिर राष्ट्रगान और राष्ट्र गीत गाया गया फिर पूजा अर्चना सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम आरंभ हुआ विद्यालय के भैया बहनों द्वारा अंग्रेजी में और संस्कृत में भाषण , गीत, कविता, एकल अभिनय, योग, नृत्य,रिकॉर्डिंग डांस सामूहिक नृत्य एवं राज्य गीत भी प्रस्तुत किया गया विद्यालय के होनहार विद्यार्थी बहन प्रतिभा वर्मा को विद्याभूषण सम्मान समारोह के अंतर्गत ?5000 का चेक प्रदान किया गया जिन्होंने कक्षा दसवीं में 92.3 परसेंट प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किए हैं कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों में प्रसाद वितरण किया गया कार्यक्रम का सफल संचालन वरिष्ठ आचार्य थैलेश साहू बोधन भारद्वाज,लता सोनकर तथा कुछ विद्यार्थियों ने सामूहिक रूप से किया कार्यक्रम को सफल बनाने में पूरे विद्यालय परिवार का सहयोग रहा। इसी प्रकार 14 अगस्त को सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डोंगरगढ़ में अखंड भारत दिवस मनाया गया इस अवसर पर उपस्थित थे बालमुकुंद तराने, हनि गुप्ता मुकुंद मोहन साहू, सुब्रतो राय विनोद ढकने प्राचार्य प्रकाश यादव वरिष्ठ आचार्य सुरेश दास वैष्णव थैलेश साहू बोधन भारद्वाज आदि उपस्थित थे।

वंदे मातरम् के कथित अपमान के विरोध में भाजयुमो की मशाल रैली

■ **कांग्रेस से 24 घंटे में सार्वजनिक माफी मांगने की मांग, कांग्रेस कार्यालय के बाहर सामूहिक राष्ट्रगीत गायन**

महासमुंद/नवप्रदेश। भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) ने राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम्' के कथित अपमान के विरोध में सोमवार को शहर में मशाल रैली निकालकर प्रदर्शन किया। भाजयुमो जिला अध्यक्ष अमन वर्मा के नेतृत्व में आयोजित रैली के दौरान कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस कार्यालय के बाहर सामूहिक रूप से 'वंदे मातरम्' का गायन किया और राष्ट्रीय गीत के सम्मान का संदेश दिया।

भाजयुमो जिलाध्यक्ष अमन वर्मा ने आरोप लगाया कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर वंदे मातरम् को लेकर कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं सोनिया गांधी, राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खरगे का रवैया राष्ट्रीय गीत का अनादर करने वाला है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय प्रतीकों और राष्ट्रभावना का सम्मान प्रत्येक नागरिक का दायित्व है। उन्होंने कांग्रेस से कथित अपमान के लिए 24 घंटे के भीतर सार्वजनिक रूप से माफी मांगने की मांग की।

वर्मा ने कहा कि भाजयुमो राष्ट्रीय गीत, तिरंगे और देश की राष्ट्रभावना के सम्मान के लिए लगातार आवाज उठाता रहेगा। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रगीत के सम्मान और राष्ट्रभावना को मजबूत करने का संकल्प लिया। रैली में भाजपा जिलाध्यक्ष येतराम साहू, विधायक योगेश्वर राजू सिंह, बीज निगम अध्यक्ष चन्द्रहास चंद्राकर, जिला महामंत्री थान सिंह दीवान, जिला उपाध्यक्ष प्रदीप चंद्राकर, जिला मंत्री मनीष बंसल, जिला कोषाध्यक्ष राहुल चंद्राकर, भाजयुमो जिला प्रभारी अनु ठेठवार चटर्जी, सह प्रभारी सत्यम चंद्राकर सहित भाजपा एवं भाजयुमो के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

गिरनार मंडन 22वें तीर्थंकर प्रभु नेमिनाथ प्रभु का जन्म कल्याणक जप-तप के साथ मनाया गया

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। देवाधिदेव जीव दया प्रतिपालक 22वें तीर्थंकर गिरनार मंडन नेमिनाथ प्रभु का जन्म कल्याणक स्थानीय श्वेताम्बर जैन मंदिर प्रांगण में सोल्लास मनाया गया।

इस प्रसंग पर पूज्य भव्य मुनि जी ने अपने उद्बोधन में कहा प्रभु का कल्याणक दिवस 14 राजलोक के सभी जीवों को आनंद की अनुभूति प्रदान करता है। कल्याणक शब्द का अर्थ है आनंददायी। प्रभु नेमिनाथ ने युवावस्था में ही स्वर्ण राजसी वैभव का त्यागकर जीवदया के लिए वैराग्य का मार्ग अपनाया।

कल्याणक दिवस मनाने का सौभाग्य हमें प्राप्त हुआ है हम भाग्यशाली हैं। आज का दिवस हमें प्रेरणा देता है कि प्रभु का जन्म कल्याणक दिवस हमें तारने वाला बने। धर्म की बातें तो हम बड़ी-बड़ी करते हैं आवश्यकता है धर्म पालन करने की। परमात्मा की आज्ञा अनुसार

जीवन जीने की। तभी जन्म कल्याणक मनाने की सार्थकता है।

प्रभु नेमिनाथ जन्म कल्याणक महोत्सव : प्रभु नेमिनाथ जन्म कल्याणक महोत्सव के उपलक्ष्य में आज श्वेताम्बर जैन मंदिर प्रांगण में अत्यंत भव्य पंच कल्याणक पूजा कराने का लाभ गुलाबचंद बंगानी परिवार ने लिया। जिन शासन सेवा ग्रुप की सदस्यों ने सुमधुर भजनों की प्रस्तुति के साथ पूजन में चार चांद लगाए। उपस्थित धर्म प्रेमी बंधुओं ने भाव विभोर होकर पूजन का लाभ लिया। सेवा ग्रुप के द्वारा प्रभावना भी रखी गई।

संघ में तपस्या का ठाठ - रजत बंगानी के आज 18 उपवास : आज नेमिनाथ जन्म कल्याणक दिवस के उपलक्ष्य मनोहर बहु मंडल द्वारा सामूहिक एकासना की व्यवस्था मान तारा बोथरा भवन में रखी गई। कल्याणक दिवस पर अनेक धर्म प्रेमी बंधुओं ने एकासना का व्रत लिया। प्रतिदिन आयंबिल एवं समवेत शिखर तप सतत गतिमान है। चातुर्मास में तपस्या का ठाठ लगा हुआ है। विशेष दीर्घ तप के रूप में आज रजत बंगानी ने पूज्य भव्य मुनि जी से 18 उपवास का पच्चखाण लिया। आगे तपस्या जारी है। उपस्थित संघ सदस्यों ने दीर्घ तपस्वी के तप की अनुमोदना स्वरूप जय कारा लगाया।

तीन नए ब्लैक स्पॉट का संयुक्त टीम ने किया निरीक्षण

■ **दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए सुरक्षा उपायों की रूपरेखा तैयार**

महासमुंद/नवप्रदेश। जिले में सड़क दुर्घटनाओं की संभावनाओं को कम करने और चिन्हित दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में आवश्यक सुरक्षा इंतजाम सुनिश्चित करने के उद्देश्य से परिवहन विभाग, यातायात पुलिस एवं भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) की संयुक्त जांच टीम ने तीन नवीन ब्लैक स्पॉट का स्थल निरीक्षण किया। टीम ने मौके पर पहुंचकर दुर्घटनाओं के संभावित कारणों का जायजा लिया और आवश्यक सुधारात्मक एवं यातायात सुरक्षा उपायों की रूपरेखा तैयार की।

संयुक्त जांच दल में जिला परिवहन अधिकारी प्रतीक शुक्ला, उप पुलिस अधीक्षक (यातायात) गोपाल ध्रुवे सहित एनएचएआई के अधिकृत अधिकारी शामिल रहे। टीम ने चिन्हित तीनों स्थानों का मौके पर विस्तृत निरीक्षण कर सड़क की स्थिति, यातायात व्यवस्था तथा दुर्घटना की संभावनाओं से जुड़े

विभिन्न पहलुओं का अवलोकन किया।

ये तीन स्थान बने नवीन ब्लैक स्पॉट

जिले में चिन्हित नवीन ब्लैक स्पॉट में करणी कृपा प्लांट, तुमगांव, एनएच-53, बावनकेरा चौक, थाना पटेवा, एनएच-53 तथा न्यू गिल ढाबा, साल्हेतराई, थाना बसना, एनएच-53 शामिल हैं।

निरीक्षण के दौरान टीम ने इन स्थानों पर दुर्घटनाओं के संभावित कारणों और सड़क सुरक्षा से संबंधित आवश्यकताओं का बारीकी से जायजा लिया। साथ ही, दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए जरूरी सुधारात्मक उपायों पर भी चर्चा की गई।

सुरक्षा उपायों पर दिया जोर

संयुक्त टीम ने ब्लैक स्पॉट पर आवश्यक यातायात सुरक्षा उपायों को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए कार्ययोजना निर्धारित की। संबंधित विभागों द्वारा आवश्यक सुधारात्मक कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने पर सहमति बनी। अधिकारियों के अनुसार, चिन्हित स्थानों पर आवश्यक सुरक्षा उपाय किए जाने से वाहन चालकों को बेहतर यातायात सुविधा मिलेगी तथा सड़क दुर्घटनाओं की संभावना को कम करने में मदद मिलेगी।

प्रशासन एवं संबंधित विभागों का उद्देश्य जिले के दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में समय रहते आवश्यक सुधार कर सड़क सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करना और लोगों के जीवन की सुरक्षा सुनिश्चित करना है।

नपं नगरी में उत्कृष्ट कर्मचारियों का सम्मान, बढ़ाया हौसला

नगरी/नवप्रदेश। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर नगर पंचायत नगरी प्रांगण में अधिकारी-कर्मचारी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा, उपाध्यक्ष विकास बोहरा, पार्षदों एवं एल्डरमैन की उपस्थिति में हुआ। इस दौरान उत्कृष्ट कार्य एवं जिम्मेदारियों का बेहतर ढंग से निर्वहन करने वाले तीन कर्मचारियों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। नगर पंचायत में प्रत्येक वर्ष 15 अगस्त एवं 26 जनवरी के अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों के साथ नगरहित में उल्लेखनीय योगदान देने वाले नागरिकों एवं व्यापारियों को सम्मानित करने की परंपरा है। इसी क्रम में इस वर्ष राजेंद्र साहू, अभिषेक मरकाम और कमल नारायण सिन्हा को उनके कार्यों के लिए सम्मान प्रदान किया गया।

नगर पंचायत कर्मचारी राजेंद्र साहू को राजस्व वसूली में बेहतर प्रदर्शन एवं निकाय की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने की दिशा में किए गए प्रयासों तथा सौंपे गए दायित्वों के सफल निर्वहन के लिए सम्मानित किया गया।

नई ऊर्जा और नई कार्यशैली का संचार, 61 ग्राम पंचायत सचिवों के मूल प्रभार में बदलाव

■ **10 वर्षों से अधिक समय से एक ही पंचायत में पदस्थ सचिवों के प्रभार बदले, पारदर्शिता**

धमतरी/नवप्रदेश। जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में प्रशासनिक व्यवस्था को अधिक सक्रिय, पारदर्शी, जवाबदेह और जनोन्मुखी बनाने की दिशा में जिला पंचायत धमतरी ने महत्वपूर्ण प्रशासनिक कदम उठाया है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की सुशासन की मंशा के अनुरूप जनहित एवं प्रशासनिक आवश्यकताओं को प्राथमिकता देते हुए जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जयंत नाहटा ने जिले के ग्राम पंचायत सचिवों के मूल प्रभार में व्यापक फेरबदल संबंधी आदेश जारी किए हैं।

जिले के धमतरी, कुरुद, मगरलोड एवं नगरी जनपद पंचायतों के कुल 61 ग्राम पंचायत सचिवों के मूल प्रभार में परिवर्तन किया गया है। इनमें जनपद पंचायत धमतरी के 21, कुरुद के 25, मगरलोड के 05 तथा नगरी के 10 ग्राम पंचायत सचिव शामिल हैं। प्रशासनिक आवश्यकता के अनुसार विभिन्न ग्राम पंचायतों में अतिरिक्त प्रभार की जिम्मेदारियों में भी बदलाव किया गया है।

इस प्रशासनिक फेरबदल की महत्वपूर्ण विशेषता यह है कि कई ग्राम पंचायतों में 10 वर्षों से अधिक समय से एक ही स्थान पर पदस्थ सचिवों के मूल प्रभार में भी परिवर्तन किया गया है। लंबे समय से एक ही पंचायत में पदस्थ सचिवों को अन्य पंचायतों में जिम्मेदारी दिए जाने से उनके अनुभव एवं कार्यकुशलता का लाभ अन्य ग्राम पंचायतों को भी मिलेगा। इससे पंचायत स्तर पर नई कार्यशैली, बेहतर समन्वय और कार्यों में अपेक्षित गतिशीलता आने की उम्मीद है।

प्रशासनिक दृष्टि से यह बदलाव पंचायतों में पारदर्शिता, निष्पक्षता, जवाबदेही और कार्यकुशलता को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है।

मंगतूपूरा से गुड़ली बैगापारा तक 3 किलोमीटर पक्की सड़क का निर्माण

■ **जनमन योजना से वनांचल क्षेत्र में आवागमन हुआ सुगम**

कवर्धा / नवप्रदेश। प्रधानमंत्री जनमन योजना वनांचल एवं विशेष जनजातीय समूहों के क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं के विस्तार और ग्रामीणों के जीवन को सुगम बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। कबीरधाम जिले के वनांचल क्षेत्रों में योजना के तहत सड़क निर्माण से दूरस्थ गांवों का संपर्क बेहतर हो रहा है और ग्रामीणों को बारहमासी आवागमन की सुविधा मिल रही है। इसी क्रम में मंगतूपूरा से गुड़ली बैगापारा तक 3 किलोमीटर लंबी पक्की सड़क का निर्माण 1 करोड़ 92 लाख 90 हजार रुपए की लागत से किया गया है। सड़क निर्माण से क्षेत्र के ग्रामीणों को वर्षभर सुगम एवं सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिली है। विशेष रूप से बारिश के मौसम में कच्चे और खराब रास्तों के कारण होने वाली परेशानियों से अब ग्रामीणों को राहत मिली है।

वनांचल क्षेत्र में विकास को मिली नई गति

तरेगांव क्षेत्र के ग्रामीणों के अनुसार प्रधानमंत्री जनमन योजना के माध्यम से वनांचल क्षेत्रों में सड़क जैसी मूलभूत सुविधाओं का विस्तार होने से विकास कार्यों को नई गति मिली है। पहले बारिश के दौरान आवागमन काफी कठिन हो जाता था। सड़क बनने के बाद अब ग्रामीणों को दैनिक जरूरतों के साथ-साथ शिक्षा, स्वास्थ्य, बाजार और अन्य आवश्यक कार्यों के लिए आने-जाने में सुविधा हो रही है।

ग्रामीणों का कहना है कि पक्की सड़क केवल आवागमन का साधन नहीं है, बल्कि यह वनांचल क्षेत्र के विकास और ग्रामीणों को मुख्यधारा से जोड़ने का महत्वपूर्ण माध्यम भी बनी है। सड़क सुविधा से क्षेत्र में आवागमन आसान होने के साथ ग्रामीणों के समय और श्रम की बचत भी हो रही है।

गुड़ली बैगापारा से तरेगांव के लिए बना सुविधाजनक शॉर्टकट मार्ग

प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत गुड़ली बैगापारा से तरेगांव जाने के लिए पक्का शॉर्टकट मार्ग भी क्षेत्रवासियों के लिए काफी सुविधाजनक साबित हो रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि पहले कच्चे रास्ते और बारिश के दिनों में कीचड़ के कारण इस मार्ग से आवागमन में काफी कठिनाई होती थी। खराब रास्तों के कारण दूरी तय करने में अधिक समय लगता था और कई बार ग्रामीणों को वैकल्पिक रास्तों का सहारा लेना पड़ता था।

अब पक्की सड़क बन जाने से तरेगांव सहित आसपास के गांवों के लोगों का आवागमन आसान और सुरक्षित हो गया है। ग्रामीणों के मुताबिक इस सड़क का लाभ विद्यार्थियों, मरीजों, किसानों, श्रमिकों और रोजमर्रा के कार्यों के लिए आने-जाने वाले लोगों को मिल रहा है।

ग्रामीणों ने जताया आभार

वनांचल क्षेत्र में सड़क जैसी महत्वपूर्ण बुनियादी सुविधा उपलब्ध होने से क्षेत्रवासियों में खुशी है। ग्रामीणों ने प्रधानमंत्री जनमन योजना के माध्यम से क्षेत्र में सड़क निर्माण कराने के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं उप मुख्यमंत्री तथा कवर्धा विधायक विजय शर्मा के प्रति धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया।

ग्रामीणों का कहना है कि पक्की सड़क से गांवों की कनेक्टिविटी मजबूत हुई है और वनांचल क्षेत्र में विकास की नई राह खुली है। प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत हो रहे ऐसे निर्माण कार्य दूरस्थ क्षेत्रों के लोगों को बेहतर सुविधाओं से जोड़ने के साथ उनके जीवन में सुविधा, सुरक्षा और विकास का भरोसा भी मजबूत कर रहे हैं।

संक्षिप्त खबरें

अटल जी की पुण्यतिथि पर महापौर ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया नमन

राजनांदगांव /नव प्रदेश। पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न माननीय अटल बिहारी बाजपेयी जी की पुण्यतिथि के अवसर पर महापौर श्री मधुसूदन यादव ने अटल परिसर में स्थापित उनकी प्रतिमा में माल्यार्पण कर उनके योगदानो को याद कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। साथ ही पूर्व मंत्री श्री लीलाराम भोजवानी जी पुण्यतिथि पर उनके तैलचित्र में माल्यार्पण किए। अटल परिसर में आयोजित कार्यक्रम में महापौर श्री यादव ने कहा कि अटल जी देश सेवा के लिए समर्पित थे और उन्होंने अपने प्रधानमंत्री कार्यकाल में देश को एक अलग पहचान दिलाई। उन्होंने कहा कि उनके सरल व्यक्तित्व ओजस्वी वक्ता और राष्ट्रहित की भावना के आधार पर सभी राजनेतिक दल उन्हे मानते थे। अटल जी छत्तीसगढ राज्य के निर्माता थे। आज जो छत्तीसगढ़ विकास की ओर अग्रसर हो रहा है, उसमें अटल जी का महत्वपूर्ण योगदान है। इस अवसर पर उन्होंने पूर्व मंत्री स्व. श्री लीलाराम भोजवानी जी को नमन करते हुए कहा कि भोजवानी जी भी एक सौम्य एवं सरल नेता थे, उन्होंने पार्षद से लेकर मंत्री तक का राजनीतिक सफर तय किया। अटल परिसर में आयोजित कार्यक्रम में जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के अध्यक्ष श्री संचिन बघेल,पूर्व विधायक श्री रामजी भारती, कृषि उपज मण्डी के पूर्व उपाध्यक्ष श्री कोमल सिंह राजपूत, दिग्विजय स्टेडियम समिति के सचिव श्री रमेश पटेल, समाजसेवी श्री सुरेश एच.लाल सहित पार्षदगण, जनप्रतिनिधि एंव गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

मोहारा वार्ड में उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया सावन उत्सव

राजनांदगांव /नव प्रदेश। मोहारा वार्ड में सावन पर्व के उपलक्ष्य में महिलाओं के लिए सावन उत्सव कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं के लिए कुर्सी दौड़, चमच दौड़, जलेबी दौड़, 100 मीटर दौड़, मटका फोड़, रस्सी खींचो एवं श्रेष्ठ छत्तीसगढ़ी वेशभूषा सहित विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इसके साथ ही महिलाओं के लिए विशेष रूप से सावन झूले की भी व्यवस्था की गई।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि करुणा मधुसूदन यादव, अध्यक्षता वर्षा शरद सिन्हा तथा विशिष्ट अतिथि प्रीति आलोक श्रोती उपस्थित रहीं। अतिथियों द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।मुख्य अतिथि करुणा मधुसूदन यादव ने अपने उद्बोधन में समस्त वार्डवासियों को सावन उत्सव की शुभकामनाएं दीं। मोहारा वार्ड में सावन उत्सव के आयोजन को सफल बनाने में वार्ड पार्षद आलोक श्रोती सहित देवकी देवांगन, भुवनेश्वरी सिन्हा, मीना सोनकर, कीर्ति प्रजापति, हेमिन यादव, भुवनेश्वरी प्रजापति, कुंती देवांगन, सविता यादव, मीरा बाई देवांगन, सुखवंती निषाद,नर्मदा यादव सहित वार्ड की अन्य महिलाओं की विशेष सहभागिता रही।कार्यक्रम में मुख्य रूप से मोहन तिवारी, परशुराम प्रजापति, सोहन प्रजापति, दुबेश प्रजापति, लक्की देवांगन, काशी यादव, उमाशंकर यादव, सुरेश सिन्हा, रॉकी देवांगन, अवधेश सोनकर, पिंटू देवांगन सहित बड़ी संख्या में वार्डवासियो की उपस्थिती रही। सावन उत्सव कार्यक्रम का सफल संचालन शिक्षा विभाग प्रभारी सदस्य एवं वार्ड पार्षद आलोक श्रोती द्वारा किया गया।

थान खम्हरिया में प्रभात फेरी में गूंजा देशभक्ति का संदेश

बेमेतरा/नवप्रदेश। 15 अगस्त 2026 को स्वतंत्रता दिवस के पावन पर्व पर थाना प्रभारी खम्हरिया निरीक्षक सत्यप्रकाश उपाध्याय ने थाना खम्हरिया परिसर में ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर उन्होने अधिकारी/कर्मचारियों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इसी दौरान शिक्षकों और शिक्षिकाओं के नेतृत्व में विभिन्न विद्यालयों के बच्चों ने प्रभात फेरी निकाली। प्रभात फेरी थानखहरिया थाना के पास से होते हुए शहर के प्रमुख चौक-चौराहों से गुजरी। विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राएं, शिक्षक और शिक्षिकाओं ने भाग लिया। बच्चों के हाथों में तिरंगे थे और वे देशभक्ति के नारे लगाते हुए चल रहे थे। रास्ते भर लोगों ने तालियों से बच्चों का उत्साह बढ़ाया। इस तरह की प्रभात फेरी बच्चों में देशप्रेम की भावना जगाने के साथ-साथ आम जनता को भी राष्ट्रीय एकता का संदेश देती है। प्रभात फेरी के माध्यम से आमजन को देशभक्ति, एकता और राष्ट्रीय गौरव का संदेश दिया।

पुरानी बिल हाफ योजना पुनः लागू कर, स्मार्ट मीटर पर रोक लगा उपभोक्ताओं को दें राहत -जिलाध्यक्ष आशीष छाबड़ा

बिजली के बढ़ते दाम और स्मार्ट मीटर के विरोध में कांग्रेस का धरना-प्रदर्शन

बेमेतरा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार एवं जिला कांग्रेस कमेटी बेमेतरा के नेतृत्व में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बेमेतरा के तत्वावधान में बिजली के बढ़ते दाम, स्मार्ट मीटर से उपभोक्ताओं पर पड़ रहे अतिरिक्त आर्थिक बोझ तथा प्रदेश सरकार की जनविरोधी नीतियों के विरोध में प्रदेशव्यापी आंदोलन के तहत बेमेतरा विधानसभा अंतर्गत ग्राम पंचायत मटका में ब्लॉक स्तरीय धरना-प्रदर्शन आयोजित किया गया।

जिलाध्यक्ष सहित अन्य हुए शामिल

कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कमेटी बेमेतरा के अध्यक्ष आशीष छाबड़ा, ब्लॉक प्रभारी सुमन गोस्वामी, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बेमेतरा के अध्यक्ष मिथलेश वर्मा एवं जिला पंचायत सदस्य शशि प्रभा गायकवाड सहित कांग्रेसजन एवं क्षेत्रवासी शामिल हुए।

बिजली के बढ़े हुए दाम वापस ले, पुरानी बिल हाफयोजना पुनः लागू कर, स्मार्ट मीटर पर रोक लगा उपभोक्ताओं को दें राहत

धरना-प्रदर्शन को संबोधित करते हुए आशीष छाबड़ा ने कहा कि बिजली आम जनता की मूलभूत आवश्यकता है, कोई विलासिता नहीं। प्रदेश सरकार द्वारा लगातार बिजली के दामों में वृद्धि किए जाने से गरीब, किसान, मजदूर, मध्यमवर्गीय परिवारों और छोटे व्यवसायियों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है। पहले से ही महंगाई की मार झेल रही जनता के लिए बिजली के बढ़े हुए बिल दोहरी मार साबित हो रहे हैं।

उन्होंने कहा कि स्मार्ट मीटर के नाम पर आम उपभोक्ताओं को राहत देने के बजाय नई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कई उपभोक्ताओं में अधिक बिजली बिल आने को लेकर असंतोष है। सरकार को उपभोक्ताओं की समस्याओं का तत्काल निराकरण करना चाहिए तथा बिजली के बढ़े हुए दाम वापस लेकर स्मार्ट मीटर के स्थान पर पुराने सामान्य मीटर लगाने की दिशा में निर्णय लेना चाहिए।

जिलाध्यक्ष आशीष छाबड़ा ने कहा कि कांग्रेस का यह आंदोलन किसी राजनीतिक स्वार्थ के लिए नहीं, बल्कि आम जनता के हक, अधिकार और आर्थिक हितों की लड़ाई है। कांग्रेस पार्टी हमेशा जनहित के मुद्दों पर जनता के साथ खड़ी रही है। बिजली के बढ़े हुए दाम वापस लेने, 400 यूनिट तक बिजली बिल हाफ योजना पुनः लागू करने, स्मार्ट मीटर पर रोक लगाने और उपभोक्ताओं को राहत देने की मांग को लेकर कांग्रेस का संघर्ष आगे भी निरंतर जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि जब तक आम जनता को राहत नहीं मिलती, कांग्रेस सड़क से लेकर सदन तक जनता की आवाज मजबूती से उठाती रहेगी।

बिजली के बढ़ते दाम और स्मार्ट मीटर को लेकर आम जनता में व्यापक असंतोष- कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बेमेतरा के अध्यक्ष मिथलेश वर्मा ने कहा कि बिजली के बढ़ते दाम और स्मार्ट मीटर को लेकर आम जनता में व्यापक असंतोष है। कांग्रेस जनहित के इस मुद्दे को लेकर गांव-गांव तक आवाज बुलंद करेगी और उपभोक्ताओं के अधिकारों के लिए संघर्ष जारी रखेगी।

ब्लॉक प्रभारी सुमन गोस्वामी ने कहा कि प्रदेश सरकार को आम जनता की परेशानियों को गंभीरता से लेना बिजली के बढ़े हुए दाम वापस लेने और स्मार्ट मीटर से जुड़ी शिकायतों का तत्काल निराकरण करने की आवश्यकता है।

अवैध शराब बिक्री पर कार्रवाई 4,680 एमएल शराब और कार जब्त

पंडरिया/ नवप्रदेश। अवैध शराब के कारोबार के खिलाफ पंडरिया पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 4,680 एमएल अवैध शराब, बिक्री रकम 300 रुपये और शराब परिवहन में प्रयुक्त मारुति सुजुकी कार जब्त की है। जब्त शराब की कीमत 2,080 रुपये और कार की अनुमानित कीमत 80 हजार रुपये बताई गई है।

पुलिस अधीक्षक कबीरधाम जितेंद्र कुमार यादव के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हेमसागर सिदार एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमित पटेल के मार्गदर्शन तथा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी पंडरिया भूपत सिंह के दिशा-निर्देश पर थाना प्रभारी निरीक्षक अजय सिंह के नेतृत्व में अवैध शराब के कारोबार के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है।

इसी क्रम में 16 अगस्त 2026 को पंडरिया पुलिस को सूचना मिली कि कुकदुर रोड पंडरिया स्थित एक ढाबे के पास एक व्यक्ति अवैध रूप से शराब रखकर बिक्री कर रहा है। सूचना पर पुलिस टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और आरोपी को पकड़ लिया।

पुलिस कार्रवाई के दौरान शिवराम पिता हरिचंद चंद्राकर, उम्र 41 वर्ष, निवासी महली, थाना कुण्डा को अवैध शराब की बिक्री करते हुए पकड़ा गया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 4,680 एमएल अवैध शराब, जिसकी कीमत 2,080 रुपये, शराब बिक्री की रकम 300 रुपये तथा शराब के परिवहन में प्रयुक्त मारुति सुजुकी कार क्रमांक छत-07-रूक्क-4105, जिसकी कीमत करीब 80,000 रुपये है, जब्त की गई।

मामले में थाना पंडरिया में अपराध क्रमांक 168/2026, धारा 34(1)(ख) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की गई।

पुलिस द्वारा अवैध शराब के कारोबार एवं उसकी बिक्री पर लगातार नजर रखते हुए कार्रवाई की जा रही है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी पंडरिया एवं थाना पंडरिया पुलिस टीम की सराहनीय भूमिका रही।

आदिवासी कंवर समाज के भवन निर्माण एवं विकास हेतु महापौर ने की घोषणा

■ **सामाजिक प्रतिभाओं के सम्मान से युवा पीढ़ी प्रेरित होकर समाज को गौरवान्वित करती है: महापौर मधु**

राजनांदगांव /नव प्रदेश। सामाजिक प्रतिभाओं का सम्मान आवश्यक है क्योंकि, जब कोई समाज अपनी प्रतिभाओं को सम्मानित करता है, तो उनके समाज की युवा पीढ़ी इस सम्मान से प्रेरित होकर भविष्य में अपना और समाज का नाम रौशन करती है। उक्ताशय के विचार महापौर मधुसूदन यादव ने आदिवासी कंवर समाज महासभा द्वारा आयोजित जिला स्तरीय वार्षिक प्रतिभा सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में व्यक्त किये। उन्होंने आदिवासी कंवर समाज को आयोजन की बधाई देते हुए समाजिक बन्धुओं को छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जी एवं छ.ग. विधानसभा अध्यक्ष एवं राजनांदगॉव विधायक डॉ0 रमन सिंह जी के माध्यम से हरसंभव सहयोग प्रदान करने के अपने संकल्प को दोहराते हुए 20 लाख रू. की लागत से आदिवासी कंवर समाज के भवन निर्माण एवं विकास हेतु घोषणा की।

सावन उत्सव में साहित्यकारों का सम्मान, राजनांदगांव से आभा श्रीवास्तव ने किया प्रतिनिधित्व

राजनांदगांव /नव प्रदेश। जय जोहार साहित्य संस्थान, रायपुर द्वारा सावन उत्सव एवं साहित्यिक पुस्तकों के विमोचन का भव्य आयोजन वृन्दावन हॉल, सिविल लाइन में किया गया। कार्यक्रम में प्रदेशभर से साहित्यकारों एवं साहित्यप्रेमियों ने सहभागिता की। इस अवसर पर राजनांदगांव शहर की महिला साहित्यकार श्रीमती आभा श्रीवास्तव को राजनांदगांव का प्रतिनिधित्व करने का गौरव प्राप्त हुआ।

सावन की उमंग और हरियाली से सजे इस आयोजन में हरी साड़ियों में सजी महिलाओं ने पूरे वातावरण को सावन की हरियाली और उत्सव के रंग से सराबोर कर दिया। कार्यक्रम में साहित्य, संस्कृति और परंपरा का सुंदर संगम देखने को मिला।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद श्रीमती लक्ष्मी वर्मा रहीं। उनके गरिमामय आतिथ्य में विभिन्न साहित्यिक पुस्तकों का विमोचन किया गया तथा प्रदेश के साहित्यकारों को उनकी साहित्यिक सेवाओं एवं योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

राजनांदगांव का प्रतिनिधित्व करते हुए श्रीमती आभा श्रीवास्तव की सहभागिता ने शहर की साहित्यिक प्रतिभा और सांस्कृतिक पहचान को प्रदेश स्तर पर नई पहचान दिलाई। आयोजन ने साहित्यकारों को अपनी रचनात्मक यात्रा को आगे बढ़ाने के साथ-साथ साहित्य और संस्कृति के संरक्षण का संदेश भी दिया।

नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी की पहल

पुराना बस स्टैण्ड में सजेगा राखी बाजार

■ **राखी बाजार के लिए पुराना बस स्टैंड में निर्धारित किया गया अस्थायी बाजार**

कवर्धा /नव प्रदेश।। रक्षाबंधन पर्व के मद्देनजर कवर्धा शहर में बढ़ने वाली भीड़ और यातायात दबाव को देखते हुए नगरपालिका परिषद कवर्धा द्वारा महत्वपूर्ण पहल की गई है। शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारू, सुरक्षित एवं व्यवस्थित बनाए रखने के उद्देश्य से नगरपालिका क्षेत्रांतर्गत राखी व्यवसाय करने वाले सभी दुकानदारों के लिए पुराना बस स्टैंड कवर्धा में अस्थायी रूप से दुकान लगाने हेतु स्थान निर्धारित किया गया है।

नपाध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने की अपील

नगरपालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने सभी राखी व्यवसायियों से अपील की है कि वे नगरपालिका द्वारा निर्धारित स्थल पर ही अपनी दुकानें लगाएं और यातायात व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें। उन्होने बताया कि रक्षाबंधन पर्व के दौरान शहर के प्रमुख बाजारों एवं सड़कों पर बड़ी संख्या में लोगों की आवाजाही होती है। ऐसे में सड़क किनारे एवं मुख्य मार्गों पर अस्थायी रूप से दुकानें लगाए जाने के कारण यातायात बाधित होने की स्थिति निर्मित होती है। आम नागरिकों, वाहन चालकों एवं बाजार आने वाले लोगों को जाम और आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसी को ध्यान में रखते हुए नगरपालिका परिषद द्वारा राखी व्यवसायियों के लिए एक निर्धारित एवं व्यवस्थित स्थान की व्यवस्था की गई है।

यातायात समस्या से राहत मिलेगी

नगरपालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने कहा कि पर्व के अवसर पर शहरवासियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो और यातायात व्यवस्था बेहतर बनी रहे, इसके लिए पुराना बस स्टैंड में राखी व्यवसायियों हेतु अस्थायी दुकान लगाने की व्यवस्था की गई है। सभी व्यवसायी निर्धारित स्थल पर अपनी दुकानें लगाकर इस व्यवस्था का पालन करें। इससे एक ओर राखी खरीदने आने वाले लोगों को एक ही स्थान पर विभिन्न प्रकार की राखियां उपलब्ध होंगी।

सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते तीन आरोपी गिरफ्तार

2,200 रुपये नगद व 52 पत्ती ताश जब्त

पंडरिया। सार्वजनिक स्थान पर रुपये-पैसों का दांव लगाकर जुआ खेल रहे तीन आरोपियों के खिलाफपंडरिया पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने मौके से 2,200 रुपये नगद और 52 पत्ती ताश जब्त की है। आरोपियों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम के तहत अपराध दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की गई।

पुलिस अधीक्षक कबीरधाम जितेंद्र कुमार यादव (ढ्ढक्क) के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हेमसागर सिदार एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमित पटेल के मार्गदर्शन तथा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी पंडरिया भूपत सिंह के दिशा-निर्देश पर जिले में जुआ एवं सट्टा जैसी असामाजिक गतिविधियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है।इसी क्रम में 16 अगस्त 2026 को पंडरिया पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम सगोनाडीह में किराना दुकान के पास कुछ लोग रुपये-पैसों का दांव लगाकर जुआ खेल रहे हैं। सूचना की पुष्टि के बाद पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और जुआ खेल रहे लोगों को पकड़ा।

पुलिस कार्रवाई के दौरान मोहर सिंह काठले, मनीराम महिलांगे एवं मधुरलाल पाटिल, तीनों निवासी ग्राम सगोनाडीह, थाना पंडरिया, को 52 पत्ती ताश से रुपये-पैसों पर हार-जीत का दांव लगाकर जुआ खेलते हुए पकड़ा गया। पुलिस ने जुआरियों के फड़ से 2,200 रुपये नगद तथा 52 पत्ती ताश जब्त की।

मामले में थाना पंडरिया में अपराध क्रमांक 170/2026, धारा 3(2) छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपियों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की गई।

प्रशासन की नाक के नीचे श्रद्धालुओं से 50 की वसूली, बगैर अनुमति; हजारों वाहनों की पार्किंग से उठे बड़े सवाल

जीवन एस साहू

गरियाबंद/नवप्रदेश। जिला मुख्यालय से महज तीन किलोमीटर दूर स्थित प्रसिद्ध भूतेश्वरनाथ धाम में सावन के दौरान देश-प्रदेश के कोने-कोने से हजारों श्रद्धालु भगवान शिव के अलौकिक शिवलिंग के दर्शन करने पहुंच रहे हैं। लेकिन श्रद्धा और आस्था के इस केंद्र तक पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को मंदिर से करीब एक किलोमीटर पहले ही पार्किंग के नाम पर कथित तौर पर ?50 का शुल्क देना पड़ रहा है। खास बात यह है कि मौके पर न तो पार्किंग शुल्क की स्पष्ट दर संबंधी सूचना दिखाई देती है अवैध वसूली को लेकर सरपंच से लेकर समिति और जिम्मेदार लोग चुप्पी साधे हुए हैं , जो बात कर रहे हैं वह गोल-गोल जवाब दे रहे हैं। नगद संग्रह का हिसाब कौन देख रहा है मंदिर समिति या ग्राम पंचायत के किस खाते में राशि जा रही है इसकी किसी के पास कोई जानकारी नहीं है। पार्किंग के नाम पर हो रही वसूली की वैधता पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं।

मौके पर सामने आई व्यवस्था के अनुसार पारागांव मे वाहन पार्क करने के बाद तत्काल कोई टिकट नहीं दिया जाता,बल्कि वाहन निकालते समय पार्किंग शुल्क जरूर लिया जा रहा है। श्रद्धालुओं द्वारा शुल्क और उसकी अनुमति को लेकर सवाल किए जाने पर अलग-अलग जवाब सामने आए। कुछ लोगों ने ग्राम सभा में प्रस्ताव पारित होने की बात कही, तो किसी ने पारागांव समिति द्वारा निर्णय लेने और किसी ने पार्किंग ठेके पर दिए जाने की बात कही।

सबसे बड़ा सवाल यह है कि यदि ग्राम सभा के प्रस्ताव के आधार पर पार्किंग शुल्क लिया जा रहा है तो उस प्रस्ताव की प्रति सार्वजनिक क्यों नहीं की जा रही? श्रद्धालुओं को शुल्क की जानकारी देने वाला स्पष्ट बोर्ड क्यों नहीं लगाया गया?

मामले की पड़ताल के दौरान पार्किंग व्यवस्था से जुड़े एक जिम्मेदार व्यक्ति ने बताया कि करीब एक हजार पर्चियां छपवाई गईं हैं और पिछले दो सप्ताह में कई हजार वाहन पार्क हो चुके हैं। वहीं मौके पर मिली रसीदों में करीब 4800 तक की क्रम संख्या दिखाई दी। ऐसे में पार्किंग से होने वाली कुल वसूली को लेकर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।

यदि प्रत्येक वाहन से ?50 लिया जाता है और हजारों वाहन प्रतिदिन यहां पहुंचते हैं, तो यह मामूली राशि नहीं रह जाती। ऐसे में पूरी वसूली का हिसाब-किताब, राशि जमा करने की प्रक्रिया और उससे होने वाले खर्च का सार्वजनिक होना बेहद जरूरी है।

सावन में यहां भीड़ उमड़ती है और हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ होती हैं जिसमे भूतेश्वरनाथ धाम में खास कर शनिवार,रविवार और सोमवार को विशेष रूप से हजारों की संख्या में श्रद्धालु और छोटे बड़े वाहन यहां पहुंचते हैं। सावन के महीने में यहां वाहनों का दबाव और भी बढ़ जाता है। ऐसे समय में पार्किंग व्यवस्था करना जरूरी है, लेकिन व्यवस्था के नाम पर श्रद्धालुओं से शुल्क लिया जा रहा है तो उसकी प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी होनी चाहिए।

अपनी डफली अपना राग,सभी का अपना अपना अलग बयान

गांव में ही नहीं है वसूली को लेकर स्पष्टता,,,,,,मौके पर बातचीत में ग्रामीणों के भी अलग-अलग बयान सामने आए। किसी ने कहा कि ग्राम समिति ने पार्किंग का निर्णय लिया है, किसी ने इसे ठेके पर दिए जाने की बात कही, जबकि कई ग्रामीणों ने साफकहा कि उन्हें इसकी जानकारी ही नहीं है और कुछ लोग मिलकर पार्किंग की राशि वसूल रहे हैं। ग्रामीणों के बीच वसूली की राशि के हिसाब-किताब को लेकर भी स्पष्टता नहीं है। क्या ग्रामीणो द्वारा संगठित गिरोह बना कर की जा रही वसूली ?

हिसाब किताब और टैक्स चोरी का मामला

इससे सवाल उठता है कि आखिर पार्किंग की जिम्मेदारी किसकी है? वसूली किसके आदेश से हो रही है? राशि किस खाते में जमा हो रही है? और प्रतिदिन होने वाली वसूली का हिसाब कौन रख रहा है? क्या जी एस टी, सेवा शुल्क पटाया जा रहा हैं?

शासन प्रशासन की हो रही बदनामी

प्रशासन की चुप्पी पर भी सवाल,,,,पुरे छतीसगढ़ से श्रद्धांलु यंहा पहुँचे हैं ऐसे मे इस वसूली से जिला प्रशासन ही नहीं प्रदेश सरकार की छबि भी घूमिल हो रही हैं। लोग सरकार के निगरानी व प्रशासनिक दक्षता पर सवाल उठा रहे हैं। प्रशासन की नजर अब तक इस व्यवस्था पर क्यों नहीं पड़ी? यदि प्रशासन को इसकी जानकारी है तो शुल्क वसूली की अनुमति किस आधार पर दी गई? और यदि अनुमति नहीं है तो कार्रवाई क्यों नहीं हुई?.यह मामला केवल ?50 की वसूली का नहीं, बल्कि हजारों श्रद्धालुओं से होने वाली वसूली की पारदर्शिता और जवाबदेही का है।

विधायक ने गृहग्राम पिपरछेड़ी को दी ग्राम सदन की सौगात

गरियाबंद/नवप्रदेश। ग्राम पंचायत सेम्हरतरा-पिपरछेड़ी में ग्राम सदन लोकार्पण गरिमामय समारोह में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राजिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोहित साहू जी उपस्थित रहे। अपने गृह ग्राम पहुँचने पर ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों ने बाजे-गाजे, पुष्पहार और आतिशबाजी के साथ विधायक का अत्यंत भावुकता से स्वागत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पंचायत के सरपंच एवं सरपंच संघ गरियाबंद के जिला अध्यक्ष हरीश साहू ने की। इस अवसर पर पिपरछेड़ी स्थित नवनिर्मित ग्राम सदन भवन में पट्टिका का अनावरण कर विधिवत लोकार्पण किया गया। लोकार्पण समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि विधायक रोहित साहू ने कहा कि यह मेरा सौभाग्य है कि जिस माटी में मैं खेला-कूदा और पला-बढ़ा हूँ, आज जनप्रतिनिधि के रूप में उसी मातृभूमि और अपने परिजनों की सेवा करने का अवसर मुझे मिला है। गृहग्राम का स्नेह और आशीर्वाद ही मेरी सबसे बड़ी ताकत है। गांव का सर्वांगीण विकास, हर ग्रामीण तक शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुँचाना और बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ बनाना मेरी पहली प्राथमिकता है।उन्होंने आगे कहा कि ग्राम सदन भवन के बन जाने से गांव की बैठकों, सामाजिक-सांस्कृतिक आयोजनों और अन्य गतिविधियों के संचालन में अपार सुगमता आएगी। विधायक ने क्षेत्र में आने वाले समय में सड़कों, पेयजल, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार के लिए प्रतिबद्धता दोहराई और ग्रामीणों की मांगों को जल्द पूरा करने का आश्वासन दिया।कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे ग्राम पंचायत के सरपंच एवं जिला अध्यक्ष सरपंच संघ गरियाबंद हरीश साहू ने अपने संबोधन में कहा कि आज का दिन हमारी ग्राम पंचायत सेम्हस्तरा-पिपरछेड़ी के लिए ऐतिहासिक है। गाँव के सर्वांगीण विकास के लिए ग्राम सदन की अत्यंत आवश्यकता थी, जो आज साकार हो चुकी है।

अध्यक्ष निरंजन सिन्हा ने किया 'पीएम सूर्य घर ऋण योजना' का शुभारंभ, ऋष्ा नीति पुस्तिका का हुआ विमोचन

जिला सहकारी केंद्रीय बैंक में शान से फहराया तिरंगा

कुरुद/रायपुर/नवप्रदेश। देश के 80वें स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित, रायपुर के अध्यक्ष निरंजन सिन्हा ने गरिमामय वातावरण में ध्वजारोहण किया। उन्होंने राष्ट्रध्वज को सलामी देकर देश की आजादी के लिए सर्वस्व न्योछावर करने वाले अमर शहीदों को नमन किया।?कार्यक्रम के दौरान सिन्हा ने सहकारिता आंदोलन के प्रणेता और बैंक के संस्थापक पंडित वामनराव बलिराम लाखे का स्मरण करते हुए राष्ट्र निर्माण में उनके अमूल्य योगदान को रेखांकित किया।

पीएम सूर्य घर ऋष्ा योजना' का शुभारंभ एवं नई ऋष्ा नीति जारी

इस राष्ट्रीय पर्व पर बैंक अध्यक्ष ने 'ऋष्ा नीति पुस्तिका' का विमोचन किया और स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 'प्रधानमंत्री सूर्य घर ऋष्ा योजना' की औपचारिक शुरुआत की।

इस पहल के मुख्य उद्देश्यः बैंकिंग सेवाओं को और अधिक जनोपयोगी बनाना। समाज के अंतिम व्यक्ति तक आसान वित्तीय पहुंच सुनिश्चित करना। हरित एवं स्वच्छ ऊर्जा (सौर ऊर्जा) के उपयोग को प्रोत्साहित करना। 'सहकार से समृद्धि' की दिशा में ठोस कदम अध्यक्ष निरंजन सिन्हा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और प्रदेश के सहकारिता मंत्री केदार कश्यप के नेतृत्व में सहकारिता क्षेत्र लगातार नई ऊंचाइयों को छू रहा है।

उन्होंने बताया कि केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए बैंक पूरी निष्ठा से कार्यरत है। किसानों की लागत घटाने और आय बढ़ाने के लिए प्राथमिक सहकारी समितियों के माध्यम से उन्नत तकनीक (जैसे ड्रोन सेवा), गुणवत्तापूर्ण खाद-बीज, कीटनाशक और सुलभ ऋष्ा सुविधाएं प्राथमिकता से उपलब्ध कराई जा रही हैं।

अधिकारियों व कर्मचारियों ने लिया सेवा का संकल्प

बैंक के सभागार में आयोजित मुख्य समारोह में उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने राष्ट्रभक्ति और जनसेवा के संकल्प को दोहराया। इस अवसर पर बैंक के उपाध्यक्ष अभिनेश कश्यप, मुख्य कार्यपालन अधिकारी (ष्टश्वह्र) अपेक्षा व्यास, वरिष्ठ अधिकारी एस.पी. चंद्राकर, देव ब्यास, आई.के. ठाकुर, प्रदीप सोनी, विनय यदु, किशोर ठाकुर, संजय साहू, मोहनलाल साहू, मोती प्रधान, सुनीता शर्मा सहित बड़ी संख्या में बैंक कर्मी और गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

जिला कांग्रेस भवन में जिलाध्यक्ष सुखचंद ने किया ध्वजारोहण

गरियाबंद। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर स्थानीय जिला कांग्रेस भवन में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुखचंद बेसरा ने ध्वजारोहण कर राष्ट्रध्वज को सलामी दी।ध्वजारोहण के बाद उपस्थित कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रगान के साथ देश की

एकता,अखंडता और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के संदेश का वाचन जिलाध्यक्ष द्वारा किया गया।संदेश के माध्यम से कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं आम जनता को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए देश की आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के योगदान को याद किया गया।साथ ही संविधान,लोकतंत्र और सामाजिक समरसता की रक्षा के लिए मिलकर कार्य करने का आह्वान किया गया। ध्वजारोहण कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी,महिला कांग्रेस की पदाधिकारी एवं सदस्य,युवा कांग्रेस सहित विभिन्न प्रकोष्ठों के कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

धूमधाम से मना स्वतंत्रता दिवस नपा अध्यक्ष ने किया ध्वजारोहण

कुरूद/नवप्रदेश। नगर सहित समूचे अंचल में देश का स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास और राष्ट्रभक्ति के माहौल में मनाया गया। शासकीय, अर्धशासकीय कार्यालयों, शिक्षण संस्थानों और चौक-चौराहों पर तिरंगा शान से लहराया गया। नगर पालिका परिषद कुरूद में सुबह 8 बजे अध्यक्ष ज्योति भानु चन्द्राकर ने विधिवत ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी। इस वर्ष मुख्य समारोह पारंपरिक खेल मैदान के स्थान पर मंगल भवन परिसर में आयोजित हुआ, जहां स्कूली बच्चों ने देशभक्ति से ओतप्रोत रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर दर्शकों का मन मोह लिया।

?18 माह का कार्यकाल उपलब्धियों भराः ज्योति चन्द्राकर

?समारोह को संबोधित करते हुए नगर पालिका अध्यक्ष ज्योति भानु चन्द्राकर ने क्षेत्रवासियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन, उपमुख्यमंत्री अरुण साव के सहयोग और स्थानीय विधायक अजय चन्द्राकर के मार्गदर्शन में कुरूद विकास के पथ पर अग्रसर है। नई परिषद के 18 माह का कार्यकाल जनकल्याणकारी उपलब्धियों से भरा रहा है।

?उन्होंने नागरिकों से कुरूद को स्वच्छ और सुंदर बनाने का आह्वान करते हुए अपील कीः

?घरों व दुकानों का कचरा केवल नगर पालिका कर्मियों को ही सौंपें।

?वाहनों को निर्धारित पार्किंग स्थल पर ही खड़ा करें।

?सड़कों पर अतिक्रमण न करें, जिससे यातायात व्यवस्था सुगम बनी रहे।

बोल बम' के जयकारों से गूंजा भखारा

नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर में भव्य रुद्राभिषेक, कांवड़ यात्रा में उमड़ा जनसैलाब

कुरुद/नवप्रदेश। नगर पंचायत भखारा के वार्ड क्रमांक 15 स्थित नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर में सावन के पावन अवसर पर आस्था, भक्ति और श्रद्धा का अलौकिक दृश्य देखने को मिला। मंदिर में विधि-विधान से भव्य रुद्राभिषेक का आयोजन किया गया, जिसके उपरांत विशाल कांवड़ यात्रा निकाली गई। पूरा क्षेत्र 'हर-हर महादेव' और 'बोल बम' के जयघोष से शिवमय हो उठा।

भक्तिमय वातावरणः लंबी दूरी, पैरों की थकान और मौसम की परवाह किए बिना श्रद्धालु निरंतर महादेव के जयकारे लगाते हुए आगे बढ़ते रहे।

महाप्रसाद वितरणः पूजा-अर्चना और जलाभिषेक के समापन पर सभी श्रद्धालुओं के लिए खीर-पूरी के दिव्य महाप्रसाद का वितरण किया गया।

समुद्र मंथन और कांवड़ परंपरा का पावन रहस्य

सावन में कांवड़ यात्रा और जलाभिषेक का संबंध सृष्टि के उस कालखंड से जुड़ा है, जब समुद्र मंथन के दौरान विनाशकारी हलाहल विष प्रकट हुआ था। समस्त लोकों की रक्षा के लिए महादेव ने उस विष को अपने कंठ में धारण किया, जिससे उनका कंठ नीला पड़ गया और वे 'नीलकंठेश्वर' कहलाए।

आस्था का केंद्र बना नीलकंठेश्वर धाम

जुलाई 2024 को रमेश कुमार, अजय, विजय एवं रोशन केला द्वारा निर्मित इस दिव्य मंदिर की महिमा और ख्याति दिनों-दिन बढ़ती जा रही है। रविवार को आयोजित विशेष अनुष्ठान में भगवान भोलेनाथ का पंचामृत व पवित्र गंगाजल से रुद्राभिषेक कर विश्व कल्याण की कामना की गई।

कांवड़ यात्रा में छलकी अपार श्रद्धा

रुद्राभिषेक के पश्चात निकाली गई भव्य कांवड़ यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए पारंपरिक वेशभूषाः पुरुष श्वेत वस्त्रों में और महिलाएं पीली-केसरिया साड़ियों में सुसज्जित होकर हाथों में गंगाजल का पात्र लिए कतारबद्ध चले।

भाजपा सरकार की घोषणाएं बनीं जुमला, जमीन पर विकास का नामोनिशान नहीं : चुम्मन साहू

छुरिया /नवप्रदेश। जिला कांग्रेस कमेटी राजनांदगांव के प्रवक्ता चुम्मन साहू ने भाजपा सरकार पर करारा राजनीतिक हमला बोलते हुए कहा कि 26 दिसंबर 2025 को गोड़लवाही में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अखिल भारतीय हल्बा-हल्बी आदिवासी समाज के कार्यक्रम में क्षेत्र के विकास को लेकर बड़ी-बड़ी घोषणाएं की थीं। लेकिन महीनों गुजर जाने के बाद भी इन घोषणाओं का जमीन पर कोई ठोस असर दिखाई नहीं दे रहा है।

चुम्मन साहू ने कहा कि मुख्यमंत्री ने गुंदरदही (खुज्जी) से गोड़लवाही से तथा उमरवाही से करमरी लगभग 26 किमी तक सड़क चौड़ीकरण, क्षेत्र में नवीन महाविद्यालय की स्थापना, स्कूल परिसर में बाउंड्रीवाल तथा अटल समरसता भवन निर्माण की घोषणा की थी। आज क्षेत्र की जनता सरकार से सवाल कर रही है कि आखिर इन घोषणाओं का क्या हुआ?

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की राजनीति घोषणा और प्रचार तक सीमित होकर रह गई है। मंच पर घोषणाएं होती हैं, तालियां बजती हैं, प्रचार होता है, लेकिन जब उन घोषणाओं को जमीन पर उतारने की बारी आती है तो सरकार की रफ्तार थम जाती है। चुम्मन साहू ने कहा कि आदिवासी अंचल की जनता को राजनीतिक भाषण नहीं, बल्कि सड़क, शिक्षा और विकास चाहिए। नवीन महाविद्यालय की घोषणा विद्यार्थियों के भविष्य से जुड़ी है, वहीं सड़क चौड़ीकरण हजारों ग्रामीणों की सुविधा और आवागमन से जुड़ा महत्वपूर्ण मुद्दा है।

आवारा मवेशियों के मुद्दे पर गरमाई नवापारा की राजनीति, नेता प्रतिपक्ष ने अध्यक्ष पर साधा निशाना

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। नगर पालिका परिषद गोबरा नवापारा की सामान्य सभा की बैठक में शहर की एक गंभीर जनसमस्या को लेकर विपक्ष ने सत्ता पक्ष पर सवाल खड़े किए हैं। आवारा मवेशियों के कारण किसानों की फसलों को हो रहे नुकसान और सड़कों पर बढ़ते दुर्घटना के खतरे को लेकर कांग्रेस पार्षदों ने पहले ही नगर पालिका अध्यक्ष और मुख्य नगर पालिका अधिकारी को लिखित ध्यानाकर्षण प्रस्ताव सौंपा था। इसके बावजूद 13 अगस्त को हुई सामान्य सभा की बैठक के एजेंडे में इस मुद्दे को शामिल नहीं किए जाने पर नेता प्रतिपक्ष संध्या राव के नेतृत्व में कांग्रेस पार्षदों ने तीखा विरोध जताया।

कांग्रेस का आरोप है कि सामान्य सभा नगर पालिका क्षेत्र की जनता की समस्याओं पर चर्चा कर समाधान निकालने का सबसे महत्वपूर्ण मंच है। ऐसे में किसानों और आम नागरिकों से सीधे जुड़े मुद्दे को चर्चा से बाहर रखना गंभीर सवाल खड़े करता है।

संध्या राव की अगुवाई में सौंपा था ध्यानाकर्षण प्रस्ताव

आवारा पशुओं की समस्या को लेकर नेता प्रतिपक्ष संध्या राव की अगुवाई में कांग्रेस पार्षदों अर्जुन साहू, अजय साहू, दीपाली राजपूत, रामरतन निषाद, हेमंत सहानी, तरुण कंसारी, टिकेश्वर गिलहरे और फागु राम देवांगन ने नगर पालिका अध्यक्ष ओम कुमारी साहू एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी लवकेश कुमार पैकरा को लिखित ध्यानाकर्षण प्रस्ताव दिया था।

विप पार्षदों को उम्मीद थी कि सामान्य सभा में इस विषय पर चर्चा होगी और आवारा मवेशियों से किसानों को राहत दिलाने तथा सड़कों पर दुर्घटनाओं का खतरा कम करने के लिए ठोस निर्णय लिया जाएगा।

शेष पेज के लिए

नितिन नबीन की नई टीम...

रहेंगे। 55 साल की औसत उम्र वाली नितिन नवीन की टीम में 12 महिलाएं हैं। यूपी से दो मुस्लिम चेहरों तारिक मंसूर और बासित अली को शामिल किया गया है। टीम में 13 उपाध्यक्ष, 8 महासचिव, 16 सचिव और 28 सदस्य शामिल हैं।

नितिन नवीन की टीम में 12 महिलाएं, यूपी से 3

भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन की नई राष्ट्रीय टीम में 12 महिलाओं को जिम्मेदारी दी गई है। इनमें वसुंधरा राजे, डी. पुरंदेश्वरी, रेखा वर्मा, वर्षाबेन दोशी, डॉ. भारती पवार और डॉ. मधुचंद्र कर को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाया गया है। वहीं स्मृति ईरानी को महासचिव बनाया गया है। कविता पाटीदार, फांग्नोन कोन्यक और संगीता यादव को मंत्री बनाया गया है। इसके अलावा रूप कुमारी चौधरी को महिला मोर्चा अध्यक्ष और प्रीति गांधी को सोशल मीडिया सह-संयोजक की जिम्मेदारी मिली है। सबसे ज्यादा प्रतिनिधित्व उत्तर प्रदेश की 3 महिलाओं का है, जबकि महाराष्ट्र की 2 और बाकी राज्यों की 1-1 महिला हैं।

रूप कुमारी महिला मोर्चा...

नियुक्त किया गया है, वहीं दीपक महस्के को सोशल मीडिया का राष्ट्रीय संयोजक बनाया गया है। रूपकुमारी चौधरी छत्तीसगढ़ की महासमुंद लोकसभा सीट से चुनी गई भारतीय जनता पार्टी की सांसद है। अघरिया समाज से आने वाली रूप कुमारी जमीनी राजनीति की मजबूत पहचान रखती हैं। इससे पहले वे बसना विधानसभा सीट से विधायक रह चुकी हैं और लंबे समय तक संगठन में सक्रिय भूमिका निभाती रही हैं।

शिक्षक बनने से लेकर सोशल...

ऑडियो-ब्रिज जैसी तकनीक का इस्तेमाल किया था। 2018 में भी वे भाजपा आईटी सेल के प्रदेश संयोजक के रूप में पार्टी के सोशल मीडिया वॉलंटियर नेटवर्क को मजबूत करने की कवायद में प्रमुख भूमिका में थे। पार्टी ने सोशल मीडिया समर्थकों को प्रशिक्षण देने और क्षेत्रवार व्हाट्सऐप समूहों के माध्यम से संगठन से जोड़ने की योजना बनाई थी।

लखीसराय के मंदिर में करंट...

पोल भीड़ के दबाव में गिर गया। पोल से जुड़े केबल तार से चिंगारी निकलने लगी। चिंगारी देखकर वहां मौजूद श्रद्धालुओं में करंट फैलने की अफवाह फैल गई। इसके बाद अचानक लोग सुरक्षित स्थान की ओर भागने लगे और देखते ही देखते भगदड़ मच गई। भगदड़ में महिलाएं भीड़ के नीचे दब गईं। एक-एक कर सात महिला श्रद्धालुओं की मौत हो गई।

राम मंदिर दान का होगा...

की स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया था। साथ ही दान की कथित चोरी की निष्पक्ष और समयबद्ध जांच की मांग करने वाली याचिकाओं पर श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को नोटिस भी जारी किया था।

7 दिन में फाइनल करें...

मामले पर एक याचिका दायर की गई थी।

याचिका में बैगेज और अतिरिक्त शुल्क मुद्दे उठाए

याचिका सोशल एक्टिविस्ट एस लक्ष्मीनारायणन ने पिछले साल नवंबर में दायर की थी। उन्होंने पूरे सिविल एविएशन सेक्टर में ट्रांसपेरेंसी और यात्रियों की सुरक्षा के लिए मजबूत और फ्री रेगुलेटरी अथॉरिटी बनाने की मांग की है। याचिका में भारत की प्राइवेट एयरलाइन्स की ओर से हवाई किराए और एक्स्ट्रा चार्ज के रूप में होने वाले उतार-चढ़ाव पर कंट्रोल के लिए गाइडलाइंस बनाने की मांग भी की गई है।

जेएसएससी दफ्तर ...

स्थित जेएसएससी के दफ्तर पहुंची और छापेमारी की। इसी दौरान एक टीम ने आयोग के सचिव सुधीर गुप्ता से पूछताछ की है। बता दें कि कुछ देर में सरकार और आंदोलनकारी छात्रों के बीच वार्ता होने वाली है। इस वार्ता से ठीक पहले सीआईडी की ने यह कार्यवाही की है।

इधर पूर्व मुख्यमंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता बाबू लाल मरांडी ने राज्य सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने कहा, जेपीएससी और जेएसएससी परीक्षाओं में नौकरी बेचे जाने की सीबीआई जांच की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे छात्रों को सरकार लगातार ठगने और मामले को टालने की कोशिश कर रही है।

चिदंबरम, महबूबा और ...

नहीं मानते हैं।

महबूबा मुफ्ती ने भी दिया बयान : पीडीपी अध्यक्ष और जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने भी इस मुद्दे पर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा 'कि वह राज्य में अनुच्छेद 370 की बहाली का समर्थन करती हैं, इसलिए रिजिजू और उनकी सरकार की परिभाषा के हिसाब से वह भी एक 'दिमागी नक्सल' हैं। इसके साथ ही आरजेडी सांसद मनोज झा, टीएमसी के कीर्ति आजाद और कांग्रेस नेता राजीव शुक्ला ने भी किरेन रिजिजू के बयानों पर पलटवार किया था।

किरेन रिजिजू ने दिया था बयानः दरअसल, पीएम मोदी ने स्वतंत्रता दिवस पर दिए भाषण में 'दिमागी नक्सली' वाली टिप्पणी की थी। जिस पर केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने रविवार को सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए इस मामले में स्पष्टीकरण दिया था। उन्होंने लिखा 'दिमागी नक्सल' वे लोग हैं जो परदे के पीछे रहकर माओवादियों की हिंसक विचारधारा का समर्थन करते हैं और देश के संविधान को नहीं मानते। अलगाववादियों के साथ खड़े होते हैं और अनुच्छेद 370 का समर्थन करते हैं, उत्तर-पूर्व को भारत से अलग करने के लिए 'चिकन नेक' को काटना चाहते हैं।' किरेन रिजिजू के इसी बयान के बाद विपक्षी नेताओं ने बयान दिए थे।

मैं दिमागी नक्सली हूं, क्योंकि...

देश में चर्चित तमाम मुद्दों का जिक्र करते हुए पीएम मोदी पर पलटवार किया। उन्होंने कहा कि 'जो सड़ी-गली व्यवस्था को बदलना चाहता है, जो अच्छे सरकारी स्कूल चाहता है, जो अच्छे सरकारी अस्पताल चाहता है, जो बिजली चाहता है, पानी चाहता है, सीवर चाहता है, अच्छी व्यवस्था चाहता है, भ्रष्टाचार मुक्त भारत का सपना देखता है, वो प्रधानमंत्री के हिसाब से दिमागी नक्सली है।

नक्सलवाद की विदाई के बाद...

लेकर स्वतंत्रता दिवस पर लालकिले की प्राचीर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा नक्सल समस्या के समाप्त होने और नक्सली विचारधारा को पनपने से रोकने की आवश्यकता पर दिया गया संदेश नई बहस को जन्म देता है। प्रधानमंत्री ने संकेत दिया कि हिंसक नक्सल समस्या कमजोर पड़ने के बावजूद उस विचारधारा को पहचानना और समाप्त करना जरूरी है, जो इसके लिए जमीन तैयार करती है। बस्तर में लंबे समय तक सुरक्षा और प्रशासनिक मोर्चे पर काम कर चुके सेवानिवृत्त वरिष्ठ पुलिस अधिकारी का कहना है कि नक्सलवाद के कमजोर होने का सबसे बड़ा प्रमाण ग्रामीण इलाकों में लौटता सामान्य जीवन है ।

विवेकानंद पब्लिक स्कूल भटगांव में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

भटगांव/नवप्रदेश। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी विवेकानंद पब्लिक स्कूल में स्वतंत्रता दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वार्ड 03 के पार्षद दुर्गेश्वरी रामा हिरवानी ने भारत माता एवं अमर शहीदों की पूजा अर्चना किया तत्पश्चात ध्वजारोहण कर राष्ट्रध्वज को सलामी दी.

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा नेता टम्मक सोनी, पत्रकार साथियो मे धर्मेंद्र साहू, रूप नारायण सिंह राजपूत, के. पी. पटेल, उमा धिवर व मोनू यादव मौजूद रहे। ध्वजारोहण के पश्चात विद्यालय के डायरेक्टर रुक्मणी आदित्य एवं प्राचार्य नरेश पटेल द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया। अतिथियों ने अपने संबोधन में स्वतंत्रता दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को देश के प्रति अपने कर्तव्यों को समझने तथा राष्ट्रहित में कार्य करने के लिए प्रेरित किया। इसके पश्चात विद्यालय के विद्यार्थियों ने देशभक्ति से ओत-प्रोत विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं एवं रैली निकालकर नगर का भ्रमण करते हुए लोगों को जागरूक किया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में डायरेक्टर रुक्मणी आदित्य, नरेश पटेल प्राचार्य, सुप्रीत प्रधान,भगवती यादव, निर्मला अजगले, साधना महान मुस्कान जायसवाल,पल्लवी पटेल, प्रतिमा जायसवाल, मनीष साहू, खगेश धिवर, श्रद्धा केसरवानी, सोनिका केसरवानी, पूजा सिंह, गंगा देवांगन सहित विद्यालय के समस्त स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही। समारोह का आयोजन विद्यालय परिवार द्वारा गरिमापूर्ण एवं देशभक्तिपूर्ण वातावरण में किया गया, जिसमें विद्यार्थियों, शिक्षकों, अभिभावकों एवं अतिथियों की उत्साहपूर्ण सहभागिता रही।

रक्षाबंधन से पहले खाद्य सुरक्षा विभाग का बड़ा अभियान 'बने खाबो-बने रहिबो 2.0'

17 से 23 अगस्त तक पूरे छत्तीसगढ़ में चलेगा सात दिवसीय सघन खाद्य सुरक्षा एवं जन-जागरूकता अभियान

छुईखदान/नवप्रदेश। रक्षाबंधन पर्व के मद्देनजर छत्तीसगढ़ में आम नागरिकों को सुरक्षित, गुणवत्तापूर्ण एवं मानक खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से खाद्य एवं औषधि प्रशासन, छत्तीसगढ़ द्वारा ÷बने खाबोङ्कबने रहिबो 2.0÷ सात दिवसीय सघन खाद्य सुरक्षा प्रवर्तन एवं जन-जागरूकता अभियान प्रारंभ किया गया है। यह अभियान 17 अगस्त से 23 अगस्त 2026 तक प्रदेश के सभी जिलों में संचालित किया जाएगा।

अभियान के दौरान मिलावटी, अमानक, मिथ्याछाप एवं असुरक्षित मिठाइयों के निर्माण एवं विक्रय पर प्रभावी नियंत्रण के साथ-साथ प्रतिबंधित ÷डेयरी एनालॉग÷ अथवा गैर-दुग्ध किंतु दुग्ध-उत्पाद सदृश खाद्य पदार्थों की पहचान कर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

मिठाई बाजार पर विशेष नजर अभियान के अंतर्गत थोक एवं फुटकर मिठाई विक्रेताओं, कन्फेक्शनरी निर्माताओं, मौसमी मिठाई विक्रेताओं, होटल-रेस्टोरेंट, ढाबों तथा स्ट्रीट फूड प्रतिष्ठानों का सघन निरीक्षण किया जाएगा।

विशेष रूप से ऐसी मिठाइयों की जांच की जाएगी जो दूध से बनी होने का आभास देती हैं, लेकिन उनमें दूध/दुग्ध घटकों के स्थान पर वनस्पति तेल, वनस्पति वसा अथवा अन्य गैर-दुग्ध अवयवों का उपयोग किया गया हो। बिना लेबल, बिना Ingredients Declaration अथवा भ्रामक नाम एवं लेबल वाली मिठाइयों पर भी विशेष निगरानी रखी जाएगी।

शहरी बाजार से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक होगी जांच

अभियान के पहले चरण में प्रमुख शहरी थोक खाद्य एवं मिठाई बाजारों में जांच की जाएगी। इसके बाद अस्थायी एवं मौसमी मिठाई निर्माताओं, डेयरी एनालॉग एवं मिल्क स्वीट्स, ग्रामीण क्षेत्रों की मिठाई दुकानों तथा साप्ताहिक बाजारों में भी विशेष जांच अभियान चलाया जाएगा।

जांच के दौरान संदिग्ध खाद्य पदार्थ मिलने पर केवल खुदरा विक्रेता तक कार्रवाई सीमित नहीं रहेगी, बल्कि उपलब्ध बिल, सप्लायर विवरण एवं अन्य अभिलेखों के आधार पर स्थ्ह्वह्लष्ह्र ञ्जह्म्ड्डष्द्बठ्ठद्द करते हुए संबंधित निर्माता, थोक विक्रेता एवं वितरक तक पहुंचने का प्रयास किया जाएगा।

> बने खाबो बने रहिबो 2.0 – सुरक्षित भोजन, स्वस्थ छत्तीसगढ़ की ओर एक महत्वपूर्ण कदम।
> खाद्य एवं औषधि प्रशासन खैरागढ़ छुइखदान गंडई

होटल-रेस्टोरेंट में Butter, Cream, Cheese और क्कड्डठ्ठद्गद्गह्म् की भी जांच होगी,

अभियान के छठवें दिन होटल, रेस्टोरेंट, ढाबों एवं स्ट्रीट फूड प्रतिष्ठानों में विशेष जांच की जाएगी। "Butter", "Cream", "Cheese" एवं ÷क्कड्डठ्ठद्गद्गह्म्÷ के नाम से प्रस्तुत अथवा उपयोग की जा रही सामग्री की वास्तविक प्रकृति की जांच की जाएगी । संदिग्ध गैर-दुग्ध किंतु दुग्ध-उत्पाद सदृश खाद्य पदार्थ पाए जाने पर उनके स्रोत एवं आपूर्तिकर्ता की जानकारी लेकर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

रूपकुमारी चौधरी को राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाए जाने पर कार्यकर्ताओं में खुशी

बसना/नवप्रदेश। महासमुंद लोकसभा की लोकप्रिय सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी को भाजपा महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाए जाने की घोषणा के बाद बसना में भाजपा कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला।

शहीद वीर नारायण सिंह चौक, बसना में भाजपा कार्यकर्ताओं ने ढोल-नगाड़ों और आतिशबाजी के साथ खुशी मनाई। कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी और रूपकुमारी चौधरी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर हर्ष व्यक्त किया। पूरा चौक भाजपा जिंदाबाद और भारत माता की जय के जयघोष से गूंज उठा।

कार्यकर्ताओं ने कहा कि महासमुंद लोकसभा की सांसद को भाजपा महिला मोर्चा की राष्ट्रीय जिम्मेदारी मिलना पूरे छत्तीसगढ़ के लिए गौरव और सम्मान का विषय है। यह उपलब्धि प्रदेश के लाखों भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणादायी है। इस अवसर भाजपा नेता ओम प्रकाश चौधरी ने उपस्थित सभी भाजपा कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों एवं शुभचिंतकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि 'रूपकुमारी को मिल रहा यह स्नेह और सम्मान हम सभी के लिए भावुक एवं गौरवपूर्ण क्षण है। संगठन के कार्यकर्ताओं ने जिस आत्मीयता और उत्साह के साथ खुशी मनाई, उसके लिए हम सभी का हृदय से आभार व्यक्त करते हैं।

ग्राम राजपुर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया आजादी का पर्व

नगरी/नवप्रदेश। नगरी विकास खंड अंतर्गत ग्राम पंचायत राजपुर में 80वाँ स्वतंत्रता दिवस का राष्ट्रीय पर्व हर्षोल्लास एवं देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः विभिन्न प्रमुख स्थानों पर ध्वजारोहण के साथ हुई। सबसे पहले शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजपुर में प्राचार्य रमेश कुमार टंडन ने ध्वजारोहण किया। इसके पश्चात ग्राम पंचायत में सरपंच उत्तम नेताम, आंगनबाड़ी भवन में ग्राम सभा अध्यक्ष सतरूपा तमोवंशी, लघुवनोपज सहकारी समिति कार्यालय में नरसिंह मरकाम तथा शिव मंदिर चौक में वरुण वट्टी ने तिरंगा फहराकर राष्ट्रध्वज को सलामी दी।इस अवसर पर स्कूली बच्चों द्वारा प्रभात फेरी निकाली गई। बच्चे देशभक्ति के जयकारे लगाते हुए गांव की गलियों से गुजरे। ग्रामीण महिलाओं ने अपने घरों के सामने भारत माता के चित्र एवं तिरंगे झंडे की आरती उतारकर राष्ट्रध्वज और देश के प्रति सम्मान एवं श्रद्धा व्यक्त की। पूरे गांव में देशभक्ति का माहौल देखने को मिला। प्रभात फेरी एवं रैली के पश्चात आयोजित सभा में स्कूली बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। बच्चों द्वारा देशभक्ति गीतों की शानदार प्रस्तुति के साथ ही देशभक्ति से ओत-प्रोत भाषण भी दिए गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत सरपंच उत्तम नेताम ने सभी ग्रामवासियों एवं विद्यार्थियों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

स्वतंत्रता सेनानी परिवारों का सम्मान विधायक ने किया त्याग-संघर्ष को नमन

महासमुंद/नवप्रदेश। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने नगर में निवासरत स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों का सम्मान कर उनके त्याग, संघर्ष और राष्ट्र के प्रति समर्पण को नमन किया। इस दौरान उन्होंने सेनानी परिवारों को शॉल एवं फल भेंट कर सम्मानित किया और उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। विधायक सिन्हा ने कहा कि देश की आजादी केवल एक ऐतिहासिक घटना नहीं, बल्कि असंख्य स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के त्याग, तपस्या, संघर्ष और बलिदान का परिणाम है। सेनानियों ने अपने परिवार, सुख-सुविधाओं और व्यक्तिगत हितों की चिंता किए बिना मातृभूमि की स्वतंत्रता के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। उनके साहस, संघर्ष और देशभक्ति के कारण ही आज देशवासी स्वतंत्र भारत में सम्मान और स्वाभिमान के साथ जीवन जी रहे हैं। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिवार भी उनके संघर्ष और त्याग के अभिन्न भागीदार रहे हैं। ऐसे परिवारों का सम्मान करना महान सेनानियों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त करने के समान है। विधायक ने सम्मान समारोह के दौरान सेनानी परिवारों के सदस्यों से आत्मीय मुलाकात की, उनका कुशलक्षेम जाना तथा उनके अनुभवों और स्वतंत्रता आंदोलन से जुड़ी स्मृतियों को सुना।

2 गांवों के किसानों और आदिवासी समाज ने निकाली भीमा जात्रा

मैनपुर/नवप्रदेश। जंगल, जमीन, जल और खेती-किसानी से गहरे जुड़े आदिवासी समाज की सदियों पुरानी परंपरा एक बार फिर जीवंत हुई। ब्लॉक मुख्यालय से करीब 30 किलोमीटर दूर ग्राम मोंगराडीह में 62 गांवों के बारहपाली क्षेत्र के ग्रामीणों ने पारंपरिक भीमा मंडल जात्रा का आयोजन किया। पीढ़ियों से चली आ रही इस परंपरा में क्षेत्र के हजारों आदिवासी, मूलनिवासी एवं किसान शामिल हुए और अपने पेन शक्तियों तथा पुरखों का आशीर्वाद लेकर क्षेत्र में सुख-शांति, समृद्धि और अच्छी बारिश की कामना की। भीमा जात्रा केवल आस्था का पर्व नहीं, बल्कि प्रकृति और मनुष्य के बीच सदियों से चले आ रहे गहरे रिश्ते का प्रतीक है। आदिवासी समाज प्रकृति को जीवन का आधार मानते हुए अपनी परंपराओं और रीति-रिवाजों के माध्यम से जल, जंगल, जमीन और खेती के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त करता आया है। क्षेत्र में प्रचलित मान्यता के अनुसार भीमा जात्रा के माध्यम से पेन शक्तियों का आशीर्वाद प्राप्त होता है, अच्छी बारिश होती है और अकाल जैसी विपरीत परिस्थितियों से क्षेत्र की रक्षा होती है। किसानों ने क्षेत्र में पर्याप्त वर्षा, खेतों में लहलहाती फसल और प्रत्येक परिवार के जीवन में सुख-समृद्धि की कामना की।

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 202607103800033 /21/अ-20(4)/ वर्ष 2025-26

आवेदक टी.पी. शुक्ला आ. स्व. रामेश्वर प्रसाद शुक्ला निवासी आगदी नगर हुड़कों भिलाई द्वारा इस आशय का आवेदन प्रस्तुत किया है कि आमदी नगर हुडको भिलाई में स्थित भूमि खसरा नं. 1/2 2/2 का दु. प्लाट नं. एम.आई.जी.-1/621 रकबा 150 वर्गमीटर धारक टी.पी. शुक्ला आ. रामेश्वर प्रसाद निवासी आमदी नगर हुडको भिलाई के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। धारक द्वारा उक्त भूखण्ड को केता श्रीमति गार्गी सत्यनारायण शुक्ला पति सत्यनारायण निवासी क्वा.नं. 7ए, सड़क नं. 33 सेक्टर-7 भिलाई तहसील व जिला दुर्ग के पास 50,00,000/-रूपये (पचास लाख रूपये) में विक्रय करने का सौदा तय कर बतौर ब्याना राशि 15,00,000/- रूपये (पन्द्रह लाख रूपये) प्राप्त किया जा चुका है। आवेदक द्वारा उक्त भूखण्ड के विक्रय की अनुमति बावत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा या आपत्ति हो, तो प्रकरण की सुनवाई दिनांक 19.08.2026 को या इसके पूर्व इस न्यायालय में स्वतः या किसी व्यक्ति अथवा अधिवक्ता के द्वारा जिस भू-खंड संबंधी जानकारी हो आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत किया जावे अथवा करवाया जावे। नियत तिथि पश्चात प्राप्त आक्षेप/आपत्ति पर कोई कार्यवाही नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 27.07.2026 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

(मुहर) नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)

नाम/परिवर्तन

मैं कलिंद्री (KALINDRI) (पुराना नाम, जिसे बदला जाना है) ध.प. स्व. छबी राम यादव, निवासी ग्राम बोरिद तह. पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.) ने अपना नाम कलिंद्री (KALINDRI) (पुराना नाम) से बदल कर कलिंद्री बाई यादव (KALINDRI BAI YADAV) (नया नाम) रख लिया है।

शपथकर्ता
कलिंद्री ध.प. स्व. छबी राम यादव
निवासी ग्राम बोरिद
तह. पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, **CHITRA BAHADUR, W/O LATE SHRI RAJESH BAHADUR MATHUR**, aged 78 years, resident of SM-46, PADMANABHPUR, DURG-491001 (C.G.), do hereby solemnly declare that I have changed my name from my former name **"CHITRA BAHADUR MATHUR"** to my new name **"CHITRA BAHADUR"**. Hence, from today onwards I shall be known and recognized by my new name **"CHITRA BAHADUR"** in all my Government, Semi-Government and other documents/records.

CHITRA BAHADUR
W/O Late Shri Rajesh Bahadur Mathur
SM-46, Padmanabhpur,
Durg-491001 (C.G.)

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 202607103800035 /21/अ-20(1)/ वर्ष 2025-26

आवेदिका शैला कामडे पति वी.एम. कामडे निवासी आमदी नगर हुडको भिलाई द्वारा इस आशय का आवेदन प्रस्तुत किया है कि आमदी नगर हुडको भिलाई में स्थित खसरा नं. 1/2, 2/2 का टु. प्लाट नं. एम.आई.जी.-2/465 क्षेत्रफल 160 वर्गमीटर भूमि आवेदिका के पति वी.एम. कामडे आ. मारूत राव कामडे को भिलाई इस्पात संयंत्र, भिलाई द्वारा आबंटित किया गया है। आबंटिती वी.एम. कामडे की मृत्यु दिनांक 13.04.1995 को हो चुकी है। मृतक आबंटिती के वारिसान उनकी पत्नी शैला कामडे पति स्व. वी.एम. कामडे, अनिल कामडे, सुनील कामडे, सुशील कामडे पिस. स्व. वी.एम. कामडे है। इसके अतिरिक्त अन्य वारिसान नहीं है। आवेदक द्वारा प्रश्नाधीन भूखण्ड को मृतक आबंटिती के वारिसानों के नाम पर नामान्तरण करते हुए नवीन पटटा जारी किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा या आपत्ति हो, तो प्रकरण की सुनवाई दिनांक 20.08.2026 को या इसके पूर्व इस न्यायालय में स्वतः या किसी व्यक्ति अथवा अधिवक्ता के द्वारा जिस भू-खंड संबंधी जानकारी हो आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत किया जावे अथवा करवाया जावे। नियत तिथि पश्चात प्राप्त आक्षेप/आपत्ति पर कोई कार्यवाही नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 27.07.2026 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

(मुहर) नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)

नाम/परिवर्तन

मैं ईश्वर लाल (ISHWAR LAL) (पुराना नाम, जिसे बदला जाना है) सुपुत्र माखन लाल गोंड, निवासी मकान नं. 30, वार्ड नं. 15, ग्राम रसमड़ा तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) ने अपना नाम ईश्वर लाल (ISHWAR LAL) (पुराना नाम) से बदल कर ईश्वरी लाल (ISHWARI LAL) (नया नाम) रख लिया है।

शपथकर्ता
ईश्वर लाल सुपुत्र माखन लाल गोंड
निवासी मकान नं. 30
वार्ड नं. 15, ग्राम रसमड़ा
तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न. 00038 पोटियाकला ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- आर.डी. 202526430104600100

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00038 के अंतर्गत ग्राम पोटियाकला के वर्तमान भूमिस्वामी शब्बीरुल हसन पिता/पति इबादुल हसन पता हासन बिल्डिंग कसारीडीह दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 88/335 (0.0070) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता तसलीम हसन सिद्धिकी पिता/पति स्व. शब्बीरुल हसन पता कसारीडीह दुर्ग, तारिक हसन सिद्धिकी पिता/पति स्व. शब्बीरुल हसन पता कसारीडीह दुर्ग, अपसरी बेगम पिता/पति स्व. शब्बीरुल हसन पता कसारीडीह दुर्ग, तौसिफ हसन पिता/पति स्व. शब्बीरुल हसन पता कसारीडीह दुर्ग के नाम पर पंजीयन/फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 28.08.2026 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 12.08.2026 को जारी किया जाता है।

(मुहर) तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

नाम/परिवर्तन

मैं टी. प्रकाश साहनी (T. PRAKASH SAHNI) (पुराना नाम, जिसे बदला जाना है) सुपुत्र श्यामबली साहनी, निवासी- श्याम किराना स्टोर्स, वार्ड नं. -09, इंदिरा नगर, सुपेला भिलाई तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) ने अपना नाम टी. प्रकाश साहनी (T. PRAKASH SAHNI) (पुराना नाम) से बदल कर टी. प्रकाश साहनी (T. PRAKASH SAHANI) (नया नाम) रख लिया है।

शपथकर्ता
टी. प्रकाश साहनी
सुपुत्र श्यामबली साहनी
निवासी- श्याम किराना स्टोर्स
वार्ड नं. -09 इंदिरा नगर सुपेला
भिलाई तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

नाम/परिवर्तन

मैं माधो यादव (MADHO YADAV) (पुराना नाम, जिसे बदला जाना है) सुपुत्र नरसिंह यादव, निवासी- 9/5, किड्स होम, मोतीलाल नेहरू नगर भिलाई तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) ने अपना नाम माधो यादव (MADHO YADAV) (पुराना नाम) से बदल कर माधो तेजी (MADHO TEJI) (नया नाम) रख लिया है।

शपथकर्ता
माधो यादव
सुपुत्र नरसिंह यादव
निवासी- 9/5, किड्स होम,
मोतीलाल नेहरू नगर भिलाई
तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

NOTICE UNDER SECTION 72 OF INDIAN PARTNERSHIP ACT 1932

Be it known to all that the Partnership firm **M/s. "UTKAL AGROTECH", House No B-38 , Anandam World City , Kachna Road, Near GAD Colony, Raipur, (C.G), 492001.** Having Registration No. 222202555627 **Dated-29/10/2025** has undergone changes by which **TANUJA AGRAWAL, D/o Shri Kailash Chandra Jain,** Wants to enter the Partnership as new partner, and **KAMAL KISHORE AGRAWAL, S/o Late Shri Shankarlal Agrawal,** Wants to voluntarily Retire from the partnership Without any objection of old partner **ALOK AGRAWAL** And Incoming partner have agreed to continue the Business. Hence All the above Partners shall continue the firm and accordingly executed a Reconstitution of partnership deed on **25/05/2026.**

ALOK AGRAWAL
For, M/s. "UTKAL AGROTECH"
(Partner)

नाम/परिवर्तन

मैं तिलेश्वरी देशमुख (माता का नाम) पुत्री कु यामिनी देशमुख (YAMINI DESHMUKH) निवासी वार्ड नंबर-17, गोडमर्रा, पोस्ट-सुरेगांव, गोड़मर्रा, सुरेगांव तहसील डौंडीलोहारा, जिला बालोद (छ.ग.) से अपने नाबालिक पुत्री का नाम यास्मीन देशमुख (YASMIN DESHMUKH) (पुराना नाम) से बदल' यामिनी देशमुख (YAMINI DESHMUKH) (नया नाम) रख लिया है।

शपथकर्ती
तिलेश्वरी देशमुख
पुत्री कु यामिनी देशमुख
निवासी वार्ड नंबर-17
गोडमर्रा, पोस्ट-सुरेगांव, गोड़मर्रा,
सुरेगांव, तहसील डौंडीलोहारा,
जिला बालोद (छ.ग.)

नाम/परिवर्तन

मैं धनेश्वरी साहू (माता/पिता/पालक का नाम) सुपुत्र पत्नी गंगा प्रसाद साहू निवासी :- 168, वॉर्ड नं. 59, कातुलबोर्ड एस.ए.एफ लाईन्स भिलाई तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. एतद् द्वारा पूर्णतः 7 पुष्टि करती हूँ और निम्नानुसार घोषित करती हूँ। मैं 168, वॉर्ड नं. 59, कातुलबोर्ड एस.ए.एफ लाईन्स भिलाई तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. का स्थायी निवासी हूँ। मैं अपने नाबालिग पुत्र जीरू साहू (JIRU SAHU) पिता गंगा प्रसाद साहू (GANGA PRASAD SAHU) से बदलकर कमल साहू (KAMAL SAHU) पिता गंगाधर साहू (GANGADHAR SAHU) करवाना चाहता/ चाहती हूं। में अपने पुत्र / पुत्री का नाम बदलकर यदि कोई गैर कानूनी काम करता/करती हूं उसके लिये मैं स्वयं जिम्मेदारी रहूंगा / रहूंगी। मेरी पत्नि/पति (पत्नि/पति का नाम) गंगा प्रसाद साहू को हमारे नाबालिग पुत्र/पुत्री के नाम में कोई आपत्ति नही है। मैं यह शपथ पत्र अपने पूरे होशो हवास में रहकर हस्ताक्षर कर रहा/रही हूं तथा सक्षम अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर रहा/रही हूं।

शपथकर्ती
धनेश्वरी साहू
पिता/पति गंगा प्रसाद साहू
निवासी 168, वॉर्ड नं. 59,
कातुलबोर्ड एस.ए.एफ लाईन्स भिलाई
तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार बलौदाबाजार
जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

रा.प्र.क्र. ब/ 121 वर्ष 2025 2026
ग्राम खैरी प.ह.नं. 03

// ईश्तहार //

सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक नरेश कुमार बंजारे पिता स्व. भोला बंजारे जाति सतनामी निवासी ग्राम खैरी तहसील बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार-भाटापारा छ.ग. द्वारा आवेदन किया है कि अपने दादा **स्व. गणेश पिता ज्ञानदास** का मृत्यु दिनांक 20/04/1981 को स्थान ग्राम खैरी में हुआ है। जिसका भूलवश ग्राम पंचायत बेमेतरा में मृत्यु पंजीकरण अभिलेख में पंजीयन नही कराया था। जिसका मृत्यु पंजीकरण किये जाने का आवेदन किया है। आवेदन के साथ मय दस्तावेज संलग्न किया है। जो प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा-आपत्ति करना हो तो स्वयं अथवा किसी अधिवक्ता के माध्यम से पेशी दिनांक 31/08/2026 तक प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद दावा-आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 17/08/2026 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय के मुहर से जारी किया गया।

(मुहर) नायब तहसीलदार बलौदाबाजार

न्यायालय नायब तहसीलदार गरियाबंद, जिला - गरियाबंद (छ.ग.)

रा.मा.क्र. 202607220600019/अ19 (3)/2025-26
ग्राम - दर्रीपारा

//उद्घोषणा//

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि पुलिस अधीक्षक जिला गरियाबंद सीआरपीएफ पुलिस कैम्प भवन एवं आवासीय भवन निर्माण ग्राम दर्रीपारा तहसील गरियाबंद में स्थित शासकीय भूमि खसरा 343, 344, 345 रकबा क्रमशः 0.77, 0.33, 1.17 हेक्टेयर कुल खसरा नंबर 03 कुल रकबा 2.27 हेक्टेयर को सीआरपीएफ पुलिस कैम्प भवन एवं आवासीय भवन निर्माण हेतु पुलिस अधीक्षक, जिला गरियाबंद के नाम पर आबंटन चाहा गया है।

उपरोक्त संबंध में किसी भी व्यक्ति / संस्था / शासकीय / अर्द्धशासकीय निकाय या अन्य संस्था को किसी भी प्रकार की दावा/आपत्ति हो तो सुनवाई दिनांक 21/08/2026 तक इस न्यायालय में स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से लिखित दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त होने वाले दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नही कि जावेगी।

आज दिनांक 07/08/2026 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मुहर साथ जारी किया गया।

(मुहर) जी-262702803/2 — नायब तहसीलदार गरियाबंद

न्यायालय तहसीलदार, तहसील सुकमा, जिला-सुकमा (छ.ग.)

राजस्व प्रकरण क्रमांकः 202603190100002
विषयः- अ-20 (3), सन 2025-2026

//ईश्तहार//

एतद् द्वारा सर्वसाधारण नगर पालिका परिषद् सुकमा के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक कार्यालय कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग (भ/स) सुकमा संभाग सुकमा, द्वारा जिला सुकमा में विशेष केन्द्रीय सहायता (SCA) योजना अन्तर्गत जिला सुकमा में 16 नग ई टाईप, 32 नग एफ टाईप, 48 नग जी टाईप कुल 96 नग आवास गृह निर्माण हेतु 10 एकड़ शासकीय भूमि आबंटन हेतु निवेदन किये जाने पर नगर सुकमा, प.ह.नं. 13/सुकमा, तहसील सुकमा में स्थित (1) खसरा नम्बर 1304/2 रकबा 2.023 हेक्टेयर कुल प्रस्तावित रकबा 2.023 हेक्टेयर भूमि (2) खसरा नम्बर 1326/2 रकबा 2.023 हेक्टेयर में से कुल प्रस्तावित रकबा 0.800 हेक्टेयर भूमि (3) खसरा नम्बर 1327/3 रकबा 2.023 हेक्टेयर कुल प्रस्तावित रकबा 2.023 हेक्टेयर भूमि (4) खसरा नम्बर 1328/1 रकबा 1.865 हेक्टेयर कुल प्रस्तावित रकबा 0.480 हेक्टेयर भूमि कुल खसरा नम्बर 04 कुल प्रस्तावित रकबा 5.326 हेक्टेयर भूमि आवास गृह निर्माण हेतु काबिल काश्त मद की शासकीय भूमि का चिन्हांकित कर भूमि आबंटन हेतु आवेदक के मांग अनुसार राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड 4-1 की कंडिका 25 में दिये गये जांच बिन्दुओं तथा शासन द्वारा समय-समय पर जारी दिशा-निर्देश का पालन कर विस्तृत जांच की कार्यवाही कर जांच प्रतिवेदन चेक लिस्ट सहित प्रकरण प्रस्तुत करने हेतु अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सुकमा के माध्यम से अंतिम आदेश हेतु प्रस्तुत करने इस न्यायालय को प्राप्त हुई है। प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

तत्संबंधत में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को आपत्ति हो तो वह अपना दावा-आपत्ति, स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 29.08.2026 तक प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 13.08.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा सील से जारी।

(मुहर) जी-262702823/3 — तहसीलदार सुकमा, जिला-सुकमा

छत्तीसगढ़ शासन वन विभाग
बलरामपुर वनमण्डल बलरामपुर (छत्तीसगढ़)
नीलाम सूचना

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि बलरामपुर वनमण्डल के अंतर्गत काष्ठागार वाड्रफनगर में रखी इमारती लकड़ी/जलाऊ काष्ठ को निम्नलिखित तिथि व समय में ई-ऑक्शन द्वारा निवर्तन किया जाना है। इच्छुक व्यापारी ई-ऑक्शन में अवश्य भाग लेवें। ई-ऑक्शन की शर्तें एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस व समय पर वनमण्डल कार्यालय अथवा काष्ठागार वाड्रफनगर से प्राप्त कर सकते हैं।

डिपो का नाम - काष्ठागार वाड्रफनगर
ई-नीलाम दिनांक - 25.08.2026
समय- प्रातः 09:00 बजे से

क्र.	वनोपज का विवरण	नया काष्ठ		पुराना काष्ठ	
		लठ्ठा	बल्ली/ डेंगरी	लठ्ठा (घ.मी.)	बल्ली/ डेंगरी
		घ.मी.	नग	नग	
1	2	3	4	5	
A	इमारती काष्ठ				
1	सागौन	-	-	95.335	209
2	साल	128.725	67	3762.116	955
3	साजा	-	-	274.072	132
4	तिन्सा	-	-	-	-
5	बीजा, शीशम, खम्हार	-	-	23.004	11
6	हल्दु, मुडी, बांसा	-	-	61.847	4
7	धावड़ा	-	-	18.923	81
8	अन्य मिश्रित (सेमल)	7.673	21	107.376	109
9	नीलगिरी	-	-	2.983	9
10	सलया	-	-	-	-
11	खैर काष्ठ	46.929	-	2.939	-
	योग :-	**183.327**	**88**	**4348.595**	**1510**

क्र.	प्रजाति विवरण		
1	जलाऊ चट्टा मिश्रित प्रजाति सा. 2.00 मी0 X 1.25 X 0.80 मी0	**38 चट्टा**	**605 चट्टा**

टीपः- 1. क्रेता को ई-ऑक्सन के पूर्व एम.एस.टी.सी. ई-कोमर्स पोर्टल में रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है।
2. क्रेताओं को ई-ऑक्सन के पूर्व क्रय लाटों के अपसेट प्राईज मूल्य के 10 प्रतिशत की राशि अपने वॉलेट में रखना अनिवार्य है। सफल बोलीदार को एक सप्ताह के भीतर शेष 15 प्रतिशत ई.एम.डी. की राशि जमा करना अनिवार्य है।
3. लॉट की थप्पी एवं फोटो एम.एस.टी.सी. ई-कॉमर्स पोर्टल में अपने आई.डी. से लॉगईन करके देख सकते हैं।

जी-262702806/4 — वनमण्डलाधिकारी बलरामपुर वनमण्डल बलरामपुर

अबूझमाड़ की पारंपरिक स्वास्थ्य और भोजन परंपरा पर विदेशों से भी हो रहा शोध

■ **वैद्य सम्मेलन में पारंपरिक ज्ञान के संरक्षण और वनौषधियों के संवर्धन पर जोर**

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में पारंपरिक स्वास्थ्य परंपरा और वनौषधीय ज्ञान को संरक्षित करने के लिए छत्तीसगढ़ आदिवासी स्थानीय स्वास्थ्य परंपरा एवं औषधि पादप बोर्ड सक्रिय रूप से कार्य कर रहा है। यह संस्था स्थानीय वैद्यों के प्रमाणीकरण, जड़ी-बूटियों के वैज्ञानिक दस्तावेजीकरण और सतत कटाई को बढ़ावा देती है।

औषधि पादप बोर्ड द्वारा स्वास्थ्य परंपरा वैद्यों को प्रोत्साहन

छत्तीसगढ़ की समृद्ध पारंपरिक स्वास्थ्य परंपरा और वनौषधीय ज्ञान को संरक्षित करने के लिए राज्य सरकार लगातार प्रयास कर रही है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की संवेदनशील पहल और वन मंत्री केदार कश्यप के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ आदिवासी, स्थानीय स्वास्थ्य परंपरा एवं औषधि पादप बोर्ड द्वारा वैद्यों को प्रोत्साहित करने के साथ उनके पारंपरिक ज्ञान को संरक्षित और आगे बढ़ाने का कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में विगत 14 अगस्त को नारायणपुर वनमंडल कार्यालय सभागार में जिला स्तरीय वैद्य सम्मेलन आयोजित किया गया।

वैद्यों ने साझा किया पारंपरिक उपचार का ज्ञान

बोर्ड के अध्यक्ष विकास मरकाम ने दीप प्रज्वलित कर सम्मेलन का शुभारंभ किया। वनमंडल अधिकारी वेंकटेश एम. जी. ने

पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। सम्मेलन में वैद्य रतन रंजन धर, कज्जाराम गोटा, रूपसिंह, सुखदेव, सोमनाथ, फूलसिंह, अमृतलाल और हरिचंद सहित अन्य वैद्यों ने पारंपरिक जड़ी-बूटियों और उपचार पद्धतियों से जुड़े अपने अनुभव साझा किए। वैद्यों ने नारायणपुर में वनौषधियों के संरक्षण और लोगों में जागरूकता बढ़ाने के लिए हर्बल गार्डन विकसित करने की मांग रखी।

बोर्ड के कंसल्टेंट अमित गुप्ता ने वैद्यों के हित में संचालित योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आर्थिक रूप से कमजोर वैद्य समूहों को जड़ी-बूटियों को उच्च गुणवत्ता के साथ पीसने के लिए निःशुल्क पल्वराइजर मशीन उपलब्ध कराई जा रही है। हीलर हर्बल गार्डन योजना के तहत वैद्य अपनी बाड़ी में सामान्य रूप से उपयोग होने वाली वनौषधियों का छोटा उद्यान विकसित कर सकते हैं।

वैद्यों की पारंपरिक उपचार पद्धतियों के प्रमाणीकरण

वैद्यों के गांव में संचालित स्कूलों में स्कूल हर्बल गार्डन विकसित करने और उसके रखरखाव के लिए भी तकनीकी एवं आर्थिक सहायता दी जा रही है। इसके अलावा वैद्यों की पारंपरिक उपचार पद्धतियों के प्रमाणीकरण की प्रक्रिया फ्ब्प् के माध्यम से संचालित की जा रही है, जिससे पारंपरिक चिकित्सा ज्ञान को व्यवस्थित रूप से संरक्षित और प्रमाणित करने में मदद मिलेगी।

3 हजार हेक्टेयर में वनौषधियों का रोपण

वनमंडल अधिकारी वेंकटेश एम. जी. ने सम्मेलन के आयोजन के लिए बोर्ड का आभार व्यक्त किया। उन्होंने वैद्यों की मांग पर नारायणपुर में हर्बल गार्डन विकसित करने का आश्वासन दिया। उन्होंने बताया कि नारायणपुर वनमंडल में वनौषधियों के संरक्षण और संवर्धन के लिए लगभग 3 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में रोपण किया जा रहा है। वनौषधियों की रिपॉजिटरी तैयार करने के साथ वैद्यों के पारंपरिक ज्ञान का दस्तावेजीकरण भी किया जाएगा।

न्यूज गैलरी

कुशालपुर में देशभक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

रायपुर/नवप्रदेश। ठाकुर अनिरुद्ध सिंह शासकीय प्राथमिक शाला, कुशालपुर में आज स्वतंत्रता दिवस बेहद देशभक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर वार्ड के पार्षद कृष्णा सोनकर (बब्बी) ने स्कूल के बच्चों को हो रही समस्याओं को ध्यान में रखते हुए 70 डेस्क-बेंच दान में दिए । पार्षद जी ने कहा कि बच्चों को बेहतर माहौल देना हमारी प्राथमिकता है इससे बच्चों को पढ़ाई करने में अधिक सुविधा होगी। इस अवसर पर स्कूल के प्रधानाचार्य, शाला प्रबंधन समिति और शिक्षकों द्वारा बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए इस अमूल्य सहयोग हेतु पार्षद जी को धन्यवाद दिया। इस कार्यक्रम में शाला के प्रधानाचार्या श्रीमती अन्नपूर्णा महानंद, सेवानिवृत प्रधानाचार्य श्री जे.आर. धीवर, शिक्षाविद् श्री सुभाष सिंह ठाकुर, अध्यक्ष सावित्री धीवर, शिक्षक श्री पूरनदास बंजारे, श्री डॉक्टर प्रसाद साहू, श्रीमती पूजा कतलम समेत वार्ड के सभी गणमान्य नागरिक और सम्मानित सदस्य उपस्थित रहे।

पत्रकारों की मुसीबत में काम आएगा पत्रकारों का सहयोग

रायपुर/नवप्रदेश। पत्रकार साथी या उनके परिवार के सामने आने वाली आकस्मिक और कठिन परिस्थितियों में सहयोग की भावना को एक सशक्त और सहज माध्यम देने के उद्देश्य से रायपुर प्रेस क्लब ने पूर्व में संचालित पत्रकार कल्याण कोष को पुनः सक्रिय करने का निर्णय लिया है। इसी क्रम में रविवार को प्रेस क्लब परिसर में आयोजित कार्यक्रम में पत्रकार कल्याण कोष के खाते का क्क्रकोड जारी कर इसे सार्वजनिक किया गया। क्क्रकोड जारी करने के साथ ही "आपका सहयोग, अपने लिए" अभियान की शुरुआत की गई। अभियान के तहत प्रेस क्लब अध्यक्ष मोहन तिवारी और मनीष वोरा ने स्वयं सहयोग राशि देकर पत्रकार साथियों से अपनी क्षमता के अनुसार कोष में योगदान करने की अपील की। इसके बाद अभियान के पहले ही दिन बृजेश चौबे, प्रशांत शर्मा, रामावतार तिवारी, मनीष वोरा, दिलीप साहू त्रिलोचन मानिकपुरी ,भूपेश जांगड़े, नरेंद्र बंगाले, भरत योगी, अमृता शर्मा, ऋषि नेताम, सहित पत्रकार साथियों ने यथासंभव सहयोग राशि देकर इस पहल को अपना समर्थन दिया। अब पत्रकार साथी अपनी इच्छानुसार इस कोष में आसानी से सहयोग कर सकेंगे। इसके अलावा पत्रकारों के शुभचिंतक एवं पत्रकारों के सुख-दुख में सहभागी बनने की इच्छा रखने वाले आम नागरिक भी इस कोष में अपना योगदान दे सकेंगे। क्क्रकोड के माध्यम से प्राप्त राशि का उपयोग आकस्मिक एवं दुखद परिस्थितियों में जरूरतमंद पत्रकारों अथवा उनके परिवारों को संबल प्रदान करने के लिए किया जाएगा।

समस्याओं के त्वरित निराकरण का मंत्री राजेश अग्रवाल ने दिए निर्देश

रायपुर/नवप्रदेश। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल ने आज लखनपुर विकासखंड के ग्राम कटकोना पहुंचकर क्षेत्रवासियों से सीधा संवाद किया। उन्होंने ग्रामीणों की समस्याओं, आवश्यकताओं और स्थानीय स्तर पर सामने आ रहे विभिन्न विषयों की जानकारी ली तथा संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के त्वरित एवं यथोचित निराकरण के लिए आवश्यक निर्देश दिए। मंत्री अग्रवाल ने ग्रामीणों से संवाद के दौरान उनकी बातों को गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ सुना। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधि के रूप में क्षेत्र की जनता से सीधे संवाद करना और उनकी समस्याओं को समझकर उनका समाधान सुनिश्चित करना उनकी प्राथमिकता है। ग्रामीणों द्वारा बताई गई समस्याओं के संबंध में उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों से आवश्यक जानकारी ली और समस्याओं के निराकरण के लिए समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान ग्रामवासियों ने खदान से संबंधित विभिन्न विषय भी मंत्री राजेश अग्रवाल के संज्ञान में लाए।

उद्योग मंत्री देवांगन के प्रयासों से विकास कार्यों को मिली 5.44 करोड़ की सौगात

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश के कैबिनेट मंत्री एवं कोरबा विधायक लखन लाल देवांगन के सशक्त नेतृत्व में कोरबा नगर में मूलभूत सुविधाओं को

मजबूत करने के संकल्प के साथ जिला खनिज न्यास मद से 31 विभिन्न विकास कार्यों के लिए 5.44 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्राप्त हुई है। स्वीकृत कार्यों के तहत नगर निगम क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में सीसी रोड एवं नाली निर्माण सहित आवश्यक मूलभूत विकास कार्य किए जाएंगे। इन कार्यों से वार्डों एवं मोहल्लों में आवागमन सुगम होने के साथ ही बारिश के दौरान जल निकासी की समस्या से भी राहत मिलेगी। मंत्री देवांगन द्वारा कोरबा शहर के बड़े विकास कार्यों के साथ-साथ वार्डों और मोहल्लों में नागरिकों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए सड़क, नाली एवं अन्य अधोसंरचना संबंधी कार्यों के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में डीएमएफ मद से 31 कार्यों के लिए 5.44 करोड़ रुपये की स्वीकृति आदेश जारी किया गया है।

---

14 लाख के जेवर बरामद, बिल क्लियर करने 50 हजार रिश्वत लेते पकड़ाया था

सीबीआई को रेलवे इंजीनियर के घर मिले 77 लाख कैश

■ **सीबीआई ने डीएमई के भिलाई, रायपुर और राजनांदगांव के ठिकानों पर तलाशी अभियान चलाया**

रायपुर/नवप्रदेश। रिश्वतखोरी के मामले में साउथ ईस्ट सेंट्रल रेलवे, भिलाई के सीनियर डिविजनल मैकेनिकल इंजीनियर (डीएमई) अनमोल उईके और बिचौलिए को अरेस्ट किया गया था। गिरफ्तारी के बाद सीबीआई ने डीएमई के भिलाई, रायपुर और राजनांदगांव के ठिकानों पर तलाशी ली।

तलाशी के दौरान सीबीआई को करीब 91 लाख रुपए की संपत्ति मिली। इसमें लगभग 77 लाख रुपए कैश और 14 लाख रुपए के जेवरात शामिल हैं।

सीबीआई ने 13 अगस्त को ट्रैप कार्रवाई कर सीनियर डीएमई को शिकायतकर्ता से 50 हजार की रिश्वत लेते पकड़ लिया था। आरोप है कि अधिकारी ने पेंडिंग बिलों को क्लियर करने के बदले 2 लाख रुपए की मांग की थी। बातचीत के बाद 1 लाख रुपए में सौदा तय हुआ था।

सीबीआई के मुताबिक, अनमोल उईके साउथ ईस्ट सेंट्रल रेलवे के भिलाई के पीपी यार्ड में सीनियर डिविजनल मैकेनिकल इंजीनियर के पद पर पोस्टेड हैं। रेलवे के ठेकेदार ने डीएमई अनमोल उईके से नया ठेका दिलाने और पुराने बिल पास कराने की बात कही।

इस पर डीएमई उईके ने इसके बदले 2 लाख रुपए की रिश्वत मांगी की। बातचीत के बाद वह 1 लाख रुपए लेने पर तैयार हो गया। इसके बाद रेलवे ठेकेदार ने इसकी शिकायत सीबीआई से की। टीम ने शिकायतकर्ता को केमिकल लगे नोटों से भरा लिफाफा देकर अफसर के पास भेजा। रेलवे अधिकारी ने शिकायतकर्ता से रिश्वत की पहली किस्त के तौर पर 50 हजार रुपए एक बिचौलिए के जरिए लिए। इसी दौरान सीबीआई ने उसे रंगे हाथों पकड़ लिया। इनमें दिल्ली के साथ रायपुर और दुर्ग की टीम के 10 अधिकारी भी शामिल थे। सीबीआई के अनुसार, रिश्वत की रकम अधिकारी के निर्देश पर बिचौलिए ने शिकायतकर्ता से ली थी। इसके बाद सीबीआई ने अधिकारी और बिचौलिए दोनों को गिरफ्तार कर लिया।

सीबीआई की टीम ने रायपुर-भिलाई और राजनांदगांव में ली तलाशी

गिरफ्तारी के बाद सीबीआई की टीम ने अधिकारी के भिलाई स्थित पीपी यार्ड कार्यालय के साथ-साथ रायपुर और राजनांदगांव के ममता नगर स्थित ठिकानों पर भी तलाशी ली। तलाशी के दौरान सीबीआई को करीब 91 लाख रुपए की संपत्ति मिली। इसमें लगभग 77 लाख रुपए नकद और 14 लाख रुपए के जेवरात शामिल हैं। टीम ने मामले से जुड़े कई जरूरी दस्तावेज और रिकॉर्ड भी जब्त किए हैं।

वैद्य फूड में राजस्व, खाद्य औषधि व पुलिस की दबिश

रायपुर/नवप्रदेश। एनालॉग पनीर के निर्माण एवं विक्रय पर प्रतिबंध के उल्लंघन की आशंका को देखते हुए राजस्व,खाद्य एवं औषधि प्रशासन, पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने महासमुंद के भलेसर रोड स्थित वैद्य फूड में बीती देर रात दबिश दी। इस कार्रवाई के दौरान लगभग तीन घंटे तक संस्थान की जांच की गई। रात्रि करीब 12 बजे राजस्व तथा खाद्य एवं औषधि प्रशासन के अधिकारियों की संयुक्त टीम वैद्य फूड पहुंची। जांच के दौरान मध्य रात्रि में पनीर का निर्माण किए जाने की स्थिति सामने आई। मौके पर उपलब्ध पनीर की गुणवत्ता एवं निर्माण में प्रयुक्त सामग्री को लेकर संदेह उत्पन्न होने पर लगभग 200 किलोग्राम पनीर को जब्त किया गया। अधिकारियों द्वारा मौके पर उपलब्ध खाद्य सामग्री एवं निर्माण प्रक्रिया से संबंधित आवश्यक जानकारी भी संकलित की गई। आज सुबह कार्रवाई के दौरान विभाग द्वारा सील किए गए कोल्ड स्टोरेज में रखी खाद्य सामग्री को नियमानुसार खोलकर उसकी जांच की गई। खाद्य सामग्री की पुष्टि एवं गुणवत्ता परीक्षण के लिए पनीर का नमूना लिया गया, जिसे जांच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला, रायपुर भेजा गया है।

'रिपोर्ट के आधार पर होगी आगामी कार्रवाई'

अभिहित अधिकारी उमेश कुमार ने बताया कि जब्त पनीर का नमूना राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला रायपुर भेजा गया है। प्रयोगशाला से जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद खाद्य सुरक्षा एवं संबंधित प्रावधानों के तहत आगे की कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन की इस कार्रवाई का उद्देश्य खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करना तथा प्रतिबंधित अथवा मिलावटी खाद्य पदार्थों के निर्माण एवं विक्रय पर प्रभावी नियंत्रण रखना है। खाद्य एवं औषधि प्रशासन के निर्देश अनुसार खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता और उपभोक्ताओं की सुरक्षा से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा और कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

राज्य सूचना आयोग में मुख्य सूचना आयुक्त जैन ने किया ध्वजारोहण

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य सूचना आयोग में स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। राज्य सूचना आयोग के मुख्य सूचना आयुक्त अमिताभ जैन ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। उन्होंने सभी अधिकारियों- कर्मचारियों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मुख्य सूचना आयुक्त अमिताभ जैन ने कहा कि स्वतंत्रता का संघर्ष लंबा और कठिन था, जिसमें कई स्वतंत्रता सेनानियों ने अपने प्राणों की आहुति दी। यह दिन हमें हमारे वीर शहीदों के बलिदान और संघर्ष की याद दिलाता है। हमें आजादी दिलाने के लिए महात्मा गांधी, भगत सिंह और सुभाष चंद्र बोस जैसे अनेक महान स्वतंत्रता सेनानियों ने अपना बलिदान

दिया। इसी दिन 1947 में भारत को लगभग 200 वर्षों की ब्रिटिश औपनिवेशिक गुलामी से मुक्ति मिली थी और देश एक संप्रभु राष्ट्र के रूप में उभरा था।

इस अवसर पर राज्य सूचना आयोग के आयुक्त आलोक चन्द्रवंशी, उमेश अग्रवाल, शिरिश चन्द्र मिश्र, सचिव नीलम नामदेव एक्का, उप सचिव आभा तिवारी सभी अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

श्री बालाजी दिशा कॉलेज में धूमधाम से मना आजादी का जश्न

रायपुर/नवप्रदेश। श्री बालाजी दिशा कॉलेज रामनगर कोटा रायपुर में स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गयाकार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में राष्ट्रप्रेम, देशभक्ति, संस्कार एवं राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करना था। इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में श्री बालाजी ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल , कॉलेज एंड दिशा एजुकेशन सोसाइटी के चेयर मेन डॉ देवेंद्र नायक एवं डॉ नीता नायक मैनेजिंग डायरेक्टर,एवं डॉ पुष्पेंद्र नायक डायरेक्टर, श्री भोजराज पटेल डायरेक्टर सी ए नितिन पटेल, डॉ बीरेंद्र पटेल सहित अन्य सदस्य एवं प्राचार्य डॉ ए के तिवारी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ ध्वजारोहण एवं राष्ट्रगान के साथ हुआ

कार्यक्रम में उपस्थित श्री बालाजी ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल , कॉलेज एंड दिशा एजुकेशन सोसाइटी के चेयर मेन डॉ देवेंद्र नायक ने स्वतंत्रता दिवस के इस पावन अवसर पर अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को संदेश दिया किसी भी क्षेत्र का चुनाव करो पर उसमें अपनी एक अलग पहचान बनाए और साथ ही कहा कि हमारी पहचान अखण्ड भारत से है उसे हमे हमेशा याद रखना है और एक अच्छे नागरिक होने के नाते हमारी जिम्मेदारी को बखूबी निभाना होगा ,समय के महत्व पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि जीवन में अपने लक्ष्य को निर्धारित कर आगे बड़े तभी सफलता निश्चित है।और आगे बढ़कर समाज के निर्माण में अपना सम्पूर्ण योगदान दे। डॉ पुष्पेंद्र नायक डायरेक्टर ने कहा कि संस्कार हमारे व्यक्तित्व की नींव हैं और विकास हमारी पहचान है, शिक्षा हमें आगे बढ़ना सिखाती है, लेकिन संस्कार हमें सही दिशा में आगे बढ़ना सिखाते हैं।संस्कार हमारी जड़ों को मजबूत करते हैं और विकास हमें नई ऊँचाइयों तक पहुँचाता है। और साथ ही कहा कि सच्ची सफलता वही है, जिसमें विकास के साथ संस्कार भी बने रहें,आधुनिक बनिए, लेकिन अपने संस्कारों को कभी मत भूलिए। संस्कार से चरित्र, चरित्र से व्यक्तित्व और व्यक्तित्व से राष्ट्र का निर्माण होता है।

डॉ ए के तिवारी प्राचार्य श्री बालाजी दिशा कॉलेज ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर बधाइयां देते हुए कहा कि 'स्वतंत्रता केवल अधिकार नहीं, बल्कि एक जिम्मेदारी है।शिक्षा का उद्देश्य केवल ज्ञान प्राप्त करना नहीं, बल्कि अच्छे संस्कार, नैतिक मूल्यों और जिम्मेदार नागरिकता का विकास करना भी है। 'ज्ञान से विकास होता है और संस्कार से व्यक्तित्व का निर्माण होता है '–इस संदेश के माध्यम से विद्यार्थियों को राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया गया।

योग गुरु बाबा रामदेव ने इट्सा हॉस्पिटल्स का किया दौरा

■ **सेवाभाव और हॉस्पिटैलिटी की सराहना**

रायपुर/नवप्रदेश। योग गुरु स्वामी रामदेव ने रविवार को रायपुर स्थित इट्सा हॉस्पिटल्स का दौरा किया। उनके आगमन से अस्पताल परिसर में उत्साह और गरिमापूर्ण वातावरण बना रहा। अस्पताल प्रबंधन, डायरेक्टर श्री सुनील बालानी, श्रीमती विनिता बालानी, डॉ. सचिन पिटलवार और डॉ. राजकुमार बरनवाल एवं 'चिकित्सकों एवं वरिष्ठ अधिकारियों ने स्वामी रामदेव का आत्मीय स्वागत किया। अस्पताल पहुंचने पर उन्होंने सर्वप्रथम भगवान श्री गणेश के चरण स्पर्श कर दीप प्रज्वलित किया और संस्थान के

लिए मंगलकामनाएं व्यक्त कीं।

स्वामी रामदेव ने अस्पताल परिसर का अवलोकन करते हुए यहां उपलब्ध चिकित्सा सुविधाओं, व्यवस्थाओं और मरीजों को दी जा रही सेवाओं की जानकारी ली। उन्होंने इट्सा हॉस्पिटल्स के सेवा-भाव, आत्मीयता और उत्कृष्ट हॉस्पिटैलिटी की विशेष रूप से सराहना की। उन्होंने कहा कि अस्पताल केवल आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं का केंद्र नहीं होना चाहिए, बल्कि मरीज और उनके परिजनों को अपनापन, संवेदना और सम्मान का अनुभव भी मिलना चाहिए। इट्सा हॉस्पिटल्स में चिकित्सा के साथ बेहतरीन हॉस्पिटैलिटी का समन्वय दिखाई देता है। अपने संबोधन में स्वामी रामदेव ने रायपुर से अपने लंबे जुड़ाव का उल्लेख करते हुए कहा कि वे पिछले 25 वर्षों से रायपुर आते रहे हैं और इस दौरान उन्होंने शहर को लगातार प्रगतिशील तथा विकास की नई ऊंचाइयों की ओर बढ़ते देखा है। उन्होंने रायपुर के लोगों के प्रति अपने स्नेह और आत्मीयता को भी व्यक्त किया।

स्वामी रामदेव ने स्वस्थ जीवनशैली के महत्व पर जोर देते हुए लोगों से नियमित रूप से योग अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा, 'योग करो, स्वस्थ बनो। करियर बनाओ, बुद्धिमान बनो। शरीर से पराक्रमी बनो और मस्तिष्क से बुद्धिमान बनो।' उन्होंने स्वस्थ शरीर और स्वस्थ मस्तिष्क को जीवन में सफलता, आत्मविश्वास और समृद्धि की मजबूत नींव बताया।

अजय काले को 'समाज निर्माण गौरव सम्मान'

रायपुर/नवप्रदेश। महाराष्ट्र मंडल में सतत् 16 वर्षों से, नौ कार्यकाल में निर्विरोध निर्वाचित, अध्यक्ष अजय मधुकर काले का प्रभा फाउंडेशन ने सम्मान किया। रविवार को समाजसेवियों से खचाखच भरे विमतारा सभागृह में आयोजित भव्य समारोह में काले को यह 'समाज निर्माण गौरव सम्मान' विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, सांसद बृजमोहन अग्रवाल और रायपुर पश्चिम के विधायक राजेश मूणत ने दिया। इस मौके पर विभिन्न क्षेत्रों के निःस्वार्थ भाव से जरूरतमंद लोगों की सेवा कर रहे 51 विभूतियों और संस्थाओं को भी सम्मानित किया गया। सुप्रसिद्ध नेत्र विशेषज्ञ

और अंध श्रद्धा निर्मूलन समिति के संस्थापक डॉ. दिनेश मिश्रा को लाइफ टाइम एचिवमेंट अवार्ड दिया गया।

मुख्य अतिथि डॉ. रमन सिंह ने समूचे आयोजन की प्रशंसा करते हुए कहा कि राजधानी में डॉ. त्रिवेदी परविार की ओर प्रभा फाउंडेशन के रूप में समाजसेवा के नए अवसर बनेंगे। इसका लाभ अधिकाधिक गरीब और जरूरतमंदों को होगा।

डोंगरगढ़ में स्वतंत्रता दिवस पर ध्वजारोहण, शहीदों को किया नमन

डोंगरगढ़/नवप्रदेश। स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर डोंगरगढ़ शहर में विभिन्न स्थानों पर ध्वजारोहण एवं श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किए गए। गोलबाजार , अन्नपूर्णा सोसायटी, थाना चौक एवं स्वामी आत्मानंद स्कूल में आयोजित ध्वजारोहण कार्यक्रमों में ध्वजारोहण किया गया और राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी गई। डोंगरगढ़ विधानसभा की विधायक हर्षिता स्वामी बघेल भी स्वतंत्रता दिवस के इन कार्यक्रमों में शामिल हुईं। उन्होंने विभिन्न स्थानों पर आयोजित ध्वजारोहण कार्यक्रमों में सहभागिता करते हुए क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं। राष्ट्रीय ध्वज फहराकर उन्होंने देश की स्वतंत्रता के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले वीर स्वतंत्रता सेनानियों एवं शहीदों को नमन किया। इस अवसर पर देश की स्वतंत्रता के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले वीर स्वतंत्रता सेनानियों एवं शहीदों को नमन किया गया। क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी गई।

भारी बारिश के बीच निकली कांवड़ यात्रा

छुरा/नवप्रदेश। बोल बम सेवा समिति के तत्वावधान में पवित्र सावन मास के तृतीय सोमवार एवं नागपंचमी के पावन अवसर पर छुरा नगर में

भव्य कांवड़ यात्रा श्रद्धा, उत्साह और भक्तिमय वातावरण में संपन्न हुई। लगातार हो रही बारिश भी शिवभक्तों के कदम नहीं रोक सकी। श्रद्धालु पूरे जोश और उत्साह के साथ ÷बोल बम÷ एवं ÷हर-हर महादेव÷ के जयघोष लगाते हुए यात्रा में आगे बढ़ते रहे। उनकी अटूट आस्था और भक्ति से पूरा छुरा नगर शिवमय हो उठा। बड़ी संख्या में शिवभक्त कांवड़ लेकर नगर भ्रमण पर निकले और नगर के प्रमुख 12 शिवलिंगों में जलाभिषेक किया। डीजे पर गूंजते शिवभक्ति गीतों और जयघोष से नगर की गलियां भक्तिमय हो गईं।

धमतरी पुलिस का 'साइबर जागृति अभियान', 2 अक्टूबर तक जिले में चलेगा अभियान

स्वतंत्रता दिवस पर विधायक चंद्राकर ने ली 'जागरुकता की एक सेल्फी'

धमतरी / नवप्रदेश। प्रदेशवासियों को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक एवं सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ पुलिस द्वारा 15 अगस्त से 02 अक्टूबर 2026 तक प्रदेशव्यापी 'साइबर जागृति अभियान' का आयोजन किया जा रहा है। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय धमतरी के ऐतिहासिक एकलव्य खेल परिसर परेड ग्राउंड में आयोजित ध्वजारोहण समारोह के पश्चात मुख्य अतिथि एवं कुरूद विधायक अजय चंद्राकर ने इस अभियान के अंतर्गत 'जागरूकता की एक सेल्फी' लेकर जिलेवासियों से अभियान में सक्रिय भागीदारी करने की अपील की।

उल्लेखनीय है कि इस प्रदेश स्तरीय अभियान का औपचारिक शुभारंभ राजधानी रायपुर में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय तथा उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा द्वारा किया गया है। इसी क्रम में धमतरी जिले में भी अभियान

को व्यापक जनभागीदारी के साथ संचालित किया जा रहा है।

कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि अजय चंद्राकर ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, गणमान्य नागरिकों एवं मीडिया प्रतिनिधियों के साथ 'साइबर जागृति की एक सेल्फी' लेकर आम नागरिकों से इस अभियान से जुड़ने का आह्वान किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि जिस प्रकार देश की स्वतंत्रता के लिए पूरा राष्ट्र एकजुट हुआ था, उसी भावना के साथ साइबर अपराध के विरुद्ध भी समाज के प्रत्येक वर्ग को एकजुट होकर जागरूकता का संदेश जन-जन तक पहुंचाना होगा।

इस अभियान की मुख्य थीम 'साइबर जागृति की एक सेल्फी' रखी गई है। नागरिक छत्तीसगढ़ पुलिस एवं जिला पुलिस के सोशल मीडिया हैंडल्स पर उपलब्ध लिंक अथवा क्यूआर कोड (त्तक्र ष्टश्स्रद्ग) के माध्यम से जागरूकता संदेश वाली सेल्फी फ्रेम में अपनी फोटो लेकर उसे सोशल मीडिया पर साझा कर सकते हैं। इस पहल के माध्यम से साइबर सुरक्षा का संदेश उनके मित्रों, फॉलोअर्स और अधिक से अधिक नागरिकों तक पहुंचेगा।

धमतरी पुलिस द्वारा 15 अगस्त से 02 अक्टूबर 2026 तक अभियान के दौरान विभिन्न वर्गों एवं संस्थानों को केंद्रित करते हुए सात सप्ताह का विशेष कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। प्रथम सप्ताह में डिजिटल सतर्कता एवं बुनियादी साइबर सुरक्षा के तहत स्कूल एवं कॉलेजों में विद्यार्थियों को जागरूक किया जाएगा। द्वितीय सप्ताह में वित्तीय धोखाधड़ी एवं यूपीआई सुरक्षा के तहत बैंकों एवं वित्तीय संस्थानों के माध्यम से ऑनलाइन लेनदेन में सावधानियों की जानकारी दी जाएगी। तृतीय सप्ताह में डिजिटल अरेस्ट एवं फर्जी कॉल के संबंध में वरिष्ठ नागरिकों के लिए टाउन हॉल एवं विशेष कार्यक्रम आयोजित होंगे। चतुर्थ सप्ताह में स्मार्टफोन प्राइवेसी एवं सुरक्षित ब्राउज़िंग को लेकर महिला कॉलेजों एवं सामुदायिक समूहों के बीच जागरूकता फैलाई जाएगी। पंचम सप्ताह में जॉब फ्रॉड एवं फिशिंग से बचाव के लिए रोजगार कार्यालय, आईटीआई एवं कौशल विकास केंद्रों में युवाओं को सजग किया जाएगा।

विधायक अजय चंद्राकर के प्रयासों से कुरूद को मिली 1.50 करोड़ की सौगात

कुरूद/नवप्रदेश। विधानसभा क्षेत्र में बुनियादी ढांचे और पशु चिकित्सा सेवाओं के विस्तार की दिशा में एक और बड़ा कदम उठाते हुए क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक अजय चंद्राकर के विशेष प्रयासों से कुल ?1.50 करोड़ के विकास कार्यों को प्रशासकीय स्वीकृति मिल गई है। इस स्वीकृति से क्षेत्र के पशुपालकों और किसानों में भारी उत्साह है।

59.41 लाख की लागत से आधुनिक सुविधाओं वाला मुख्य चिकित्सालय भवन बनेगा। 39.65 लाख की लागत से परिसर में चिकित्सकों एवं कर्मियों के लिए आवास तैयार किए जाएंगे, जिससे 24 घंटे आपातकालीन सेवाएं सुनिश्चित हो सकें। सीसी रोड निर्माणः 50.94 लाख की लागत से मुख्य मार्ग से लेकर पशु चिकित्सालय परिसर तक पक्की व सुगम सीसी सड़क का निर्माण होगा।

खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा होटलों में जांच

सारंगढ़ बिलाईगढ़/नवप्रदेश। राज्य में आम नागरिकों को सुरक्षित, गुणवत्तापूर्ण एवं मानक खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने तथा आगामी रक्षाबंधन पर्व को दृष्टिगत रखते हुए,

खाद्य पदार्थों में मिलावट,मिथ्या छाप भ्रामक प्रस्तुतिकरण, असुरक्षित खाद्य पदार्थ एवं प्रतिबंधित एनालॉग डेयरी उत्पादों के निर्माण,वितरण, एवं विक्रय पर प्रभावी नियंत्रण हेतु खाद्य एवं औषधि प्रशासन छत्तीसगढ़ के खाद्य सुरक्षा इकाई के द्वारा अपने कार्यक्षेत्र में 17 अगस्त से 7 दिवसीय ' बने खाबो बने रहिबो -2.0' सघन खाद्य सुरक्षा प्रवर्तन एवं जन जागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है। इस अभियान के प्रमुख उद्देश्यों में रक्षाबंधन पर्व के दौरान मिलावटी, अमानक, मिथ्या छाप एवं असुरक्षित मिठाइयों के निर्माण एवं विक्रय पर प्रभावी नियंत्रण, प्रतिबंधित अथवा ग़ैर दुग्ध किंतु दुग्ध उत्पाद सदृश खाद्य पदार्थों की पहचान एवं उन पर नियमानुसार कार्यवाही करना, दूध से बने मिठाइयाँ के नाम से विक्रय की जा रही ऐसे मिठाइयाँ की पहचान, जिनमें दूध के स्थान पर वनस्पति तेल या वनस्पति वसा अथवा अन्य ग़ैर दुग्ध पदार्थों का उपयोग किया गया हो तथा जिनका प्रदर्शन वास्तविक दुग्ध मिठाई के रूप में किया जा रहा हो, उन पर कार्यवाही करना, बाजारों में स्थित थोक विक्रेताओं से ग्रामीण एवं छोटे बाजारों तक होने वाली संदिग्ध मिठाइयाँ के सप्लाई की जाँच करना व होटल रेस्टोरेंट प्रतिष्ठान में दूध पनीर आदि के नाम पर प्रयुक्त सामग्री की जांच साथ ही साथ प्रसार प्रचार गतिविधियों तथा मीडिया के माध्यम से खाद्य कारोबारियों आम जनता को जागरूक करना इसका प्रमुख उद्देश्य है।

गैंगरेल में जुटे 200 से अधिक स्टार्टअप फाउंडर्स और उद्यमी

धमतरी/ नवप्रदेश । छत्तीसगढ़ में स्टार्टअप और उद्यमिता के वातावरण को सशक्त बनाने तथा युवाओं और उद्यमियों को नए अवसरों से जोड़ने की दिशा में आज धमतरी के सुरम्य गैंगरेल जलाशय में ÷फाउंडर्स मानसून रिट्रीट-2026÷ का आयोजन किया गया। एस्केप एंगेज। एलीवेट की थीम पर आयोजित इस एक दिवसीय कार्यक्रम में 200 से अधिक स्टार्टअप संस्थापकों, उद्यमियों, मार्गदर्शकों और स्टार्टअप क्षेत्र से जुड़े प्रतिनिधियों ने सहभागिता की।

यह आयोजन जिला प्रशासन धमतरी के तत्वावधान में जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र धमतरी तथा वाणिज्य एवं उद्योग विभाग, छत्तीसगढ़ शासन द्वारा टीआईई रायपुर के सहयोग से आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य उद्यमियों को साझा मंच उपलब्ध कराना, अनुभवों और विचारों का आदान-प्रदान कराना, नवाचार को प्रोत्साहित करना तथा स्टार्टअप एवं व्यवसाय विस्तार की संभावनाओं से अवगत कराना रहा। कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा ने जिले में स्टार्टअप और उद्यमिता को बढ़ावा देने के प्रयासों की दी जानकारी कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा, आईएएस ने स्वागत उद्बोधन में कहा कि धमतरी में युवाओं की प्रतिभा, स्थानीय संसाधनों और नवाचार की क्षमता को उद्यमिता से जोड़ने के लिए जिला प्रशासन द्वारा निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिले में स्टार्टअप संस्कृति को केवल नए व्यवसाय शुरू करने तक सीमित न रखते हुए स्थानीय जरूरतों और संसाधनों पर आधारित नवाचार को बढ़ावा देने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि कृषि एवं कृषि आधारित प्रसंस्करण, पर्यटन, जल आधारित गतिविधियों, स्थानीय उत्पादों, खाद्य प्रसंस्करण, डिजिटल तकनीक तथा सेवा क्षेत्र में युवाओं के लिए नए उद्यम विकसित करने की पर्याप्त संभावनाएं हैं। जिला प्रशासन इन संभावनाओं को पहचानकर युवाओं को मार्गदर्शन, प्रशिक्षण, विशेषज्ञों से संवाद, संस्थागत सहयोग और बाजार से जुड़ने के अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में कार्य कर रहा है।

सदर बाजार में रोज जाम, सड़क पर टकराते वाहन और बढ़ता विवाद आखिर कब होगा समाधान

धमतरी / नवप्रदेश। स्वतंत्रता दिवस पर जहाँ पूरा शहर राष्ट्रभक्ति के उत्सव में सराबोर था, वहीं शहर के हृदयस्थल सदर बाजार में दोपहर के वक्त वाहनों की बेकाबू भीड़ के बीच सड़क पर ही दो पक्षों में विवाद छिड़ गया। स्वतंत्रता दिवस की दोपहर करीब दो बजे बांकेबिहारी मंदिर के पास एक मालवाहक ऑटो और कार के बीच आगे निकलने की होड़ में टक्कर हो गई, जिससे कार क्षतिग्रस्त हो गई और दोनों पक्ष आपस में भिड़ गए। यद्यपि मौके

पर मौजूद लोगों ने बीच-बचाव कर मामले को शांत कराया, लेकिन इस घटना ने सदर बाजार की वर्षों पुरानी और गहराती यातायात समस्या को एक बार फिर सतह पर ला दिया है।

?सदर बाजार के स्थानीय निवासियों और व्यापारियों का कहना है कि यह किसी एक खास दिन की कहानी नहीं, बल्कि रोजाना का दंश बन चुका है। शहर की सबसे पुरानी और सबसे व्यस्त सड़कों में शुमार इस मार्ग पर समय के साथ वाहनों की संख्या तो कई गुना बढ़ गई, लेकिन सड़क की चौड़ाई जस की तस बनी हुई है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व प्रधान संपादक यशवंत धोटे द्वारा मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि.शेड नं.74 सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर रजबंधा मैदान प्रेस काम्पलेक्स रायपुर से प्रकाशित, समाचार संपादक-संदीप दीवान, RNI NO.CHHHIN/2012/41806 फोन: 0771-3526755, 6262188999